रांची, शनिवार | 15 फरवरी 2025 | वर्ष-26, अंक- 16, पृष्ठ-12 | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर






## पूर्व मंत्री बंधु तिर्की का बयान होगा दर्ज, कोर्ट ने बुलाया सशरीर



**रांची।** आचार संहिता उल्लंघन के 6 साल पुराने एक मामले में आरोपी पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को एमपी/एलएलए कोर्ट ने सशरीर बुलाया है। इसके लिए अदालत ने 17 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। मामले में बंधु तिर्की का बयान दर्ज किया जाना है। सिल्ली विधानसभा के उप चुनाव के दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने अनगड़ा थाना क्षेत्र में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ी कहा था। उसी रैली में सुदेश कुमार महतो को नाभि में तीर मारने को लेकर संबोधित किया था। इस तरह के संबोधन को लेकर राहे के तत्कालीन सीओ छवि बाला बाड़ा ने अनगड़ा थाना में 7 जून 2018 को बंधु तिर्की के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### दुमका उत्पाद विभाग के अधिकारियों पर भड़के मंत्री योगेंद्र प्रसाद

# एक्साइज कमिश्नर व असिस्टेंट को शो-कॉज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/दुमका।** पेयजल स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद शुक्रवार को दुमका पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने दुमका, देवघर और जामताड़ा के विभागीय अधिकारियों के साथ उपराजधानी में ही बैठक की। समीक्षा के दौरान दोनों विभागों के कार्यों से मंत्री असंतुष्ट दिखे। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शो-कॉज किया है। साथ ही बाकी के पदाधिकारियों को बेहतर ढंग से कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया।



### उत्पाद विभाग के रवैये से मंत्री बिफरे

झारखंड सरकार के उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद दुमका उत्पाद विभाग के अधिकारियों के रवैये से काफी नाराज दिखे। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों को बेहतर ढंग से निष्पादित करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से राजस्व का काफी नुकसान हुआ है। इस पर तत्काल एक्शन लेने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि दुमका के एक्साइज असिस्टेंट और कमिश्नर सभी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं या सोये रहते हैं। हालत यह है कि उत्पाद विभाग का काम भी पुलिस कर रही है। पुलिस ही अवैध शराब जब्त कर रही है और छापेमारी कर रही है। एक्साइज अधिकारियों को शो-कॉज किया गया है।

मीडिया से बातचीत में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि एनओसी नहीं मिलने के कारण दुमका के सरैयाहाट और शिकारीपाड़ा प्रखंड में अब तक गंगा का पानी नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने बताया कि इसमें वन विभाग, पथ निर्माण विभाग और एनएचएआई डिपार्टमेंट की एनओसी चाहिए। फिलहाल दो विभागों की एनओसी प्राप्त हो गई है, सिर्फ वन विभाग में कुछ मामला फंसा हुआ है। उसका क्लीयरेंस मिलते ही गंगा का पानी लोगों को उपलब्ध होगा। इसके साथ उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि गर्मी शुरू होने के पहले यह सुनिश्चित करें कि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो।

### अधिकारियों की लापरवाही से काम में सुस्ती

मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पेयजल विभाग की कई ऐसी योजनाएं हैं जिसका काम अब तक पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन विभागीय सुस्ती की वजह से योजनाओं का काम अधूरा है। लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों को भी शो-कॉज किया गया है।

## महाकुंभ में पुण्य स्नान मेरे जीवन का अद्भुत क्षण रहा : संजय सेठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रयागराज, महाकुंभ में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने परिजनों के साथ पुण्य स्नान किया। मौके पर श्री सेठ ने कहा कि महाकुंभ में पुण्य स्नान मेरे जीवन का अद्भुत आध्यात्मिक क्षण रहा। सनातन परम्परा को नमन कर, राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि व विश्व कल्याण की कामना किया।

## कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री से मिल मांग पत्र सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एमएसडीपी योजना के तहत मेरिट कम मींस स्कॉलरशिप, प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप की योजना शुरू करने की मांग की। साथ ही प्रतिनिधिंडल ने वित्त मंत्री को 22 सूत्री मांग पत्र भी सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री से कहा कि अल्पसंख्यक समाज महागठबंधन को एकमुश्त होकर वोट देता है, मगर उनकी योजनाएं नहीं चल रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पिछले वर्ष के बजट 352 करोड़ को बढ़ाकर 500 करोड़ किया जाए। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का बजट 200 करोड़ करें। प्रमंडल स्तर पर अल्पसंख्यक आवासीय प्लस टू विद्यालय बनाया जाए। अल्पसंख्यक विद्यालय एवं मदरसा में स्मार्ट क्लास, रांची में अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए 200



बेड का छात्रावास का निर्माण करें। बुनकरो के लिए बजट बढ़ाया जाए। अबुआ आवास में मुसलमानों और बुनकरों का कोटा निर्धारित हो। झारखंड में मौलाना आजाद अरबी-फारसी यूनिवर्सिटी चालू की जाए। अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं और बच्चियों के लिए फातिमा शेख प्रोत्साहन अभियान शुरू करें। वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वे सीएम से इस मामले में बात कर जल्द ही योजनाओं को शुरू कराने की कोशिश करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में मंजूर अहमद अंसारी, खुर्शीद हसन रूमी, फिरोज अंसारी और शरीफ अंसारी शामिल थे।

## पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण की है जरूरत: राजेश

**रांची।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, रांची मंडल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को संरक्षण क्षमता महोत्सव (सक्षम-2025) का मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप ने उद्घाटन किया। महोत्सव का विषय- हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा अपनाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं है। विधायक राजेश कच्छप ने तेल और गैस को बचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने लोगों से विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने के लिए पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण की अपील की। कहा, तेल की बचत कर हम इसे अधिक समय तक उपयोग में ला सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यस्तरीय समन्वयक पंकज कुमार ने की। समारोह में गेल इंडिया लिमिटेड के प्रशांत सिंह, भारत पेट्रोलियम के संजय तिग्गा, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के विवेक दूबे सहित सभी तेल कंपनियों के अधिकारी, रिटेल आउटलेट डीलर और एलपीजी डिस्टीब्यूटर्स शामिल हुए।

## जुर्माना जमा करने पर निगम ने खोली दो प्रतिष्ठानों की सील

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम की ओर से निगम क्षेत्र में लगातार होल्डिंग और ट्रेड लाइसेंस की जांच करते हुए विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में 10 फरवरी को निगम के निर्देशों की अवहेलना करने पर रोशपा टावर स्थित दो प्रतिष्ठानों (वन स्टॉकप सर्विस एवं पीओजे फर्निचर) को सील किया गया था। इसके बाद शुक्रवार को पीओजे फर्निचर की ओर से 25,000 रुपए जुर्माना के साथ-साथ नए ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन दिया गया है। इसके बाद निगम की टीम ने प्रतिष्ठान पर की गई सील को खोल दिया। इस संबंध में नगर निगम के प्रशासक ने रांची के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सभी नागरिक अपने भवन के होल्डिंग टैक्स (घृतिकर) का भुगतान समय पर



करें। उन्होंने कहा है कि यदि रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं तो त्वरित री-असेसमेंट करवाते हुए लोग कमर्शियल होल्डिंग लेना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा है कि सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लेना जरूरी है। यदि अपने भवन परिसर में किसी नई संरचना का निर्माण किया गया है, तो उसके क्षेत्रफल का पुनर्मूल्यांकन करवाना भी जरूरी है।

## कांग्रेस के प्रति बढ़ रहा लोगों का रूझान : केशव महतो कमलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत सभी जिला अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों, प्रखंड और जिला पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को चांडिल डैम गेस्ट हाउस सभागार में एक मार्च को कोल्हान प्रमंडल में होने वाले कांग्रेस समागम की तैयारी को लेकर की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विशिष्टि अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद युवा, किसान और महिलाओं, का विश्वास कांग्रेस के प्रति और गहरा हुआ। यही कारण है कि लोगों का रूझान कांग्रेस में बढ़ रहा है और लोग कांग्रेस की सदस्यता लेने के लिए



उत्सुक दिख रहे हैं। एक मार्च को आहुत कोल्हान प्रमंडल कांग्रेस समागम इसी का उदाहरण है।

इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सचिव सह सांसद सत्पगिरी शंकर उलका, सचिव डॉ सिरिबेला प्रसाद , मंत्री और विधायक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि यह मेरा निर्वाचन क्षेत्र रहा है और आप लोगों का जो प्यार हमें मिला उस प्यार का कोई मूल्य नहीं है। कांग्रेस समागम यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास है।

बैठक में जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास, धमेन्द्र सोनकार, देबू चटर्जी, संजीव श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, छोटे राय किस्कू, राणा सिंह, एलबी सिंह, शिवकुमार गोराई, राजीव चौधरी, उपेन्द्र गिरि, परमिन्दर मिश्रा, दुर्याधन गोप, त्रिशानु राय सहित अन्य शामिल हुए।

## हिंदपीढ़ी की दो बहनों को भगाने के आरोपी युवकों को मिली जमानत

**रांची।** बीते दिनों राजधानी के हिंदपीढ़ी की 2 युवतियों को भगाने के आरोप में कर्नाटक से गिरफ्तार इस्माइल, जुनैद, काशिद और इमरान को रांची सिविल कोर्ट से जमानत मिल गई है। प्रधान न्यायायुक्त की अदालत ने 20 हजार रुपये के निजी मुचलके पर चारों आरोपियों को जमानत दी। प्रॉसिक्यूशन पक्ष की दलीलों को दरकिनार करते हुए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।

**राज्य सरकार के मंत्री भी पहुंचे थे दोनों बहनों के घर :** दरअसल रांची पुलिस ने हिंदपीढ़ी से लापता लड़कियों को कर्नाटक से बरामद किया था। इसके बाद चारों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई अहम खुलासे किए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आधार कार्ड में एआई की मदद से छेड़छाड़ करके किराए पर घर लिया गया था। युवतियों ने पहचान छुपाने के लिए अपने पिता के नाम में बदलाव कर दिया था। इस मामले में हिंदपीढ़ी थाना में केस दर्ज किया गया था। युवतियों के गायब होने के बाद मामला सुर्खियों में रहा था। राज्य सरकार के एक मंत्री भी युवतियों के घर पहुंचे थे।

## पूजा सिंघल की पोस्टिंग नहीं करने के ईडी के आवेदन पर सुनवाई आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा घोटाले से प्राप्त अवैध कमाई की राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहीं आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के निलंबन वापस के बाद ईडी ने उनकी पोस्टिंग कहीं नहीं करने को लेकर पीएमएलए कोर्ट में आवेदन दिया है। ईडी की ओर से दिए गए आवेदन पर पूजा सिंघल के वकील ने जवाब दाखिल कर दिया है। मामले में ईडी के वकील अदालत में शनिवार को पक्ष रखेंगे। ईडी ने अपने आवेदन में कहा कि पूजा सिंघल आपराधिक मुकदमा का सामना कर रहीं हैं। ऐसे में निलंबन मुक्त के बाद उनकी पोस्टिंग की जाती है तो सुनवाई प्रभावित हो सकती है। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला भी दिया है। मालूम हो



कि पूजा सिंघल को नए कानून बीएनएसएस के तहत बीते 7 दिसंबर को पीएमएलए कोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की थी। जेल से निकलने के बाद राज्य सरकार ने ढाई साल से अधिक समय से निलंबित चल रहीं पूजा सिंघल का निलंबन वापस ले ली। इसके बाद उन्होंने कार्मिक विभाग में योगदान दिया है।

## छेड़छाड़ के आरोप में प्राचार्य निलंबित शिक्षिका का तबादला

**रांची।** रांची के राजकीय मध्य विद्यालय बीएमपी डोरंडा के प्राचार्य शेखर कुमार झा पर एक छात्रा द्वारा छेड़छाड़ का आरोप लगाए जाने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। 7वीं कक्षा की एक छात्रा ने प्राचार्य के खिलाफ दुर्व्यवहार और छेड़छाड़ की लिखित शिकायत रांची उपायुक्त और जिला शिक्षा विभाग में की थी। जांच के बाद तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी बेड़ो कार्यालय होगा। वहीं, स्कूल की एक शिक्षिका सुषमा कुमारी ओझा का भी तबादला कर दिया गया है। विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, जांच समिति ने पाया कि उक्त स्कूल में शिक्षकों के बीच आपसी तालमेल का अभाव है। स्कूल में निम्न स्तर की राजनीति चल रही है।

## शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी : सीपी सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि विद्यालय को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ-साथ बेहतर संस्कार देने की जरूरत है। सिंह शुक्रवार को कांके रोड स्थित ज्ञानोदय उच्च विद्यालय के वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यालय पिछले 55 वर्षों से इस क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रहा है।

सिंह ने विद्यालय के आधारभूत संरचना का उल्लेख करते हुए कहा कि सीमित संसाधन में भी विद्यालय निरंतर विकास के पद पर अग्रसर है। इस मौके पर उन्होंने विद्यालय विकास कोष से नवनिर्मित दो कमरों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग संस्कृति




कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर विद्यालय के सचिव डॉ भीम प्रभाकर ने पिछले एक वर्ष के वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रचार्य वासुदेव महतो समिति के सदस्य नीरज पांडेय, नलनी रंजन मिश्रा, अनिल सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक दीप्तेनदु, पांडेय पारसनाथ सिंह, अशोक प्रसाद सिंह, रामलगन राम सहित अन्य मौजूद थे।

## आरपीएफ की नन्हें फरिश्ते की टीम ने रांची स्टेशन से नाबालिग को बरामद की

**रांची।** आरपीएफ की नन्हें फरिश्ते की टीम ने शुक्रवार को नाबालिग लड़की का रेस्क्यू रांची स्टेशन से किया। मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार को कुंडा थाना देवघर से सूचना मिली कि एक नाबालिग लापता है, जिसका लोकेशन रांची रेलवे स्टेशन दिख रहा है। इसके बाद आरपीएफ पोस्ट रांची के निरीक्षक शिशुपाल, निरीक्षक एस पन्ना के नेतृत्व में स्टेशन में जांच हुई। जांच के दौरान दोपहर एक बजे लड़की मेन गेट के पास मिली। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि वह अपने पिता से नाराज होकर घर छोड़कर निकल गई थी। औपचारिकता पूरी करने के बाद चाइल्डलाइन को उचित दस्तावेजी प्रक्रिया के बाद सौंप दिया गया, जिसे बाद में उनके परिजनों को दे दिया गया।

## रिंग रोड में बस दुर्घटना ग्रस्त, चालक घायल

**रांची।** राजधानी के मेसरा ओपी क्षेत्र के रिंग रोड स्थित रूदिया में शुक्रवार की दोपहर सवारी बस और एक अन्य वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बस में मौजूद यात्रियों को ज्यादा चोट नहीं आई है. हालांकि बस चालक को हल्की चोट आई है. वहीं यात्री बस का आगे का हिस्सा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# अपहृत कारोबारी धनबाद से बरामद

### घायल अवस्था में आरपीएफ को स्टेशन पर मिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के होटल व्यवसायी और विश्व हिंदू परिषद के नेता लाल रणविजय नाथ सहदेव को धनबाद आरपीएफ की टीम ने स्टेशन से बरामद किया है। व्यवसायी रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र उरगुट्टू के रहने वाले हैं। परिजनों का कहना है कि गुरुवार शाम चार बजे व्यवसायी का अपहरण हुआ था। जिसको लेकर ठाकुरगांव थाना में मामला भी दर्ज कराया गया है। जिले के बलियापुर प्रखंड के सीओ प्रवीण कुमार सूचना पर हाल चाल लेने के लिए अस्पताल पहुंचे।

बलियापुर अंचल सीओ प्रवीण



कुमार ने बताया कि वह होटल व्यवसायी है। आरपीएफ ने बताया कि वह रेलवे स्टेशन पर बचाओ बचाओ की आवाज लगाते हुए दौड़ रहे थे। जिसके बाद आरपीएफ ने उन्हें पकड़कर अस्पताल में भर्ती किया है। सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि व्यवसायी का अपहरण कर किसी पहाड़ के ऊपर रखा गया था। उसके पास जो पैसे और सोने की अंगूठी थी, वह छीन ली गई है। हाथों में अभी भी रस्सी लगी हुई है। भाग ना पाए इसलिए उनके पैरों को जलाने की कोशिश की गई।

वहीं व्यवसायी के भाई अजय नाथ सहदेव ने बताया कि गुरुवार को सांई मंदिर में पूजा करने गए थे। पूजा करके घर लौटे, उसके बाद वह फिर होटल के कुछ सामान लाने के लिए निकल गए थे। एक ब्लू कलर की अपाची बाइक पर बैठकर वह पिठोरिया आए। पिठोरिया से ऑटो करके रामपुर के लिए निकल गए। उसके बाद इनका कहीं पता नहीं चला। उन्होंने कहा कि गुरुवार शाम से वह लापता थे।

### सुषमा स्वराज को जयंती पर भाजपा कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि, बोले कर्मवीर सिंह

## नारी शक्ति की प्रतीक थीं सुषमा स्वराज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की जयंती पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने सुषमा स्वराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको याद करते हुए कहा की सुषमा स्वराज का नाम सामने आते ही एक सादगी और सौम्यता की प्रतिमूर्ति उभर आती है। सुषमा जी बड़ी आसानी से अपने वाक्-चातुर्य के बल पर विरोधियों को परास्त करने के लिए जानी जाती थीं। अपनी क्षमता और मेधा के आधार पर नारीशक्ति किस प्रकार राजनीति में अपना लोहा मनवा सकती है, इसका एक सफल उदाहरण सुषमा स्वराज हैं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में विकास प्रीतम, हेमंत दास,अशोक बड़ाईक, पंकज सिन्हा, मनोज दूबे, सीमा सिंह ,बबीता वर्मा, संजय जायसवाल, योगेंद्र लाल, सहित कई उपस्थित थे।

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, शनिवार
15 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 16, पृष्ठ-12




रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 27.0° | अधिक. 26.2° |
| न्यून. 13.8° | न्यून. 10.5° |

₹80200 10 ग्राम

₹99000 01 किलो

| संसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 75,939.21 | 86.654 |
| -199.76 | -0.037 |

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचीं

# आज बीआईटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली समारोह में लेंगी भाग

- कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति रिसर्च एग्जिबीशन कम डिस्प्ले का उद्घाटन भी करेंगी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार की शाम रांची पहुंचीं। दो दिवसीय दौरे पर राजधानी आईं राष्ट्रपति का स्वागत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सहित कई लोगों ने किया। इसके बाद राष्ट्रपति कड़ी सुरक्षा के बीच रांची स्थित राजभवन चली गईं, जहां वे शुक्रवार को रात्रि विश्राम करेंगी। राजभवन में उनका कई गण्यमान्य लोगों और राजभवन के कर्मियों से औपचारिक मुलाकात का कार्यक्रम है। ज्ञात हो कि झारखंड के राज्यपाल के रूप में वे छह साल तक इसी राजभवन में रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार (15 फरवरी) को दिन में 11:00 बजे रांची के मेसरा स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) के प्लैटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी।

वह संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित रिसर्च एग्जिबीशन कम डिस्प्ले का उद्घाटन भी करेंगी। समारोह में हिस्सा लेने के बाद राष्ट्रपति सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगी। इधर, राष्ट्रपति के रांची प्रवास को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।



### जोहार! झारखंड की पावन धरती पर स्वागत एवं अभिनंदन : राज्यपाल

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची आगमन पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'जोहार! माननीय राष्ट्रपति महोदया, झारखंड की पावन धरती पर आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन।' राज्यपाल ने राष्ट्रपति के राजभवन पहुंचने के बाद एक अन्य पोस्ट में लिखा, 'राजभवन में आपका हार्दिक स्वागत है। आपके आगमन से समस्त राजभवन परिवार में हर्ष का वातावरण है।' राष्ट्रपति भवन के ऑफिशियल 'एक्स' हैंडल पर भी रांची पहुंचने के बाद उनके औपचारिक स्वागत की तस्वीर साझा की गई

### भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती पर स्वागत : कृषि मंत्री

राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अगवानी करने वाली कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, 'राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती पर स्वागत है। सहृदय जोहार।' सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भी राष्ट्रपति के झारखंड आगमन पर उनका अभिनंदन किया।

## एक नजर

### केंद्र व किसानों के बीच अगली बैठक 22 को

**चंडीगढ़।** पंजाब के खनौरी व शंभू बार्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों व केंद्र सरकार के बीच शुक्रवार की रात चंडीगढ़ में पांचवे दौर की बैठक में कोई सहमति तो नहीं बनी, लेकिन 22 फरवरी को कृषि मंत्री शिवराज चौहान की अध्यक्षता में बैठक के लिए सहमति बन गई है। छठे दौर की बैठक के लिए किसान संगठन सहमत हो गए हैं। बैठक के बावजूद डल्लेवाल ने आमरण अनशन जारी रखने, पंधेर गुट ने 25 को दिल्ली कूच का फैसला कायम रखने का ऐलान किया।

### राजस्थान हाईकोर्ट को मिले एक और न्यायाधीश

**जयपुर।** न्यायाधीशों की कमी झेल रहे राजस्थान हाईकोर्ट को एक नए न्यायाधीश मिल गए हैं। राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को वारंट जारी कर वकील कोटा से मनीष शर्मा को हाईकोर्ट जज नियुक्त किया है। इसके बाद केंद्र सरकार ने भी उनकी नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

### अफगानिस्तान में आया 4.2 तीव्रता का भूकंप

**काबुल।** अफगानिस्तान में शुक्रवार की शाम को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.2 मापी गई। विशेषज्ञों के अनुसार, यह भूकंप 125 किमी की गहराई में उत्पन्न हुआ, जिससे सतह पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में बोले वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर

# किसान क्रेडिट कार्ड पर सात फीसदी ब्याज दर चिंताजनक

**बैंकर्स समिति** के जीएम ने कहा, ऋण-जमा अनुपात में हो रही बढ़ोतरी | **आरबीआई** के क्षेत्रीय निदेशक ने एनपीए की बढ़ती राशि पर जताई चिंता

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शुक्रवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में बैंकों को राज्य में केंद्रीय और राज्य स्तरीय कार्यक्रमों के तहत चल रहे कार्य के प्रदर्शन में सुधार लाने की सलाह दी। प्रोजेक्ट भवन स्थित झारखंड मंत्रालय के सभागार में आयोजित बैंकर्स समिति की 90वीं बैठक को संबोधित करते हुए राधाकृष्ण किशोर ने बैंक द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) धारकों से ली जाने वाली ब्याज दर पर भी चिंता जताई। वित्त मंत्री किशोर ने कहा कि वर्तमान में ब्याज दर सात फीसदी है, जो किसान क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए एक चुनौती है। वहीं, मंत्रियों को दिए जाने वाले वाहन ऋण की ब्याज दर 4 फीसदी है। उन्होंने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक को राज्य में चल रहे केंद्रीय और राज्य स्तरीय कार्यक्रमों के तहत प्रदर्शन में सुधार लाना चाहिए।




बैठक में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के जीएम मनोज कुमार ने कार्यक्रम में कहा कि झारखंड के ऋण-जमा अनुपात में बढ़ोतरी देखी जा रही है। दिसंबर तिमाही तक राज्य का ऋण-जमा अनुपात 51.13 फीसदी पर रहा, जो पिछले साल की तुलना में 10.50 फीसदी की बढ़ोतरी को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर केसीसी ऋण में त्वरित भुगतान करें, तो उन्हें शून्य फीसदी ब्याज पर यह ऋण उपलब्ध हो सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने कहा कि बैंकों ने कम समय में ऋण-जमा अनुपात बढ़ाया है और ऋण की गुणवत्ता को भी बनाए रखा है। उन्होंने एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट) की बढ़ती राशि पर चिंता जताते हुए कहा कि राज्य सरकार को एलपीसी की सीमा एक लाख से बढ़ाकर दो लाख रुपए करना चाहिए। उन्होंने तसर उत्पाद की चर्चा की और बैंकों द्वारा स्वच्छ मुद्रा शिविरों के आयोजन की भी सराहना की।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं का बना महारिकॉर्ड

# डुबकी लगाने वालों की संख्या 50 करोड़ के पार



- धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम हुई

महाकुंभ नगर (आईएएनएस)

तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर 13 जनवरी से जारी दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम 'महाकुंभ 2025' अब इतिहास रच चुका है। 14 फरवरी 2025 तक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 50 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। इस विराट समागम का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले लोगों की संख्या से अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है। यूएस सेंसस ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार, पूरी दुनिया के 200 से अधिक राष्ट्रों में जनसंख्या के दृष्टिकोण से टॉप 10 देशों में क्रमशः भारत (1,41,93,16,933), चीन (1,40,71,81,209)

शेष पेज 09 पर

# शादी का वादा तोड़ा, तो युवती ने वैलेंटाइन डे के दिन दी जान

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** वैलेंटाइन डे के दिन कोडरमा से एक दर्दनाक घटना सामने आई। डोमचांच थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव की रहने वाली 18 वर्षीया रूबी कुमारी ने कुएं में कूदकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार, प्रेमी ने शादी से इनकार कर दिया था, इसलिए उसने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 11वीं कक्षा की छात्रा रूबी डोमचांच में अपने ननिहाल में रहती थी। रूबी के घर वालों ने पुलिस को बताया कि उसका गांव के ही एक युवक सूरज कुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा था।



- कोडरमा की घटना, प्रेमी ने विवाह से किया इनकार प्रेमिका कुएं में कूद गई

शेष पेज 09 पर

## जैन मुनि 108 प्रांजल सागर पहुंचे जन्मभूमि झुमरीतिलैया

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया में जन्मे अखिलेश भैया 14 वर्षों बाद जैन मुनि 108 प्रांजल सागर जी महाराज बनकर अपने दीक्षा गुरु आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी महामुनिराज के साथ संघ सहित झुमरीतिलैया पहुंचे। जैन समाज के सैकड़ों पुरुष, बच्चे, महिलाएं के साथ युवा श्वेत ओर केशरिया पारंपरिक परिधान में गुरुदेव की अगवानी की। विभिन्न चौराहे पर मोदी समाज, बंगाली समाज, माहुरी समाज, पंजाबी समाज, अग्रवाल समाज ने गुरुदेव के चरण पखारे और आरती की।

# ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को जीवंत बनाया : मोदी

वाशिंगटन (हि.स.)

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के संबंधों को अपने नेतृत्व में संजोने के साथ जीवंत बनाया है। उन्होंने कहा, जिस उत्साह से उनके पहले टर्म में हमने मिलकर काम किया, वही उमंग, वही उर्जा और वही प्रतिबद्धता मैंने आज भी महसूस की। आज की चर्चा के केंद्र में उनके पहले टर्म में हमारी उपलब्धियों का संतोष और गहरे आपसी विश्वास का सेतु था। साथ ही, नए लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प भी था। हम मानते हैं कि भारत और अमेरिका का साथ और सहयोग एक बेहतर विश्व को आकार दे सकता है।



### भारत-अमेरिका संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री

ये अंश संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में भारत-अमेरिका संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेस वक्तव्य से उद्धृत हैं। भारत सरकार के नई दिल्ली स्थित पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीबीआईबी) ने प्रधानमंत्री मोदी के इस प्रेस वक्तव्य को शुक्रवार की सुबह जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं सबसे पहले अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति ट्रंप का शानदार स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और अमेरिका के संबंधों को अपने नेतृत्व से संजोया और उन्हें जीवंत बनाया है। अमेरिका के लोग राष्ट्रपति ट्रंप के मोटो, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन, यानी 'मागा' से परिचित हैं। भारत के लोग भी विरासत और विकास की पटरी पर विकसित भारत 2047 के दृढ़ संकल्प को लेकर तेज गति शक्ति से विकास की ओर अग्रसर हैं। अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब मेक इंडिया ग्रेट अगेन, यानी 'मीगा' है।

शेष पेज 09 पर

## इंडिया

# संस्कृति की डोर से टूटती भेदभाव की राजनीति



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत के गांव स्वपोषित और आत्मनिर्भर संरचना से जुड़े थे जहां सामान बेचने या खरीदने के लिए मुद्रा तक की जरूरत नहीं थी। कुछ वस्तुएं पास के बाजार से भी आ जाती थीं जिस कारण जातीय या वर्ग विभेद नहीं था। लगभग दो हजार वर्षों की गुलामी में इस संरचना के साथ सहअस्तित्व के उस ताने बाने को शातिर अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो के फॉर्मूले से तोड़ा और आपसी वैमनस्य का विष घोल गए जिसे वर्तमान राजनीति हवा देकर अपना वोट बैंक बढ़ाती है जबकि एक समान रीति रिवाज और संस्कार के अदृश्य बंधन पूरे भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर भारतीयों को धीरे धीरे पास ला रहे हैं।विभाजनकारी परिभाषाएं देना एवं भेदभाव बनाना पूरी दुनिया में औपनिवेशिक शासन की प्रशासकीय तकनीकी रही है। इसी से 'डिवाइड एंड रूल' का उनका लक्ष्य पूरा होता रहा है। दुनिया भर में आजादी के बाद किसी भी राजनीतिक प्रणाली का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य होता है कि धीरे-धीरे ऐसी हरेक राजनीतिक स्मृतियों एवं विभाजनकारी परिभाषाओं को ध्वस्त कर एक समाहारी एवं समरस राष्ट्र निर्मित करें। उत्तर-दक्षिण, आर्य-अनार्य और आर्य-द्रविड़ के अनेक विभाजनकारी संबंध, परिभाषाएं एवं नाम के संबंध औपनिवेशिक अध्ययनों एवं एंथ्रोपोलॉजिकल विमर्शों के माध्यम से स्थापित होते रहे हैं। औपनिवेशिक विचार हमारे कुछ देशी विचारकों को भी प्रभावित करते रहे हैं। वहीं कुछ भारतीय चिंतकों ने उत्तर-दक्षिण, आर्य-अनार्य एवं आर्य-द्रविड़ के विभाजनकारी दायरों को तोड़ते हुए अनेक औपनिवेशिक मिथकों को ध्वस्त किया है। हिंदी के महत्वपूर्ण चिंतक रामविलास शर्मा, पुरातत्वविद वसंत शिंदे एवं भगवान सिंह के अध्ययनों ने ऐसे अनेक विभाजनकारी औपनिवेशिक मिथकों को तोड़ा है। औपनिवेशिक विभाजनों को तोड़ने को एक महत्वपूर्ण लक्ष्य के रूप में उत्तर-दक्षिण, आर्य-द्रविड़ इत्यादि जैसे विभाजनों को तोड़ने के लिए उन्होंने दो वर्ष पूर्व 'काशी-तमिल संगमम' की अवधारणा विकसित की, जिसमें काशी और तमिलनाडु, उत्तर भारत एवं तमिल संस्कृति के आपस में जुड़े अनेक धागों, स्मृतियों एवं जीवंत संबंधों को नए संदर्भ में पुनः आविष्कृत कर उन्हें संवाद, सम्मिलन के माध्यम से जीवंत करने का एक अभियान प्रारंभ किया गया है। काशी-तमिल संगमम में तमिलनाडु एवं उत्तर भारत की कला, संस्कृति, ज्ञान और तकनीकी दक्षता का एक साथ समन्वय एवं संवाद काशी में आयोजित किया जाता है। इस बार 15 फरवरी को तीसरा काशी-तमिल संगमम प्रारंभ होने जा रहा है। यह आयोजन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के नेतृत्व में भारत सरकार के अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से आयोजित कराया जाता रहा है। इस वर्ष इस समवाय का केंद्रीय प्रतीक 'अगस्त्य मुनि' हैं।अगस्त्य ऋषि की स्मृति के इर्द-गिर्द इस बार काशी-तमिल संगमम की रूपरेखा विकसित की जा रही है और इसके माध्यम से भारत की एकता का संदेश देने की कोशिश भी हो रही है। यह विदित है कि अगस्त्य मुनि उत्तर एवं दक्षिण के मध्य संवाद एवं संचरण स्थापित करने वाले एक महत्वपूर्ण प्रतीक पुरुष रहे हैं। कहा जाता है कि उन्हें हिमालय से भगवान शंकर ने तमिलनाडु भेजा था। यह भी मान्यता है कि वे तमिलनाडु के वासी थे, उन्हें भगवान शंकर ने हिमालय बुलाया। उनका प्रतीक एक प्रकार से हिमालय एवं समुद्र, उत्तर एवं दक्षिण, उत्तर की भूमि एवं दक्षिण की भूमि के बीच संवाद का वृतांत भी है। यह भी माना जाता है कि दक्षिण एवं उत्तर के बीच की यात्रा की दुरूहता समाप्त करने के लिए उन्होंने विंध्याचल की उत्तुंगता को अपने अंगूठे से दबाकर कम कर दिया था, ताकि दोनों भौगोलिक क्षेत्रों में आवाजाही एवं संवाद बढ़ सके।अगस्त्य ऋषि को 300 ऋग्वैदिक मंत्रों का सृष्टा तो माना ही जाता है, वे ज्ञान, विज्ञान एवं तकनीकी के उत्कृष्ट ज्ञानी भी माने जाते हैं। काशी-तमिल संगमम ज्ञान, विज्ञान, संस्कृति और तकनीकी में संवाद का सम्मिलन है। अतः अगस्त्य ऋषि इस काशी-तमिल संगमम के प्रभावी प्रतीक हैं। वे सिद्ध चिकित्सा के जनक, ऋग्वेद के मंत्र सृष्टा, तमिल व्याकरण रचने वाले एवं कावेरी जैसे नदियों को पृथ्वी पर खोजने वाले ऋषि माने जाते हैं। उत्तर-दक्षिण एकता के संवाद प्रतीक के रूप में उन्हें इसलिए भी माना जाता है, क्योंकि हिमालय पर वास करने वाले भगवान शिव ने उन्हें तमिल भूमि पर तमिल व्याकरण को विकसित करने के लिए भेजा था, या वे तमिल भूमि में अवस्थित थे, उन्हें भगवान शिव ने हिमालय बुलाकर तमिल व्याकरण के विकास की प्रेरणा दी थी। इस प्रकार काशी-तमिल संगम के प्रतीक के रूप में इस वर्ष का 'काशी-तमिल संगमम' ऋषि अगस्त्य के समाहारी प्रतीक को समर्पित है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में काशी-तमिल संवाद के संदर्भ में इस प्रतीक की अनेक भूमिकाओं का जिक्र भी किया था।गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, प्रयागराज ने पिछले दिनों काशी-तमिल संगमम का उत्तर भारत एवं तमिलनाडु पर पड़े सामाजिक प्रभावों का एक अध्ययन भी किया था। इस अध्ययन से यह जाहिर हुआ है कि काशी-तमिल संगमम के आयोजन से उत्तर भारत एवं तमिलनाडु के बीच ज्ञान, तकनीकी दक्षता, कला एवं संस्कृति का संपर्क और संवाद बढ़ा है। तमिलनाडु से काशी आने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा तो हुआ ही है, तमिल पर्यटकों का काशी में सम्मान भी बढ़ा है। तमिल पर्यटकों में गर्व की अनुभूति भी विकसित हुई है। इससे भारत के इन दोनों भू-क्षेत्रों की जनता के मन का मिलन हुआ है। उत्तर भारत एवं तमिलनाडु के बीच अनेक प्रकार के शैक्षिक एवं शोधपरक संबंध भी विकसित हुए हैं। दोनों भागों के लोगों ने इन आयोजन के बाद एक-दूसरे को जाना और समझा भी है। तमिल जन में काशी आने की चाह में बहुत बढ़ोतरी हुई है, उत्तर भारत के लोगों में भी तमिलनाडु से जुड़ने की चाह बढ़ी है।काशी-तमिल संगमम एक प्रकार से शिक्षा, संस्कृति, शोध, स्मृति एवं सांस्कृतिक संवाद के माध्यम से राष्ट्र निर्माण, विकास एवं हृदय के मिलन को स्थापित करने का प्रयास है, जिसके सकारात्मक सामाजिक प्रभाव हमें प्रेरित करते हैं कि ऐसे आयोजन तमिलनाडु एवं भारत के अन्य क्षेत्रों में भी हों। शायद प्रधानमंत्री मोदी के इसी विजन के तहत सौराष्ट्र-तमिल संगमम भी प्रारंभ हुआ है। संभव है आने वाले दिनों में इस आयोजन से प्रेरणा पाकर भारत के विभिन्न भागों के बीच ज्ञान, कौशल एवं संस्कृति का संवाद केंद्रित समवाय आयोजित हो और हम 'एक भारत' रचने की दिशा में आगे बढ़ सकें। केंद्र सरकार की ओर से की गई काशी-तमिल संगमम जैसी पहलों को आगे बढ़ाने के लिए देश के विभिन्न राज्यों की सरकारों को भी इसमें रुचि दिखाने की जरूरत है।



## जीवनी लेखक सेठ अब्रामसन की चेतावनी

# एलन मस्क का दिमाग हो सकता है प्रभावित

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विश्व के सबसे धनी व्यक्ति एलन मस्क के जीवनी लेखक सेठ अब्रामसन ने इस बात की चेतावनी दी है कि एलन मस्क का दिमाग खराब हो सकता है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय से लॉ किए जीवनी लेखक सेठ अब्रामसन का अनुमान है कि मस्क शायद 'पागल हो रहे हैं' और यह सब उनके बढ़ते तनाव, मानसिक बीमारी के इतिहास और खुद को भारी मात्रा में नशीली दवाओं के सेवन के कारण हो सकता है।

अब्रामसन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मुझे लगता है कि एलन मस्क पागल हो रहे हैं। उन्होंने लिखा, मैं मस्क का जीवनी लेखक हूं, पिछले दो सालों से उनके ऑनलाइन व्यवहार पर नजर रख रहा हूं। और, यह देखते हुए कि उन्होंने मानसिक बीमारी, भारी मात्रा में नशीली दवाओं के सेवन और गंभीर तनाव की बात स्वीकार की है, अब यह डरना वाजिब है कि वह बहुत बीमार हैं। 48 वर्षीय अब्रामसन ने कहा कि मस्क की मानसिक स्थिति के दुनिया भर में परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने कहा- उनके निजी संघर्ष आम चिंता का विषय नहीं होंगे, सिवाय इसके कि उनके नाटकीय सार्वजनिक परिणाम हों। सभ्यता के लिए जरूरी कई उद्योगों में उनकी हिस्सेदारी और यह तथ्य कि वे आने वाले पोटस हैं, इसका मतलब है कि उनका पागलपन और हिंसा को बढ़ावा देने की बढ़ती प्रवृत्ति हम सभी के लिए खतरा है। जीवनीकार की 'सूचित चेतावनी', जैसा कि उन्होंने इसे वर्णित किया, मस्क द्वारा ब्रिटिश राजनीति के बारे

शेष पेज 09 पर



- यह सब उनके बढ़ते तनाव, मानसिक बीमारी के इतिहास और नशीली दवाओं के सेवन के कारण हो सकता है

### देशभक्ति की भावना वेलेंटाइन डे पर रहा हावी

# शहीदों के सम्मान में वेलेंटाइन डे नहीं मनाया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में युवाओं ने देश के प्रति अपनी देशभक्ति दिखाई। शुक्रवार को वेलेंटाइन डे पर जब राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रांची के कई हिस्सों में जाकर वेलेंटाइन के विषय में युवाओं से बात की तो कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। युवाओं ने इस बार वेलेंटाइन डे के प्रति रुझान नहीं दिखाया बल्कि देश के लिए शहीद हुए हजारीबाग के जवान कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी और पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों के प्रति समर्पित किया। राजधानी में हर वेलेंटाइन डे पर पार्क और अन्य जगहों पर काफी भीड़ देखने को मिलती थी लेकिन हर बार की तुलना में इस वर्ष भीड़ कम दिखी।

### पुलवामा अटैक में शहीद जवानों को याद कर आंखें हुई नम

राजधानी में कई युवाओं ने नाम ना बताने की शर्त पर कहा हम वेलेंटाइन डे और जवानों की शहादत में कोई तुलना नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा अपने-अपने अनुसार लोग इस दिन को इंजॉय करते हैं लेकिन हमारे लिए महत्वपूर्ण है देश के लिए शहीद हुए जवानों को याद करना और उनके परिवार के लिए दुआ करना। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की जिन्हें अपनी खुशी से वेलेंटाइन डे मनाना है वो मनाएं किसी पर देशप्रेम का दबाव नहीं बना सकते या यह भी नहीं कहा जा सकता है कि जो लोग वेलेंटाइन डे मना रहे उनके मन में देश प्रेम नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता देश प्रेम है। जरुरत पड़ने पर हर दिन शहीद कैप्टन करमजीत करमजीत सिंह बक्शी और पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों को समर्पित करेंगे।

## अभाविप ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर के कार्यकर्ताओं ने मेन रोड स्थित अल्बर्ट एक्का चौक पर पुलवामा में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर जिला संयोजक पवन नाग ने कहा कि पुलवामा में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में 14 फरवरी 2019 को हमारे सीआरपीएफ के 40 बहादुर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। राष्ट्र अपने वीर जवानों को याद करने और उनका सम्मान करने में एकजुट है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमन साहू ने कहा कि आतंकी हमले को विफल करने में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को देश हमेशा याद रखेगा। उनकी वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अभाविप श्रद्धा पूर्वक उन शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करती है। इस दौरान महानगर सह मंत्री सिद्धांत श्रीवास्तव, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के इकाई अध्यक्ष सतीश केसरी, महानगर कार्यालय मंत्री सौरभ यादव, कृष्णा प्रजापति, अनुराग, आदित्य,कवि, प्रियांशु सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुरु गोबिंद सिंह स्कूल में पुलवामा शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल में पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षक -शिक्षिकाओं ने काली पट्टी बांधकर पाकिस्तान की कायरतापूर्ण हमले का विरोध किया। राष्ट्रीय ध्वज, श्रद्धांजलि संदेश के साथ श्रृंखला बनाकर शहीदों को नमन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या शालिनी विजय ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को देश कभी नहीं भूल सकता। पुलवामा आतंकी हमले को भले ही 6 वर्ष बीत गए हों। लेकिन इसकी कसक और दर्द आज भी लोगों के जहन में ताजा है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल के 78 वाहनों का काफिला जम्मू-कश्मीर से श्रीनगर की ओर जा रहा था। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर नेशनल




हाईवे पर अवंतीपोरा के गोरीपोरा के पास एक कार काफिले में शामिल बसों के बिल्कुल किनारे से होकर गुजर रहा था। सैन्य जवान ने कार सवार को बार-बार काफिले से दूर रहने को कहा। सैनिक इससे पहले कि कुछ समझ पाते,कार ने काफिले में शामिल बस में टक्कर मार दी। इसके बाद तेज विस्फोट हुआ और हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे।

**प्राचार्या ने कहा कि देश हमेशा उन शहीदों का कृतज्ञ रहेगा**

प्राचार्या शालिनी विजय ने कहा कि भारत सरकार ने सीआरपीएफ सैनिकों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने दिया। हमले के 12 दिन बाद भारत ने 26 फरवरी को बालाकोट एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के कायरतापूर्ण हमले का जवाब दिया। भारतीय वायु सेना ने पुलवामा हमला करने वाले पाकिस्तानी आतंकियों को उसकी जमीन पर एयर स्ट्राॅइक कर 300 आतंकियों को जमींदोज किया। भारत अब नया भारत है।

## पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी कॉलेज में एनसीसी कंपनी के कैडेटों ने ब्लैक डे मनाया। इस दिन पुलवामा में हुए हमले में शहीदों को याद किया। छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार और एनसीसी के केयर टेकर ऑफिसर डॉ अवध बिहारी महतो शामिल हुए। कहा कि देश के लिए यह काला दिन था।




जिसमें केंद्रीय पुलिस बल के 41 जवान एक साथ शहीद हो गए थे। ऐसे वीर सैनिकों को देश कभी नहीं भूला सकता है।

कहा कि देश उनके बलिदान का ऋणी है। कभी भी सेना के अधिकारी या सैनिक बनें तो ऐसे हमला करने वाले लोगों से अवश्य सतर्क रहें। सारे टीम को सतर्क करें ताकि बुरे सोच वाले मंसूबे पर कामयाब न हों और हमारा राज्य, राष्ट्र सुरक्षित रहे। मौके पर सीनियर अंडर ऑफिसर सागर कुमार सिंह, सीनियर अंडर ऑफिसर नीतू मांझी, अंडर ऑफिसर रोशन लाल, अंडर ऑफिसर गायत्री कुमारी, रवि विश्वकर्मा व अंकित कुमार मौजूद थे।

### आज / कल




## झारखंड में उत्तर पश्चिमी हवाओं से फिर लौटी ठंड



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य भर में उत्तर उत्तरी पश्चिमी हवाओं के चलने से ठंड फिर से लौट आई है। इन हवाओं के चलने से जहां रात में कनकनी बढ़ गई है। वहीं दिन में भी ठंड का एहसास हो रहा है। गुरुवार की तुलना में शक्रवार को न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। ठंड कम होने से लोग गर्म कपडे.रखने की तैयारी में थे, लेकिन ठंड बढने से लोगों को गर्म कपड़ों की फिर जरूरत महसूस होने लगी। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। उल्लेनखनीय है कि मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक तापमान में उतार चढाव होने की बात कही है। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.2 और न्यूनतम 10.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि जमशेदपुर में 32.2 और 12 डिग्री, डालटेनगंज में 29.6 और 9.3 डिग्री, बोकारो में 31.1 और 10.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 33.4 और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## सेल में मिश्र धातु इस्पात और इसके प्रसंस्करण पर तकनीकी बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आरडीसीआईएस, सेल, रांची में मिश्र धातु इस्पात और इसके प्रसंस्करण - हालिया प्रगति, चुनौतियां और अवसर पर एक तकनीकी बैठक आयोजित की गई। इसका उद्देश्य सेल संयंत्रों में उन्नत मिश्र धातु इस्पात प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों को अपनाने के प्रति एक समग्र परिप्रेक्ष्य विकसित करने की दिशा में ज्ञान का प्रसार करना है। इसके अतिरिक्त मिश्र धातु इस्पात अनुसंधान और इसके प्रयोग में आधुनिक प्रौद्योगिकियों, प्रगति और चुनौतियों का समाधान करना है, जो पर्यावरण-अनुकूल इस्पात उत्पादन की दिशा में स्थिरता और लागत दक्षता प्राप्त करने के साथ संरेखित हो। बैठक का औपचारिक उद्घाटन आरडीसीआईएस के ईडी संदीप कुमार कर ने किया। इसमें बोकारो, राउरकेला, बर्नपुर, दुर्गापुर तथा सेलम के इस्पात संयंत्रों के अलावा आरडीसीआईएस, सीईटी और सीएमओ के 70 प्रतिनिधियों के साथ-साथ मेकॉन लिमिटेड, एनआईएएमटी (पूर्व में निफफ्ट) और मेसर्स सीबीएमएम, ब्राजील के विशेषज्ञों के प्रतिभागी शामिल हुए। डेढ़ दिन में आठ तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें स्टीलमेकिंग, मिश्र धातु डिजाइन और माइक्रो-एलोयेड धातु स्टील से संबंधित स्थिरता में प्रमुख प्रगति को शामिल किया गया। इस बैठक ने स्टीलमेकिंग में प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने, मिश्र धातु विकास, प्रक्रिया अनुकूलन और टिकाऊ उत्पादन में श्रेष्ठ तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए संयंत्रों, अनुसंधान संस्थानों और उद्योग विशेषज्ञों के बीच सहयोग के लिए एक मंच प्रदान किया।

## जनजातीय वीरों का इतिहास हाशिए पर है : अंगद किशोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र क्षेत्रीय केंद्र और डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को तेलंगा खड़िया की 219वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तेलंगा खड़िया स्वाधीनता संघर्ष का एक अल्पज्ञात जनजातीय शहीद विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ कुमार संजय झा ने स्वागत भाषण दिया और कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नायकों का महत्वपूर्ण योगदान है। इन सभी नायकों के जीवन का अध्ययन और दस्तावेजीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है।आजादी का अमृत महोत्सव पहल के तहत भारत के गुमनाम आदिवासी नायकों को समर्पित कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। वक्ता ने कहा कि पिछले साहित्यिक कार्यों और ऐतिहासिक दस्तावेजों से सावधानीपूर्वक जानकारी प्राप्त की गई है, जिसमें 19वीं शताब्दी में औपनिवेशिक ताकतों के खिलाफ आदिवासी प्रतिरोध का नेतृत्व किया गया था। मुख्य अतिथि अंगद किशोर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि तेलंगा खड़िया को अल्पज्ञात जननायक श्रेणी में गिना जाता है, लेकिन वह उन महान वीरों में से हैं जिनका योगदान भारतीय स्वाधीनता संग्राम में अद्वितीय है। भारतवर्ष में जनजातीय




वीरों का इतिहास हाशिए पर है, जिसे मुख्यधारा के इतिहास में सम्मान के साथ सम्मिलित करने की आवश्यकता है।सम्मानित अतिथि डॉ। बिनोद कुमार ने जनजातीय स्वाधीनता संघर्षों के मुख्य कारणों पर प्रकाश डाला और कहा कि जनजातीय समाज का प्रकृति से प्रेम है। इसकी रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने की प्रवृत्ति रही है, और यही कारण है कि आदिवासी समाज ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में एकजुटता दिखायी।

**वीर सपूत तेलंगा खड़िया आज भी गुमनाम : प्रो डीएन वर्मा**

सेवानिवृत्त प्रोफेसर और रामपुर हाट के अध्ययन एवं अनुसंधान केंद्र के संस्थापक प्रो डीएन वर्मा ने संबोधित किया और कहा कि तेलंगा खड़िया अंग्रेजों के सामने कभी नहीं झुके। इसका प्रमाण विभिन्न प्रामाणिक स्त्रोतों, मीडिया में प्रकाशित रिपोर्टों और खड़िया लोकगीतों में मिलता है। इस आदिवासी शहीद का उल्लेख होने के बावजूद यह वीर सपूत आज भी गुमनाम है। पूर्व में किए गए शोधों की आलोचनात्मक समीक्षा करते हुए प्रो वर्मा ने कहा कि औपनिवेशिक इतिहासकारों ने आदिवासियों को असभ्य, जंगली और बर्बर कहा था। लेकिन इसके बावजूद आदिवासी नायकों ने विदेशी शासन का पुरजोर प्रतिरोध किया। इसके बाद भी आज इनकी गौरव गाथा और अधिकांश गुमनाम हैं।

### आदिवासियों का संघर्ष इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं

अनुपम शौर्य और अनवरत संघर्ष का निष्पक्ष मूल्यांकन देश के इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं किया गया है। विभिन्न जनजातीय संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि संताल हूल 1855-1856 के सिदो और कान्हू, मुंडा संघर्ष 1895-1900 के बिरसा मुंडा, साफाहोड़ आन्दोलन के भागीरथ मांझी आदि से लोग अवगत हैं, लेकिन गोनो पिंगुआ (1857, कोल्हान), प्रोटो हो (1836-1837) जैसे आदिवासी समुदाय के वीर नायकों की तरह छोटानागपुर क्षेत्र में ब्रिटिश सत्ता का प्रतिरोध करने वाले तेलंगा खड़िया (1806-1880) के ऐतिहासिक संघर्ष और उनके बलिदान से लोग परिचित नहीं हैं। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के खड़िया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ बंधु भगत, सहायक प्राध्यापक डॉ. मेरी एस सोरेन, संत जेवियर कॉलेज हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. कमल कुमार बोस, डीएसपीएमयू हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. जिंदर सिंह मुंडा, डॉ सावित्री बड़ाइक समेत अन्य विद्वान, शोधकर्ता और छात्र शामिल थे।

### भारत टेक्स 25 में केंद्रीय रेशम बोर्ड रांची भी बना प्रतिभागी

**रांची।** भारत के सबसे वड़े ग्लोबल टेक्सटाईल एक्प्रो -भारत टेक्स 25 का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दुनिया के सवसे बड़े वैश्विक कपड़ा शो में देश के कोने कोने से रेशम हितधारक प्रतिभागी रहेंगे। वस्त्र मंत्रालय के तत्वाधान में आयोजित भारत टेक्स 2025 के अवसर पर केन्द्रीय रेशम वोर्ड अनेक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। 14 से 17 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में केन्द्रीय रेशम बोर्ड, रांची भी प्रतिभाग कर रहा है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय रेशम बोर्ड अनुसंधान संस्थान देश के अन्य प्रतिष्ठित अनुसंधानों के साथ पंच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर करेंगे। इस अवसर पर एक अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री पवित्रा मार्गहीरेटा, कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार एवं केन्द्रीय रेशम बोर्ड के उच्च अधिकारी एवं देश विदेश के ख्याति प्राप्त वक्ता एवं वैज्ञानिक शिरकत कर रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### एसीएस ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** शुक्रवार को आदिवासी छात्र संघ के डीएसपीएमयके अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में पुलवामा के शहीदों की याद में मौन रखा व श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर लक्ष्मी उरांव, शीला कुमारी, अंजू तिर्की, बिजलानी मिंज, सोनी उरांव, खुशबू मिंज, प्यारी कुमारी, सुमन खलखो, दिनेश उरांव, पायल बाण्डो, अभिनव भगत, निखिल सांगा, विजय गाड़ी, आकाश उरांव, अक्षय कुमार, दीपा कच्छप शामिल रहे।

### रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान

**रांची।** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में फोरेंसिक विज्ञान विभाग की ओर से शुक्रवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें वाराणसी फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के डिप्टी डायरेक्टर कृष्ण मौर्य ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव को साझा किए। अपराध स्थल पर पाए जाने वाले विभिन्न साक्ष्य के संरक्षण व प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी दी। अपराध स्थल की चुनौतियों, समस्याओं और उनके निदान पर भी चर्चा की। इससे पहले विश्वविद्यालय के रजिस्टर हेमेंद्र कुमार भगत ने उनका स्वागत किया। विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित थे।

### आपात स्थिति के लिए रिम्स में बेड रिजर्व

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दौरे को लेकर रिम्स प्रबंधन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। रिम्स के सेंट्रल इमरजेंसी और ट्रामा सेंटर के दूसरे तल्ले पर बेड रिजर्व किया गया है। ट्रामा सेंटर के दूसरे तल्ले पर आईसीयू बी को रिजर्व किया गया है। यहां सभी तरह की सुरक्षा जांच की गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिए रिम्स के चार सीनियर डॉक्टरों की टीम को तैनात किया गया है। इसके अलावा एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस और अन्य पारा चिकित्सा कर्मी भी अलर्ट मोड पर रहेंगे।

### डीसी ने राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 15 फरवरी को बीआईटी मेसरा के बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मेसरा) के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम को लेकर, कार्यक्रम स्थल पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जिला के वरीय पदाधिकारियों की शुक्रवार को संयुक्त बैठक करते हुए उन्हें कार्यक्रम को लेकर कई अहम दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे, सभी को सुरक्षा जांच होने के बाद ही ऑडिटोरियम में प्रवेश की अनुमति होगी। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को सभी मानकों का सुनिश्चित रूप से पालन करने के निर्देश दिए । इस बैठक में जिला के सभी वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी में 200 प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए

**● वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यावरणीय समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए : प्रो संजत**

**रांची।** वीमेंस कॉलेज में पर्यावरण की बेहतरी के लिए हरित विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीनतम नवाचार विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के आखिरी दिन शुक्रवार को विशेषज्ञों के व्याख्यान हुए। वहीं, विभिन्न राज्यों से आए 200 प्रतिभागियों ने डॉ विनीता सिंह, डॉ रीना भदानी, डॉ जेपी मिश्रा, डॉ जीपी त्रिवेदी, डॉ वंदना कुमारी, डॉ अजय श्रीवास्तव, डॉ फिरोज अहमद और डॉ आनंद ठाकुर की अध्यक्षता में शोध पत्र प्रस्तुत किए। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ राहुल पुरवार ने कहा कि सम्मेलन का विषय उन पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए ज्यादा प्रासंगिक है, जिनका दुनिया वर्तमान में सामना कर रही है। हमें इस सम्मेलन के लोकाचार को अपने दैनिक जीवन में व्यवहार में लाने और लागू करने की आवश्यकता है। यहां शिक्षा जगत की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह परिवर्तन की उत्पत्ति के मंच के रूप में कार्य करता है। प्रो संजत कुमार साहू ने कहा कि मानव सभ्यता के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यावरणीय समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। वैश्विक तापमान में निरंतर बढ़ोतरी मानव समुदाय के लिए खतरे का संकेत है। प्रो एसके समदर्शी ने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण के अंतर्गत तापमान से संबंधित संकट को कम किया जा सकता है। डॉ तापस घोष ने कहा कि दोहन के कारण पर्यावरणीय असंतुलन के बाद जरूरी है कि वर्तमान में मिट्टी तथा जल प्रदूषण के प्रश्न पर हम समाधान निकालें।

**पर्यावरणीय परिवर्तन महत्वपूर्ण चुनौती :** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा कुलपति ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य पर्यावरणीय स्थिरता के उद्देश्य से हरित विज्ञान और प्रौद्योगिकी में हाल की प्रगति को प्रदर्शित करना है और पर्यावरणीय संबंधी परिदृश्य पर लगातार मंथन करने की आवश्यकता है। आईएफएस दिलीप कुमार यादव ने कहा कि पर्यावरणीय परिवर्तन आज के समय में एक महत्वपूर्ण चुनौती है। डॉ रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि जितनी आवश्यकता हो उतनी ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए तभी पर्यावरणीय संरक्षण संभव है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ वीके सिन्हा तथा डॉ वंदना कुमारी ने सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं।

### पारस हॉस्पिटल में निःशुल्क कैंसर जांच कैंप कल से, कैंसर की जांच समय पर हो तो इलाज आसान

**● जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने कहा कि पारस हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के लिए अलग से कैंसर सेंटर बनाया गया है।**

**रांची।** विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल में निःशुल्क कैंसर जांच मेगा कैंप का आयोजन 16 और 23 फरवरी को किया जा रहा है। कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक लगेगा। कैंप में कैंसर विशेषज्ञों से निःशुल्क परामर्श मिलेगा। सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसे ब्लड शुगर आदि की जांच भी निःशुल्क होगा। इस कैंप में डॉक्टरों की अनुशंसा पर कैंसर जांच पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। यह जानकारी पारस हॉस्पिटल एचईसी के डॉ गुंजेश कुमार सिंह, डॉ मदन प्रसाद गुप्ता, डॉ सुरेश मुथूस्वामी, जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि और मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने शुक्रवार को पारस हॉस्पिटल में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कैंसर का इलाज संभव है। इससे डरने नहीं बल्कि लड़ने की जरूरत है। कैंसर के इलाज के लिए अब एडवांस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि मरीज का इलाज जल्द से जल्द से हो। कैंसर की जांच अगर समय पर कर लिया जाएं, तो इलाज आसानी से होता है। पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने कहा कि पारस हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के लिए अलग से कैंसर सेंटर बनाया गया है। यहां सभी प्रकार के कैंसर का इलाज किया जा रहा है। हॉस्पिटल में कंप्रिहेंसिव सेंटर भी खुल रहा है। अप्रैल माह में रेडिएशन आँकोलॉजी भी खुलने जा रहा है। एक ही छत में नीचे कैंसर के सभी ट्रीटमेंट देने की सुविधा उपलब्ध है। एडवांस मशीन भी लगाया गया है।

## एक नजर

### बीआईटी मेसरा में रेविट सॉफ्टवेयर पर चर्चा

**रांची।** बीआईटी मेसरा के वास्तुकला एवं योजना विभाग द्वारा आयोजित मास्टरिंग बीआईएम फॉर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड बिल्डिंग्स : ए हैंड्स ऑन वर्कशॉप के पांचवे दिन की शुरूआत सस्टेनेबल लिविंग के संस्थापक दीपक जांगिड़ ने की। प्रथम सत्र में दीपक जांगिड़ ने कांसेप्टुअल मासिंग, कार्यप्रवाह व रेविट सॉफ्टवेयर विषय पर चर्चा की। सत्र की समाप्ति दोपहर 3 बजे हुई। दूसरे सत्र की शुरूआत पारस्परिक वातालर्प के साथ की गई। इसके बाद प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों को अपने प्रश्नों के उत्तर मिले।

### अंकों के दबाव से बचें छात्र : पासवा

**रांची।** सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा शनिवार से, जबकि आईसीएसई की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा को लेकर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों से अंकों के दबाव से बचने को कहा है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा जीवन की एक महत्वपूर्ण सीढ़ी जरूर है, लेकिन इसे लेकर अनावश्यक दबाव लेना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा आत्ममूल्यांकन का माध्यम है, न कि जीवन और मृत्यु का प्रश्न।

### तमन्ना वर्मा ने सिल्वर पदक जीती



**सिल्ली।** 38 वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में सिल्वर पदक विजेता तमन्ना बर्मा अकादमी की मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो से मिली और उनका आशीर्वाद लिया मुख्य संरक्षक ने ढेरों बधाइयां और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बताते चले की इसके पूर्व में 1 फरवरी से 10 फरवरी तक उत्तराखंड के देहरादून राजपोत गांधी स्टेडियम में आयोजन किया गया था। जिसमें तमन्ना वर्मा ने सिल्वर पदक जीतकर सिल्ली मुरी का नाम रोशन किया है।

### श्री श्याम प्रभु का हुआ आह्वान, भव्य शोभायात्रा आज

**रांची।** श्री श्याम परिवार की ओर से शुक्रवार को आचार्यों एवं पंडितों के सानिध्य में खाटू वाले श्री श्याम प्रभु, गणेशजी, हनुमानजी समेत सभी देवी-देवताओं की पूजा हुई। बताया गया कि शनिवार को दोपहर दो बजे से श्री श्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। पुष्पों से सुसज्जित रथ पर श्री श्याम प्रभु विराजमान होंगे। 351 महिला व पुरुष राजस्थानी वेशभूषा में श्याम प्रभु के पवित्र निशान को लेकर नगर भ्रमण करते हुए चलेंगे। भजन कीर्तन करते हुए श्याम परिवार के सदस्य एवं भजन गायकों की मंडली शमिल होगी। श्री श्याम प्रभु की मनोहारी झांकी होगी। मुख्य रथ के आगे हाथों में पवित्र निशान लिए पंच प्यारे रहेंगे। शोभा यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू होकर बंशीधर आडुकिया रोड, कार्ट सराय रोड, रांची विश्वविद्यालय, शहीद चौक होते हुए महोत्सव स्थल श्याम हवेली दुर्गा-बाड़ी रांची पहुंचेगी।

### सोनाहातू में 13वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता कल

**सोनाहातू।** थाना मैदान में 13वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल खेल प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान 16 फरवरी को प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता में आठ टीमें शामिल होंगी। पहला पुरस्कार 1,31,000 रुपये, दूसरा पुरस्कार 81,000 रुपये, तीसरी और चौथी टीम को 31-31 हजार रुपये पुरस्कार दिया जाएगा। इस दौरान मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा।

---

### 38वें नेशनल गेम्स : मॉडर्न पेंटाथलॉन के मिक्स ट्रायथलॉन स्पर्धा

# दीपांशु एवं आरती ने जीता कांस्य पदक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/देहरादून।** 38वे नेशनल गेम्स,उत्तराखंड में अंतिम दिन मॉडर्न पेंटाथलॉन के मिक्स ट्रायथलॉन स्पर्धा में दीपांशु एवं आरती ने कांस्य पदक जीता। वहीं झारखंड के पदक विजेता खिलाड़ी में स्वर्ण पदक लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की, कविता कुमारी, रेशमा कुमारी- लॉन बॉल्स महिला फोर्स व .बसंती कुमारी- लॉन बॉल- बालिका अंडर 25 वर्ग, दिनेश कुमार, सुनील बहादुर - लॉन बॉल - पुरुष डबल, अभिसेख लकड़ा, वसीम अकरम, आलोक लकड़ा,दिनेश कुमार - लॉन बॉल पुरुष फोर्स 5.सुनील बहादुर - लॉन बॉल पुरुष सिंगल, दीपिका कुमारी- तीरंदाजी महिला एकल गोल्डी मिश्रा,विष्णु चौधरी व श्रेय भारद्वाज,गुरु चरण बेसरा - तीरंदाजी पुरुष रिकर्व टीम ने जीता।



वहीं रजत पदक श्रेया कुमारी - वुशु, सरिता तिर्की - लॉन बॉल - महिला एकल, प्रिंस कुमार,अभिषेक लकड़ा, आलोक लकड़ा- लॉन बॉल - पुरुष ट्रिपल, दीपिका कुमारी, अंकिता भगत,कोमोलिका बारी , तमन्ना वर्मा - तीरंदाजी महिला रिकर्व, माधो बिरुवा, मनीषा कुमारी तीरंदाजी इंडियन राउंड मिक्स व तनु कुमारी, शोभा महतो, अनु कुमारी मॉडर्न पेंटाथलन लेजर रन महिला टीम ने जीत दर्ज की। कांस्य पदक निशांत तिर्की - वुशु, गीता खलको- वूशु , राणा प्रताप -तैराकी - 200 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, राणा प्रताप - तैराकी- 100 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, कोमोलिका बारी - तीरंदाजी एकल, दीपिका कुमारी व गोल्डी मिश्रा ने तीरंदाजी मिक्स, लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की - लॉन बॉल महिला डबल, सरिता तिर्की, रेशमा कुमारी, कविता कुमारी - लॉन बॉल महिला ट्रिपल, प्रिया उरांव, मोनिका कुमारी, चांदनी कुमारी - मॉडर्न पेंटाथलॉन महिला टीम, प्रेम किशोर महतो -मॉडर्न पेंटाथलॉन व्यक्तिगत, दीपांशु कुमार, आरती कुमारी - मिक्स ट्रायथलॉन व महिला हॉकी - सोनल मिंज, संजना होरो, पार्वती टोपनो, महिमा टेटे, रोपनी कुमारी, नीरू कुल्लू, एडलिन बागे , दीप्ति टोपनो, प्रिया डुंगडुंग, रेशमा सोरेंग, रोशनी आईंद, निराली कुजूर, अलबेला रानी टोप्पो, सामाय बारा , प्रमोदनी लकड़ा, बिनिमा धान, रजनी केरकेट्टा, रश्मि होरो शामिल हैं। झारखंड के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिवमनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, अवर सचिव राजेश कुमार सहित अन्य ने बधाई दी है।

## झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट में पहले दिन खेले गए चार मैच



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड अधिवक्ता मंच के बैनर तले लगातार तीसरे वर्ष तीन दिवसीय झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-3 का मैच का आगाज शुक्रवार को हुआ। झारखंड अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार ने पहले दिन के मैच का उद्घाटन किया। प्रत्येक मैच 10-10 ओवर का खेला जा रहा है। मोरहाबादी स्थित फुटबॉल ग्राउंड में 16 फरवरी तक चलनेवाले मैच के पहले दिन झारखंड हाईकोर्ट ग्रीन पैंथर बनाम काला कोर्ट के बीच हुआ। जिसमें काला कोर्ट 9 विकेट से जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मैच बार ब्रदर्स बनाम आरडीबीए के बीच हुआ। जिसमें आरडीबीए कने 11 रनों से मैच जीत लिया। जबकि तीसरा मैच एवेंजर क्रिकेट क्लब बनाम इंडियन एसोसिएशन लॉयर्स के बीच हुआ। चौथा मैच में झारखंड हाईकोर्ट ग्रीन बनाम गर्ग का हुआ। झारखंड हाईकोर्ट ग्रीन पैंथर की टीम 13 रनों से मैच जीत लिया। मैच के आयोजन में झारखंड अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार, झारखंड नागरिक परिषद के अध्यक्ष उत्तम कुमार, विनोद सिंह अधिवक्ता ज्योति आनंद, पीहू रानी, अनूप कुमार, अभिनय प्रीत, दिनेश कुमार समेत अन्य का विशेष योगदान रहा।

## वेलेंटाइन डे को बढ़ावा देना युवा पीढ़ी के लिए बेहद घातक : डॉ रमेश

### एकल विद्यालयों में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** रातु अंचल अन्तर्गत आने वाले बेड़ों संच एकल अभियान के आचार्यो ने बच्चों से कराया मातृ-पितृ पूजन कराया। डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हमें विदेशी अप-संस्कृतियों से बचकर रहना चाहिए। 14 फरवरी को वैलेंटाइनडे की जगह मातृ पितृ पूजन दिवस का कराएं। माता पिता का पूजन भारतीय संस्कृति है । वैलेंटाइन डे पश्चिमी सभ्यता की देन है । वेलेंटाइन डे को बढ़ावा देना युवा पीढ़ी के लिए बेहद घातक है। हमें पैर धोकर तिलक लगाकर फूल माला पहनाकर परिक्रमा करके अपने माता पिता आशीर्वाद लेने की जरूरत है। एकल विद्यालयों में मातृ-पितृ पूजन दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया



गया। यहां बच्चों के द्वारा अपने माता-पिता का पैर धोकर तिलक लगाया गया और वेद मंत्रोंच्चार के बीच उनकी आरती उतारी गई और पूजन किया गया। इस मौके पर माता पिता ने भी अपने बच्चों को खुब खुब आशीर्वाद दिया। मातृ-पितृ पूजन दिवस को सफल बनाने में आचार्य संच प्रमुख सुषमा देवी, हुटार की आचार्य विमला टोपनो, इडरी के सुभाष यादव,कराजी की नीतु कुमारी, पुरियो की आचार्य मुन्नी उरांव, शाहेदा की लक्ष्मी देवी, ईटाचिल्दरी की नमिता देवी कुदारखो की अलका, पहाड़ कंडरिया की रुपरानी देवी,खत्री खटंगा की मंजु उरांव,जामटोली की रीता देवी सहित आचार्य मिथिला देवी एवं भैया बहनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जिक्र-ए-इलाही और मुरादें मांगने में गुजरी शब-ए-बारात

### अपने व पूर्वजों के गुनाहों से मगफिरत की मांगी गई दुआएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो/मांडर।** शब-ए-बारात के मौके पर शुक्रवार की रात से शनिवार की फजर तक इस्लामी धर्मावलंबियों (मुसलमानों) ने पूरी रात जिक्र-ए-इलाही, इबादत, दुआएं, कब्रिस्तान की जियारत व पूवर्जों को याद करने में गुजारी। गुनाहों से निजात की रात में लोगों ने रो-रो कर अल्लाह पाक से अपनी व अपने पूर्वजों के गुनाहों की मगफिरत की दुआएं मांगी। साथ ही देश में अमन व शांति तथा सौहार्द की दुआएं मांगी। प्रखंड के मस्जिदों, और कब्रिस्तानों में लोगों का तांता लगा रहा। घरों में कुरान पाक, नवाफिल और फातिहा पढ़ी गयी। गरीबों, बेसहारा व यतीमों को खाना खिलाया गया। पुरुषों ने मस्जिदों में तो वहीं महिलाओं व



अन्य पुरुषों ने घरों में इबादत कर खुशहाली की दुआएं मांगी। अहले सुबह लोगों ने सेहरी खाकर अगले दिन का रोजा रखा। शुक्रवार को मगरिब (सूरज डूबने के बाद) से चला यह सिलसिला शनिवार की सुबह तक चलता रहा। मस्जिदें नमाजियों से भरी नजर आयीं। रात भर लोग नवाफिल नमाजें व कुरान पाक पढ़ते रहे। मस्जिदों व घरों से कुरआन की तिलावत की मीठी आवाजें गूंजती रही। गांव की छोटी-बड़ी तमाम मस्जिदों से कुरआन की तिलावत की मीठी आवाजें गूंजती रहीं। मुस्लिम बाहुल्य मुहल्लों में रात भर चहल-पहल रही। अकीदतमंदों की सहूलियत के लिए जगह-जगह चाय व पानी के व्यवस्था भी किये गए थे।

## देश के प्रति कुछ करने का जज्बा कूट-कूट कर भरा होना चाहिए : ललन

### बच्चों ने पुलवामा अटैक के शहीदों को किया याद

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के विद्यासागर पब्लिक स्कूल में स्कूली छात्र-छात्राओं ने 14 फरवरी 2019 में हुए पुलवामा अटैक के शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्या सागर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शहीदों की याद में उनके बलिदान को पेंटिंग के द्वारा कागजों पर उतारा। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने कहा कि देश के सैनिक को विद्यार्थियों के प्रेरणा स्रोत होने चाहिए ना की कोई फिल्मी कलाकार आदर्श होने चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं में राष्ट्रभक्ति और देश के प्रति कुछ करने की जज्बा कूट-कूट कर भरी होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के



छात्रों में अनुराग, सुशांत, दीपिका, रुद्रनाथ, नितिन, सुमेश, शिवम तथा श्वेता ने भाग लिया तथा शिक्षकों में स्वाति कुमारी , सूरज कुमार रूपाली वर्मा रश्मि कुमारी रीना कुमारी पंपा राजश्री सहित कई लोगों ने सहयोग किया जबकि तथा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की इंचार्ज निशा वर्मा ने किया।



### राज्यपाल से राष्ट्रपति से किया शिष्टाचार भेंट

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शुक्रवार को राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर राष्ट्रपति से विस्तृत चर्चा की। भेंट के क्रम में राज्यपाल ने राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

## रांची जोन के दस केंद्रों पर हुई अंग्रेजी की परीक्षा

**रांची।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) के 12वीं बोर्ड के मुख्य विषय की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो गई। अंग्रेजी पेपर वन की परीक्षा रांची के आठ सहित जोन के 10 केंद्रों पर हुई। हजारीबाग और खूंटी में एक-एक सेंटर बनाए गए हैं। सेंट फ्रांसिस स्कूल के छात्र अभिषेक सिंह ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर सारी व्यवस्था सही थी। केंद्र पर पर्यवेक्षक सहायक थे और हमें नियमों की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी पेपर वन सामान्य स्तर का था। पेपर दोपहर 2 बजे शुरू हुआ। तीन घंटे की परीक्षा हुई। रांची जोन में 12वीं के लिए कुल 940 छात्रों ने पंजीकरण कराया है। पहले दिन गुरुवार को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के तहत पर्यावरण विज्ञान का पेपर हुआ था। 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होने वाली है। अंग्रेजी पेपर वन से परीक्षा शुरू होगी।

## मीडिया क्रिकेट 2025 : मयूराक्षी और अमानत के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

### सेमीफाइनल में मयूराक्षी ने स्वर्णरेखा को और अमानत ने भैरवी को दी मात

**रांची।** रांची प्रेस क्लब मीडिया क्रिकेट में शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। जेके क्रिकेट मैदान में पहले सेमीफाइनल में मयूराक्षी ने स्वर्णरेखा को 23 रनों से मात दी। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में अमानत ने भैरवी को 7 विकेट से रौंदा। सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान बतौर मुख्य अतिथि राज्य सरकार में कृषि पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और कांके विधायक सुरेश बैठा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

**इमरान के ऑलराउंड प्रदर्शन से मयूराक्षी की जीत**

सेमीफाइनल का पहला मुकाबला



मयूराक्षी और स्वर्णरेखा के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मयूराक्षी ने (209/3) रन का स्कोर खड़ा किया। मयूराक्षी की ओर से इमरान ने 48 गेंदों में 90 रन की पारी खेली, साथ ही गेंदबाजी में 2 विकेट भी झटके। शमीम राजा ने 78 रनों की पारी खेल इमरान का साथ दिया। स्वर्णरेखा की ओर से संदीप मिश्रा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्वर्णरेखा की टीम (186/3) ही बना सकी। प्रिंस ने 87 रनों की सर्वाधिक पारी खेली। इस मुकाबले में इमरान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**सुशील ओर अमित ने अमानत को फाइनल में पहुंचाया**

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भैरवी और अमानत के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भैरवी ने (166/4) रन बनाए। राजेश सिंह ने 27 गेंदों में 54 और आशिफ नईम ने 17 गेंदों में 45 रनों की तेज पारी खेली। अमानत की ओर से समीर सृजन ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमानत की शुरूआत काफी अच्छी रही। सुशील कुमार सिंह नाबाद 53 और अमित सिंह 61 की सलामी जोड़ी पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़कर जीत की नींव रखी। असगर खान ने 21 रन और एक्स्ट्रा में 24 रन भैरवी ने दिए। इस मुकाबले में मैच विनिंग पारी के लिए सुशील कुमार सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मैच 16 फरवरी मयूराक्षी बनाम अमानत दोपहर 12:00 बजे, जेके क्रिकेट मैदान में खेला जाएगा। आरपीसी मीडिया कप के टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील, को स्पोंसर अडानी पावर, मदर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, अलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट, सपोटिंग पार्टनर टाइटन वल्ड एन्ड जके इंटरनेशनल स्कूल , सरला बिरला यूनिवर्सिटी रहे।

---

## न्यूज बॉक्स

### महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां जोरों पर

**लापुंग ।** लापुंग प्रखंड के अरमालटदाग स्थित महादेव शिव धाम में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7:00 बजे कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। इस मौके पर यज्ञ और अखंड हरि कीर्तन के साथ-साथ सुबह 9:00 बजे से कलश यात्रा के बाद कई प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। पहली बार अरमालटदाग में महाशिवरात्रि पूजा के दौरान कई प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन की व्यापक तैयारियां की जा रही है। महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश गोप, सचिव प्रेमचंद गोप, उप सचिव परमेश्वर गोप, कोषाध्यक्ष कैलाश गोप, कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के रूप में रमेश गोप, राम गोप, कलिंदर गोप, सिकंदर गोप सहित गांव के कई समाजसेवी और कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यह जानकारी कमलेश कुमार गोप ने दी है।

### टीबी सेनेटोरियम में चिकित्सा उपकरणों का उद्घाटन

**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने शुक्रवार को तुपुदाना स्थित रामकृष्ण मिशन टीबी सेनेटोरियम में डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासोनोग्राफी, डेंटल एक्स-रे आदि चिकित्सा उपकरणों का उद्घाटन किया। इन उपकरणों की खरीदारी के लिए सीएमपीडीआई की ओर से सीएसआर के तहत 55 लाख 86 हजार राशि दी गई थी। मौके पर क्षेत्रीय संस्थान 3 रांची के निदेशक कंचन सिन्हा, जयंत चक्रवर्ती, आरके महापात्रा, स्वामी सत्संगानंद सहित अन्य उपस्थित थे।

### अरगोड़ा (येलो) ने 4 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट पीटी - 2 ग्राउंड में गोस्वामी सीए बनाम अरगोड़ा (येलो) के बीच खेला गया। गोस्वामी सीए ने 30 विकेअ पर नौ ओवर में 197 रन बनाया। आर्यन ने 62 व रवि प्रधान ने 35 रन बनाया। ध्रुव शर्मा ने 36 रन देकर 3 विकेट व प्रेम ने 21 रन देकर 2 विकेट लिया। अरगोड़ा (येलो) ने 29.5 ओवर में छह विकेट पर 198 रन बनाया। आर्यन राज ने सर्वाधित 93 रन बनाया। अरगोड़ा (येलो) ने 4 विकेट से जीत दर्ज की।

### अरुणोदय सीए ने तीन रन से जीता



**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन (सेमीफाइनल) गोलचक्कर मैदान में अरुणोदय सीए बनाम साई धुर्वा बी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अरुणोदय सीए ने 34 ओवर में 10 विकेट पर 222 रन बनाया। इशू आर्यन ने 44, विशाल कुमार ने 50 व निरंजन कुमार ने 30 रन बनाया। वहीं सुनील केआर जायसवाल, विनीत कुमार, रोहित कुमार, यशराज सिंह ने 1-1 विकेट लिया, जबकि कुन्दन व अजीत कुमार ने 2-2 विकेट विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी साई धुर्वा बी की टीम ने 35 ओवर में नौ विकेट पर 219 रन बनाया। यशराज सिंह ने 42, अंकित कुमार ने 56 व कार्तिक ने 30 रन बनाया। विक्रम यादव, मोनू कुमार,अरुण कुमार ने 1-1 विकेट लिया। आदर्श यादव व अमित सिंह ने 3-3 विकेट लिया। अरुणोदय सीए ने 3 रन से जीता।

### सिस्टर लूसी कुरियन को कॉल मैगजीन में मिला सातवां स्थान



**चान्हो।** कॉल मैगजीन के संपादकीय टीम और एक अंतरराष्ट्रीय जूरी द्वारा संकलित नौवीं वार्षिक कॉल 100 में नंबर 7 रैंकिंग में भारतीय नन सिस्टर लूसी कुरियन का नाम प्रदर्शित किया गया हैं। 1991 में जब उन्हें रात में एक गर्भवती महिला को कॉन्वेंट में लेने से मना कर दिया गया और अगले दिन उसे वापस भेजने के लिए कहा गया, तो उसके पति ने नशे में अपनी पत्नी पर केरोसिन डालकर कॉन्वेंट के सामने आग लगा दी। उस क्षण सिस्टर लूसी ने कसम खाई कि वह फिर कभी किसी को वापस नहीं जाने देंगे। सिस्टर लूसी ने 1997 में माहेर की स्थापना की। एक सहायता संगठन जिसने तब से सात भारतीय राज्यों में 65 से अधिक आश्रय खोले हैं और एक लाख से अधिक लोगों के जीवन को बदल दिया है। जूरी अध्यक्ष किंडेल ने कहा कि आज माहेर सिर्फ शरण का स्थान नहीं है, यह आशा और करुणा का प्रतीक है। सिस्टर लूसी हमारे समय की सच्ची नायिका हैं।

### श्रद्धालु अलग–अलग जत्थे में महाकुंभ स्नान के लिए हुए रवाना



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर सहित बेड़ो और लापुंग प्रखंड के श्रद्धालुओं का अलग-अलग जत्था महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज रवाना हुआ। राजेश प्रसाद गुप्ता और संजय कुमार के नेतृत्व में जत्था काफी उत्साह एवं उल्लास पूर्वक महाकुंभ के गंगा जमुना सरस्वती के संगम पर पवित्र स्नान करेगा। जत्था में मीना देवी, सुनील कुमार गुप्ता, सोनी कुमारी, रेणु गुप्ता, शैली श्रेया गुप्ता सहित कई लोग शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर डॉ एस कुमार, पवन कुमार साहु, अनिल कुमार साहु तथा समीर गुप्ता के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का अलग-अलग जत्था भी महाकुंभ के लिए रवाना हुआ। रवाना होने के समय श्रद्धालु बोले पूरे जोश-खरोश के साथ हर हर महादेव, जय श्री राम, हर हर गंगे, जय गंगा मईया का जयकारा लगाया। वहीं एकल विद्यालय अभियान और संच समिति के अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ का स्नान कर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। उधर फतेहपुर से रवाना हुई जत्था के श्रद्धालुओं ने प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान किया।

### वर्षा खलखो ने जीती मेडल



सिल्ली। जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप वेस्ट बंगाल के 10 फरवरी से 17 तक बोलपुर शांतिनिकेतन में आयोजित किया गया था। जिसमें झारखंड टीम की ओर से खेलती हुई वर्षा खलखो ने इंडिविजुअल कांस्य और टीम में सिल्वर मेडल जीतकर बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी और झारखंड का नाम रोशन किया। बिरसा मुंडा अकादमी के अध्यक्ष नेहा महतो एवं संरक्षक सुदेश महतो ने बधाई दिया उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी किया।

### श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ के लिए रवाना

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के छोटा मुरी एवं आसपास के गांवों के 30 श्रद्धालुओं का जत्था शुक्रवार को मुरी से प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुआ। इनमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल रहीं। श्रद्धालुओं के जत्थे को अमित स्वर्णकार, राजेश सेठ, दिलीप महतो, राजेश सोनार, सुजोय स्वर्णकार , आनंद वेदिया एवं श्रद्धालुओं ने मिलकर हर-हर महादेव का उद्घोष किया। इससे पूर्व सभी ने मुरी गांव के प्राचीन मुरी टुगरी बाबा के पूजा-अर्चना कर धार्मिक यात्रा की सफलता के लिए कामना की।

पुलवामा के वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

# यह सर्वोच्च बलिदान देश की रक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव प्रेरणा देता है : सिकंदर कुशवाहा

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

पुलवामा आतंकी हमले की पुण्यतिथि के अवसर पर शिवपुर गडलाही स्थित रेनबो स्कूल बरही में विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा की अगुवाई में विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन समिति ने देश के वीर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के मौन से की गई। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने दीप जलाकर पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। सभा में छात्रों ने देशभक्ति गीत गाए और अपने उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा



ने कहा कि 14 फरवरी 2019 का दिन भारतीय इतिहास में उन वीर सपूतों के बलिदान की गवाही देता है, जिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका यह सर्वोच्च बलिदान देश की रक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा। विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यालय के छात्रों ने भी पुलवामा के शहीदों को याद करते हुए उनके सम्मान में नारे लगाए–जब तक सूरज चांद रहेगा, शहीदों का नाम रहेगा। निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि यह दिन केवल शोक का नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए संकल्प लेने का भी है। उन्होंने कहा कि हमें अपने सैनिकों के बलिदान से सीख लेकर देशहित में कार्य करना चाहिए और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

जदयू नेता राकेश गुप्ता ने शहीद स्मारक में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## जवानों के बलिदान सदैव हमारे अंदर राष्ट्रप्रेम की ज्योति प्रज्ज्वलित करेगा : राकेश गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

शुक्रवार को पुलवामा आतंकी हमले के छठे बरसी पर परिसदन समीप स्थित शहीद स्मारक पार्क में समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके शहादत को नमन किया। दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी। मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा। सभी वीरों का बलिदान सदैव हमारे अंतस में राष्ट्रप्रेम की ज्योति बनकर प्रज्ज्वलित रहेगा। इस क्रम में विनर डिफेंस अकादमी के बडी



संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी एवं नमन किया। वीर शहीद अमर रहे, जय हिंद एवं भारत माता की जय सहित कई राष्ट्रभक्ति गगनभेदी नारों से शहीद स्मारक देशभक्ति की वतावरण से सरोबार रहा। देश के प्रति शहीदों के प्रति सर्वोच्च बलिदान को नमन एवं याद किया।

## कैंडल जलाकर आईलेक्सियन ने पुलवामा के बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि



**बरही।** पुलवामा शहीदों की याद में आईलेक्स पब्लिक स्कूल के विभिन्न शाखाओं में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया. मुख्य शाखा पंचमाधव में विद्यार्थियों सहित शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों ने कैंडल जलाकर पुलवामा शहीदों को नमन किया और और श्रद्धांजलि दी। निदेशक डॉ शैलेश कुमार ने अमर शहीदों को नमन करते हुए विद्यार्थियों को 14 फरवरी 2019 की घटना विस्तार में बताई। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी से संचालित होने वाली आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद ने जम्मू कश्मीर के एनएच पर 300 किग्रा आरडीएक्स से भरा स्कॉर्पियो गाड़ी सीआरपीएफ के वाहन पर आत्मघाती हमला किया। जिसमे करीब 40 जवान शहीद हो गए और लगभग इतने ही जवान शहीद हो गए। जो हिन्दुस्तानियों के लिए सबसे अधिक दुखदाई रहा। घटना से पूरे हिंदुस्तानी स्तब्ध थे। यह घटना भारतीय इतिहास के लिए काला दिन के रूप में जाना जाता है। उन्होंने बताया कि इस घटना को लेकर पूरी दुनिया में पाकिस्तान की फजीहत हुई थी। ठीक 12 दिन बाद इंडियन एयर फोर्स ने के मिराग-2000 विमान ने पाकिस्तानी बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक कर जैश ए मोहम्मद के शिविर को ध्वस्त कर पुलवामा हमले का जवाब दिया था। इस अवसर पर आईलेक्स के कई विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे।

### ब्लैक डे पे याद किए गए वीर शहीद

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में 14 फरवरी को जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए आत्मघाती हमले की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस



कार्यक्रम में शहीदों की याद में मौन रखा गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई । मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

संत शिरोमणि रविदास की जयंती समारोह के तहत भव्य जागरण का आयोजन

## हम सभी को संत शिरोमणि रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है: मनोज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** ग्राम कुरूम में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के तहत गुरूवार की रात जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि चित्तू महतो उपस्थित हुए। अतिथियों ने फीता काटकर जागरण का शुभारंभ किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर आयोजन समिति द्वारा माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी मध्यकालीन भारत के महान संत थे। कहा कि उन्होंने सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए कार्य किया था। आजसू के केंद्रीय सचिव ने कहा कि संत रविदास जी ने अपनी भक्ति के मार्ग से सभी को समृद्ध करने का कार्य किया था। कहा कि संत रविदास जी ने सभी को मानवता के सिद्धांत पर चलने की राह दिखायी और कहा था कि मानवता से बड़ा कोई भी धर्म नही है। उन्होंने लोगों से आहवान किया था कि मानवता के सिद्धांत का पालन सभी का मुख्य लक्ष्य और एक दूसरे के सहयोग की भावना होनी चाहिए। श्री महतो ने कहा कि संत रविदास ऐसे संत थे जिन्होंने जात-पात, अमीरी-गरीबी



से परे सभी के हित के लिए कार्य किया था। कहा की हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने की जरूरत है। वहीं, जागरण के दौरान भजन गायकों ने संत शिरोमणि रविदास जी के भक्ति गीतों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। मौके पर अध्यक्ष रोहित कुमार रविदास, उपाध्यक्ष विकास कुमार रविदास, सचिव रणजीत कुमार रविदास ,मंटू सिंह, संतोष मुंडा, गौतम सिंह, कपिल कुमार रविदास,अनिल रविदास, आकाश कुमार रविदास ,राहुल कुमार रविदास ,दीपक कुमार रविदास ,अविनाश कुमार रविदास, बिट्टू कुमार रविदास आदि उपस्थित थे।

## मिशन होस्पिटल में 17 को दो दिवसीय 'जननी स्वास्थ्य मेले' का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

श्रीनिवास सर्वमंगल सोसाइटी द्वारा संचालित रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दो दिवसीय 'जननी स्वास्थ्य मेला' का आयोजन किया जा रहा है। 17 लेकर 18 फरवरी तक मिशन होस्पिटल परिसर में महिलाओं के लिए विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त होगा। शिविर के माध्यम से हेयर ट्रांसप्लांट एवं अन्य जांच में भारी छूट महिलाओं को प्रदान किया जाएगा। अनुभवी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य कर्मी सक्रियता




एवं तत्परता से निशुल्क शिविर में जुटे रहेंगे। महिलाओं को शिविर की जानकारी प्राप्त करने के लिए 9430165926, 9297993810 हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को घर की व्यस्ततम कार्य को लेकर कई बार ऐसा देखा जाता है कि नियमित समय पर स्वास्थ्य की देखभाल नहीं करने से गंभीर एवं जटिल बिमारी पकड़ लेता है। जिससे महिलाओं को आर्थिक खर्च एवं कई परेशानियों को सामना करना पडता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सही समय पर स्वास्थ्य की देखभाल एवं उपचार हेतु 17 फरवरी सोमवार से दो दिवसीय निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ताकि बिमारी की पूर्वत जांच एवं उपचार कर स्वास्थ्य देखभाल में सहुलियत एवं राहत मिले। इसके साथ ही शिविर में महिलाओं को निशुल्क उपचार एवं जांच करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा।

### एनएच टू पर धूल उड़ने से राहगीर परेशान



**बरकट्ठा।** दिल्ली से कोलकाता जाने वाली मुख्य सड़क में धूल उड़ने से राहगीर परेशान,बेहाल हो रहे हैं। मामला बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सूर्यकुण्ड पेट्रोल पंप के निकट एनएच 2 का है। जहां हल्की सी हवा चलने से धूल उड़ रही। बताया जाता है कि सड़क निर्माण कार्य कर रही राज केशरी प्राइवेट लिमिटेड सह कौशल इंजीनियरिंग कंपनी बीते छह साल से निर्माण कार्य कर रही है। सड़क निर्माण के दौरान काफी अनियमिता भी बरती गई। इस निमित हजारों हाईवा ट्रक से डस्ट सड़क के किनारे गिराया गया है । इससे धूल उड़ने से राहगीर परेशान तो है ही साथ ही साथ यह दुर्घटना को भी आमंत्रित कर रही है। वही स्थानीय लोग इससे परेशान हैं। स्थानीय निवासी सुनील पांडेय ने कहा कि सड़क के किनारे घर हैं। डस्ट घर में प्रवेश हो जा रहा है।

### विधायक ने सुनी लोगों की फरियाद, सबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**बरकट्ठा।** भाजपा विधायक अमित कुमार यादव के आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में शुक्रवार को लोगों ने फरियाद लेकर विधायक से समाधान के लिए मुलाकात की।वहीं विधायक ने विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना तथा निदान करने/कराने का आश्वासन दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में यह मेरा प्राथमिक एवं परम दायित्व है कि जन समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण हो। कहा कि मैं प्रत्येक माह इस प्रकार का बैठक कर लोगों की समस्याओं से अवगत होता हूॅ और मेरा प्रयास रहता है कि उनकी समस्या,तकलीफ जल्द से जल्द दूर हो जाए ।

### राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु विधायकों को बुद्धिजीवी मंच द्वारा प्रार्थना पत्र किया गया समर्पित

**बरकट्ठा।** झारखंड राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु को शुक्रवार को बुद्धिजीवी मंच द्वारा स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव व सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के माध्यम से विधायकों को एक प्रार्थना पत्र संपर्पित किया गया। प्रार्थना पत्र में झारखंड राज्य के लिए एक ठोस स्थायी स्थानीय एवम नियोजन नीति बनाने, सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी एवम कदाचार मुक्त आयोजित कराने,आबादी के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित कराने,सभी विभागों में रिक्तियों के विरुद्ध ससमय नियुक्ति कराने ,शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने संबंधी प्रमुख मुद्दे हैं। यह प्रार्थना पत्र उतरी छोटानागपुर के सभी विधायक को सौंपा जाना है ताकि आने वाले विधान सभा सत्र में जोरदार आवाज उठाया जा सके और झारखंड सरकार को झारखंडियों के हित में कार्य करने के लिए बाध्य होना पड़े।

## पुलवामा के वीर सपूतों का बलिदान हमें सदा राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता रहेगा : चंद्र प्रकाश जैन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को हजारीबाग यूथ विंग द्वारा श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। यह आयोजन शहीद स्मारक स्थल पर किया गया, जहां हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने एकत्र होकर शहीदों को नमन किया। श्रद्धांजलि के दौरान उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की एवं दीप प्रज्वलन कर शहीदों के अमर बलिदान को नमन किया। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अपने संबोधन में पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की वीरता, साहस और देशप्रेम को याद किया। उन्होंने कहा कि यह हमला भारत के लिए एक दुखद घटना थी,लेकिन हमारे वीर



सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, उसे कोई भी सच्चा भारतीय कभी नहीं भूल सकता। कार्यक्रम में उपस्थित हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा और राष्ट्र सेवा व देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। सदस्य गुंजन मद्धेशिया ने कहा कि हमें अपने वीर जवानों के बलिदान से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और राष्ट्र की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। सभी ने एक स्वर में देश की सुरक्षा और शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए अपने प्रयास जारी रखने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शहीद जवान अमर रहें के नारों के साथ वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।श्रद्धांजलि सभा में उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल, रोहित बजाज, गुंजन मद्धेशिया, मोहम्मद ताजुद्दीन,अभिषेक पांडे, प्रवेक जैन एवं रामनिवास शर्मा मौजूद रहें।

# बिहार फाउंड्री के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा 16 को होगी तय : रमेश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने 14 फरवरी को कहा की जिला अध्यक्ष के निदेर्शानुसार मांडू टीम को बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में मजदूरों की समस्याओं को लेकर एक अति आवश्यक बैठक 16 फरवरी को उप स्वास्थ्य केंद्र फुलसराय,(नगर परिषद क्षेत्र वार्ड न. 10, रामगढ़ ) में 11:00 बजे बैठक रखी गई है। इस बैठक में रामगढ़ जिला के केंद्रीय , जिला, प्रखंड, पंचायत व



सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है । कहा की बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में मजदूरों की समस्या को लेकर पूर्व में भी आंदोलन की रूपरेखा देते हुए धरना प्रदर्शन की तिथि 30 सितम्बर 2024 को निश्चित हुई थी। लेकिन अपरिहार्य कारणों से जिला अध्यक्ष द्वारा स्थगित किया गया था तथा निर्देश दिया गया था कि अगली तिथि सर्वसमिति से शीघ्र तय होगी। पूर्व आवेदन के अनुसार बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड मरार रामगढ़ द्वारा प्लांट का विस्तार किया जा रहा है जिससे आसपास की बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है और पर्यावरण को बड़ा नुकसान हो रहा है। क्षेत्र की जनता के बार-बार आग्रह करने पर भी बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। जिसे फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा अनसुना किया जा रहा है। जिला मीडिया प्रभारी ने कहा की फैक्ट्री के आसपास सरकारी गैरमजेरूवा जमीन पर लगे पेड़ पौधे को काटकर हटाया जा रहा है और वहां पर फैक्ट्री के वाहन खड़े किए जा रहे हैं । साथ ही साथ कारखाना में मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है । शिकायत करने पर उन्हें नौकरी से हटा दिया जाता है। कहा मजदूरों की उचित मांगों को लेकर पुनः झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ 16 फरवरी 2025 को बैठक कर मजदूरों की समस्या को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय करेगी।

## न्यूज | बॉक्स

### बाईक दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोग घायल, एक रेफर



**बरही।** राष्ट्रीय उच्च पथ 33 स्थित करसो के समीप बाईक दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए. जानकारी के अनुसार बाईक सवार करसो निवासी शौकत अंसारी (30) पिता बशारत अंसारी अपने ही शबनम खातून (30) पति निजाम अंसारी, 6 वर्षीय फैजान व 3 वर्षीय नूरी के साथ बरही से अपने घर करसो जा रहे थे. इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही मारुति इको स्कूल वैन संख्या जेएच 02बीएम 9651 ने करसो के समीप अपने चपेट में ले लिया। जिससे बाईक पर सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगो की सहायता से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाने का काम किया। इस कार्य में मौके पर मौजूद पत्रकार अमित सोनी ने सार्थक भूमिका निभाई। प्राथमिक ईलाज के बाद गंभीर रूप से घायल शबनम खातून को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बरही पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त करते हुए थाना लाई।

### डीजीग्राम डिजिटल पंचायत में बेहतर कार्य के लिए मुकेश झा हुए सम्मानित



**बरही।** हजारीबाग जिले में डीजीग्राम डिजिटल पंचायती राज के कार्य को बेहतर रूप से संपादित करने के लिए डीजीग्राम डीएम मुकेश कुमार झा को सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी श्री झा ने दी। उन्होंने बताया की रांची के हीनू स्थित सी डॉक होटल में वार्षिक रिव्यू बैठक आयोजित किए गए थे। जिसके झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिला के डीजीग्राम डीएम सहित कई लोग उपस्थित थे। इस बैठक में मुख्य रूप से डीजीग्राम एच आर अक्षय कुमार मौजूद थे। यह सम्मान उन्हे श्री कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर दिया। इस सम्मान के लिए श्री झा ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों का अभार जताते हुए भविष्य में भी बेहतर कार्य करने की बात कही है। हजारीबाग सीएससी के डीएम मो निजामुद्दीन अंसारी, रौशन कुमार मेहता आदि सहित जिले के विभिन्न संचालको उन्हे बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

### बैंक ऑफ इंडिया में एक व्यक्ति 31 हजार रूपए लेकर फरार हुए बदमाश

**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा से बुधवार को दुलमी निवासी एक व्यक्ति के पास से उच्चकों ने 31 हजार रूपए चुरा लिया और भाग निकले । मामले को लेकर दुलमी निवासी पीड़ित आदित्य महतो ने बताया कि उन्होंने बुधवार को बैंक से 42 हजार रूपए की निकासी की । इसके बाद अपनी पत्नी के खाता में 31 हजार रूपए जमा करने के लिए फॉर्म भर रहे थे। उसी क्रम में वहां मौजूद चार उच्चकों ने उनकी जेब से 31 हजार रूपए निकाल लिया और भाग निकले । पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने बैंक प्रबंधन से मिलकर मामले की जानकारी दी। जिसपर प्रबंधन ने उन्हें थाना जाने की सलाह दी। तब उन्होंने इस संबंध में रामगढ़ थाना में आवेदन दिया।मामले को लेकर रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि इस सम्बन्ध में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल उच्चके शीघ्र पकड़े जाएंगे।

### पशुपालन को बढ़ावा, रोजगार और सशक्तिकरण की नई उम्मीद : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के बुध बाजार सिरु में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत 15 लाभुकों के बीच मुर्गी चूजा का वितरण किया गया। इस अवसर पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश और पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा उपस्थित रहे। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देने और लोगों की आजीविका सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जा रहा है और सरकार पशुपालकों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने लाभुकों से योजना का पूरा लाभ उठाने और मुर्गी पालन को आय का एक प्रमुख स्रोत बनाने की अपील की। पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा ने उपस्थित लाभुकों को मुर्गी पालन के महत्व और उसके उचित देखभाल संबंधी जानकारी दी। मौके पर महेंद्र ओहदार,हेमलाल महतो, राजकुमार महतो, शिवचरण महतो आदि उपस्थित थे ।

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** 14 फरवरी को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी, फामेर्सी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा ड्रग डिजाइनिंग विषय पर दो दिवसीय 14 फरवरी और 15 फरवरी 2025 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।विश्वविद्यालय के कुलसचिव (प्रो)डॉ निर्मल कुमार मंडल ने बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए कहा की यह कार्यशाला आपके भविष्य को उज्जवल बनाने मे मददगार साबित होगा। मुख्य वक्ता एस एच आर एम बायोटेक्नोलॉजिस्ट प्राइवेट लिमिटेड वेस्ट बंगाल से आए रिसर्च कॉर्डिनेटर मिस श्रेसही घोष एवं मिस्टर रूपक राय थे। उन्होंने कार्यशाला के प्रथम दिन बच्चों को कंप्यूटेशनल टूल्स ऑटो डॉक एवं पैमोल का यूज करके ड्रग डिजाइन के बारे मे प्रशिक्षण दिए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कार्यशाला की सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं दी सचिव महोदया प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन उमा कुमारी ने की मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, डॉ प्रतिभा गुप्ता , साईं प्रकाश , डॉ पूजा कुमारी जायसवाल एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

# सीमेंट लदा एलपी ट्रक पलटा, चालक और खलासी की मौत



**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्य मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर के चुटूपालु घाटी में शुक्रवार को सड़क हादसे में चालक और खलासी की मौत हो गई। रांची से हजारीबाग की ओर से आ रहे सीमेंट लदा एलपी ट्रक (सीजी 04एमएस 4977) अचानक घाटी में अनियंत्रित हो गई और घाटी के गढ़के मोड़ के पास आकर पलट गई। इस घटना में ट्रक के मलबे में चालक और खलासी बुरी तरह दब गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने क्रेन के माध्यम से किसी तरह निकलवा कर दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिला अंतर्गत अहिवारा, नंदनी नगर निवासी ट्रक मालिक सह चालक अजय कुमार जैन और खलासी रायपुर जिला अंतर्गत सरधू गांव निवासी प्रकाश वर्मा शामिल हैं। पुलिस ने घटना से संबंधित जानकारी दोनों मृतकों के परिवार वालों को दी। चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कब तक एनएचएआई के अधिकारी नजर अंदाज करेंगे। डीसी चंदन कुमार ने भी कई बार एनएचएआई के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में घाटी में हो रही दुर्घटनाओं पर सकारात्मक पहल करने का निर्देश देते हैं। लेकिन यह निर्देश सिर्फ बैठक तक ही सीमित रह जाती है। अगर डीसी निर्देश देने के अलावा एनएचएआई के अधिकारियों पर कड़े एक्शन लेते है तो निश्चित ही कुछ पहल हो सकता है। चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोक थाम को लेकर डीसी हर बार सड़क सुरक्षा की बैठक कर एनएचएआई के अधिकारियों को कई निर्देश देते है। इससे पूर्व 10 फरवरी को डीसी ने चुटूपालु घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए घाटी में लगाई गई लाइट को नियमित रूप से कार्य करने को लेकर निर्देश दिए थे। साथ ही दुर्घटनाओं को रोकथाम को लेकर साइन बोर्ड जल्द से जल्द लगाने का भी निर्देश दिए थे। बावजूद इस और एनएचएआई ने सकारात्मक पहल नहीं करने पर दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है।

## 200 सीएफटी सादा पत्थर जब्त, वन विभाग ने की कार्रवाई




**गावां, (गिरिडीह)।** गावां वन विभाग की टीम ने मंझने पंचायत के डढ़कोल और देहार जंगल में अवैध रूप से हो रहे सफेद पत्थर उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की है। यहां छापेमारी कर 200 सीएफटी सफेद पत्थर, हथौड़ा, सब्बल आदि को जब्त किया है। वन विभाग ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। छापेमारी के दौरान वहां काम कर रहे मजदूर सभी भाग खड़े हुए। बाद में वनकर्मियों ने पत्थर और खनन में प्रयुक्त औजार को जब्त कर कार्यालय ले आया। वनपाल राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर आज छापेमारी अभियान चलाया गया है। कहा कि खनन संचालक को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

### मनरेगा की ऑनलाइन हाजिरी में हो रहा बड़ा फजीवाड़ा

# 237 रुपए हाजरी पर शूट-बूट व टाई लगाकर करते हैं काम

**रोहित भारती**







**तिसरी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानि मनरेगा में विभागीय साठगांठ से बड़ा खेल चल रहा है। मनरेगा की ऑनलाइन हाजिरी में बड़ा फजीवाड़ा चल रहा है। कहीं विदेशी (शूट बूट वाला) मजदूरों को काम पर लगाया गया है तो कहीं एक ही मजदूरों को कई योजनाओं में काम करता हुआ दिखाया गया है। मामला गिरिडीह जिले के देवरी और गांवा प्रखंड का है। मनरेगा के तहत देवरी प्रखंड के चिकनाडीह पंचायत में तालाब निर्माण और डोभा निर्माण क्रमशः एमएसआर न. 30352,30336,30329 कार्य में ऑनलाइन एनएमएस में शूट - बूट व टाई लगाए हुए विदेशी महिला व पुरुषों की तस्वीर डाली गई है। अब सवाल यह उठता है कि क्या मनरेगा योजना के तहत देवरी में 237 रुपए की हाजरी पर विदेश से मजदूर आते हैं? और आते भी हैं तो शूट - बूट व टाई लगाकर कुदाल - गंईता चलाते हैं? हालांकि तस्वीर में ये सब लोग पोज देकर फोटो खिचवाते नजर आ रहे हैं। जिससे लग रहा है कि संभवतः यह तस्वीर गूगल से निकाली गई है। वहीं दूसरी ओर गांवा प्रखंड के मालडा पंचायत के ग्राम सीरी में डोभा निर्माण योजना एमएसआर न. 14652 में भी इसी प्रकार का फोटो अपलोड किया गया है। जिसमें शूट - बूट व टाई में विदेशी लोग पोज दिए खड़े हैं। तो वहीं पसनौर में भी एक ही फोटो का कई योजनाओं में इस्तेमाल किया जा रहा है। तो वहीं इन सब मामलों से तिसरी प्रखंड भी अछूता नहीं है। यहां भी चल रहे मनरेगा योजनाओं में भारी गड़बड़झाला है। मनरेगा योजना में धड़ल्ले से जेसीबी मशीन चलाई जाती है। अब सबसे बडा सवाल यह उठता है कि क्या विभाग द्वारा ऑनलाइन अपलोड फोटो को चेक नहीं किया जाता या चेक किया जाता है तो यह गड़बड़झाला हो कैसे रहा है। कहीं ना कहीं यह विभागीय संलिप्तता को साफ तौर पर दशार्ता है। यूँ कहें तो मजदूरों के लिए बनाई गई यह योजना केवल बिचौलियों, मनरेगा कर्मी और सरकारी बाबूओं के काम आ रही है।

यह सब मिलकर मनरेगा की मलाई खा रहे हैं और सरकारी राशि का बंदरबाँट कर रहे हैं। अगर ईमानदारी से जांच हुई तो और कई चौंकाने वाले मामले सामने आ सकते हैं। इस मामले में मनरेगा लोकपाल तमन्ना परवीन ने कहा कि मामले की जांच करेंगे, यह काफी गंभीर मामला है।

### मातृ-पितृ दिवस पर बच्चों ने किया माता-पिता का सम्मान

## संस्कृत स्कूल में छात्रों ने तिलक लगाकर किया पूजन



**गावां (गिरिडीह)।** होली फैथ पब्लिक स्कूल गावां में मातृ- पितृ दिवस मनाया गया। होली फैथ पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति और मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने पूजा की थाली सजाकर अपने माता-पिता का तिलक, पुष्प माला और मिठाई से सम्मान किया, जिस पर माता-पिता ने उन्हें आशीर्वाद दिया। प्राधानाचार्य मुकेश कुमार ने कहा कि माता-पिता संतान के लिए सबसे बड़ा उपहार हैं। उनकी सेवा को श्रेष्ठ सेवा माना गया है। इसमें सभी सेवाओं का फल समाहित होता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता का प्रोत्साहन, सहायता और सही मार्गदर्शन बच्चों को विकास में सक्षम बनाता है। उनके व्यवहार और कार्यों का सीधा प्रभाव संतान पर पड़ता है। इसलिए बालक के जीवन में माता-पिता का महत्वपूर्ण स्थान होता है। निर्देशक अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि बालक के सर्वांगीण विकास में माता-पिता की अहम भूमिका होती है। उनके आशीर्वाद से मन शांत रहता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। वे जीवन में गुरु और मित्र की भूमिका निभाते हैं। मौके पर सुधीर भास्कर, उमेश चौधरी, सचिन कुमार, संजीव कुमार सिंह, अर्चना कुमारी, सिमरन कुमारी, सुरेंद्र सिन्हा, विक्रम शर्मा, सेनिष प्रवीण, रुखसार खातून, दयानन्द सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस ने पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**

युवा कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को जामतारा पंचायत सचिवालय सभागार में पुलवामा हमले की 6वीं बरसी मनाई गई।

इस दौरान उपस्थित युवा कांग्रेस व कांग्रेस

के कार्यकताओं ने 14 फरवरी 2019 को घात लगा कर आतंकवादियों द्वारा किये गए कायरतापूर्ण हमले में शहीद हुए सेना के जवानों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। युवा कांग्रेस के जिला महासचिव गुड्डु मलिक उर्फ सरफराज अहमद ने कहा कि आतंकियों ने जिस तरह घात लगाकर हमारे सेना के जवानों के वाहनों में कायरतापूर्ण तरीके से हमला कर चालीस जवानों को शहीद कर दिया। उसकी जितनी निंदा की जाये वह कम है। कहा कि देश के जवानों पर हमला हम देशवासियों को बर्दाश्त नहीं है। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला महासचिव गुड्डु मलिक कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कपिल ठाकुर उपाध्यक्ष सनाउल्लाह अन्सारी प्रखंड महासचिव सादिक अली, दीपक जैन, मुबारक अन्सारी, नारायण महतो,कमल महतो, दीपक कुमार, फुलमनी देवी, नुरेशा खातून, युसूफ अंसारी, मन्टू कमार आदि उपस्थित थे।

### एसपी ने स्टेडियम का किया निरीक्षण

**पलामू।** शहीदों की स्मृति में मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित होने वाले अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनामेंट को लेकर पुलिस अधीक्षक सह टूनामेंट की अध्यक्ष रीष्मा रमशेन अपने दल के साथ शुक्रवार शाम ग्राउंड का निरीक्षण किया। आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ पूरे स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने बाकी बचे कार्यों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए एवं टूनामेंट के आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए कई निर्देश भी दिए। इस अवसर पर फुटबॉल टूनामेंट आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने हर विभाग के कार्यों के बारे में बताया। आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने भी स्टेडियम में हो रहे टेंट, मंच, लाइट इत्यादि के कार्यों के बारे में जानकारी दी।

### कर्ज में डूबे युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

**रामगढ़(हि.स.)।** रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में कर्ज में डूबे एक युवक ने अपने घर में पंखे की कुंडी से फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। जब घर वालों को इसका पता चला तो उन लोगों के होश उड़ गए। कुजू नया बाजारटांड़ निवासी कुणाल सिंह उर्फ छोटू ( 31) ने गुरुवार की रात इतना बड़ा कदम उठाया। जानकारी के अनुसार कुणाल सिंह पिछले कई दिनों से काफी तनाव में रह रहा था। उसका पैसा मार्केट में और संबंधियों के बीच फंसा हुआ था। लेनदेन के कारण वह इतना कर्ज में डूब गया था, जिसकी वजह से उसकी मानसिक स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई थी। कुणाल की मां जब खाना लेकर उसके कमरे में गई तो कमरा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं दिया, तो उन्होंने कुणाल के पिता रामकुमार सिंह को इसकी जानकारी दी। पिता और पड़ोसियों ने मिलकर जब दरवाजा तोड़ा तो कुणाल की लाश पंखे से लटकती हुई मिली। जब यह घटना घटी थी तो कुणाल की पत्नी अपनी तीन माह की बेटी के साथ अपने मायके रांची में थी। तत्काल परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रंगदारी मांगने वाला अपराधी गिरफ्तार



**रामगढ़(हि.स.)।** झारखंड समेत कई राज्यों में संगठित आपराधिक गिरोह को संचालित करने वाला विकास तिवारी अपने इशारे पर व्यापारियों से रंगदारी वसूलवा रहा है। इसका खुलासा तब हुआ जब इस गिरोह का एक सदस्य अनिल यादव रामगढ़ और लातेहार पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार हुआ। शुक्रवार को पुलिस अनिल यादव को कड़ी सुरक्षा के बीच लातेहार ले गई। लेकिन रामगढ़ में जो कहानी सामने आई वह चौंकाने वाली थी। रामगढ़ शहर के बंगाली टोला निवासी अनिल यादव गिरोह के लिए काफी लंबे समय से काम कर रहा था। विकास तिवारी के इशारे पर वह दूसरे जिले के व्यापारियों और ठेकेदारों को ना सिर्फ धमकता था, बल्कि उन्हें रामगढ़ बुलाकर रंगदारी वसूलता था। धमकी देने के बाद जब व्यापारी उसे पैसे देने के लिए राजी होते थे, तो उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग 33 का एक लोकेशन उन्हें भेजता था। लातेहार के एक व्यापारी को जब पांडे गिरोह की ओर से धमकी मिली तो वह सदमे में आ गया। लेकिन बाद में उसने पुलिस का सहारा लिया। जब पुलिस गिरोह के सदस्यों को ट्रैक कर रही थी, तो इसकी भनक किसी को नहीं लगी। अनिल यादव ने रंगदारी की रकम लेने के लिए जब अपना लोकेशन भेजा, तो पुलिस इस लोकेशन को ट्रैक कर रामगढ़ कोठार ओवर ब्रिज तक पहुंची। पुलिस टीम को देखकर अनिल यादव जब भागने लगा तो दौड़ा कर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। अनिल यादव का घर शहर के बंगाली टोला में है। पुलिस ने उसके घर पर भी छापेमारी की। उसके घर से पुलिस को क्या मिला इसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है।

### सही जवानों को महावीर चौक के समीप दी गई श्रद्धांजलि

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर स्थित महावीर चौक में विश्व हिन्दू परिषद् के युवा सेवा संघ बजरंग दल के तत्वावधान में पुलवामा हमले में वीरगति को प्राप्त वीर शहीद जवानो की याद में श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया और शहीद जवानो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप जलाकर भावभीनी विनम्र श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर शहीद जवानो के अमर रहें के नारों के साथ और माँ भारती के जयघोष की गई। इस अवसर पर मौजूद विहिप जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंह देव ने कहा जब जब देश के दुश्मनों ने हमें ललकारा है, हमारे वीर जवानो ने उनका मुहतोड़ जवाब दिया है और देश की सुरक्षा के लिए वे अपने प्राणो की आहुति सदा देते रहें हैं।,

## अवैध बालू लदा बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का एक ट्रैक्टर जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामले में क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय पुलिस द्वारा बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया। वही अग्रतर कारवाई हेतु संबंधित विभाग को किया सूचनार्थ किया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू ढुलाई चोरी छुपे जारी रहने की सूचना पर लगतार अवैध कारवाई किया जा रहा है। कोयल नदी से बालू उठाव पर अंकुश लगाने की दिशा में ट्रैक्टर चालक व मालिक के विरुद्ध संयुक्त करवाई किया जा रहा है। उसी निमित सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को अवैध बालू लाद कर परिवहन करते हुए भड़गांव पीसीसी पथ से जब्त किया व अग्रतर कारवाई हेतु खनन अधिनियम के तहत संबंधित विभाग को सूचनार्थ किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि बालू तस्करों द्वारा बालू का उठाव दिन के उजाले में बेखौफ कर किया जा रहा था। जिसपर थाना प्रभारी अजित कुमार को अचानक सेन्हा थाना क्षेत्र भ्रमण के दौरान नजर पड़ा तो पुलिस कारवाई करते हुए बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रखते हुए खनन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु अवगत कराया गया है।

## मांडू और रामगढ़ के वन क्षेत्र पदाधिकारी रहते हैं गायब

### कोयला तस्कर उठा रहे लाभ



**रामगढ़ (हि.स.)।** रामगढ़ जिले में कोयला तस्करों की सक्रियता इतनी अधिक बढ़ गई है कि वन प्रमंडल पदाधिकारी उसे रोकने में अक्षम साबित हो रहे हैं। वन क्षेत्र में होने वाले गैर कानूनी गतिविधियों और कोयला तस्करों को रोकने में इसलिए भी सफलता नहीं मिल रही है, क्योंकि मांडू और रामगढ़ के वन क्षेत्र पदाधिकारी अपने एरिया से ही गायब हैं। ऐसी स्थिति से कोयला तस्करों की बल्ले बल्ले है और वन विभाग के अधिकारी कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं। तस्करों के बढ़ते मनोबल से डीएफओ त्रस्त हो गए हैं। उन्होंने अब इन दोनों क्षेत्रों में वन क्षेत्र पदाधिकारी का प्रभार किसी दूसरे पदाधिकारी को देने के लिए वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो को पत्र लिखा है। डीएफओ ने पत्र में कहा है कि मांडू और रामगढ़ के वन क्षेत्र पदाधिकारी अपने क्षेत्र में उपस्थित नहीं रहते हैं। मांडू के वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार को गिरिडीह, बगोदर और चतरा का भी प्रभार मिला हुआ है। रामगढ़ के वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेश राम को भी बगोदर, गोमिया और डुमरी का प्रभार मिला हुआ है। ऐसी स्थिति में वे लोग क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज ही नहीं कर पाते हैं। जिसका कुप्रभाव गैर कानूनी गतिविधियों के रोकथाम पर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी बटेश्वर पासवान को मांडू और रामगढ़ वन क्षेत्र पदाधिकारी का प्रभार देने की अनुशंसा उन्होंने की है।

### दो अलग अलग मामले में फरार दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत मधवाडीह पंचायत के बरियारपुर गांव से छापेमारी कर बेंगाबाद पुलिस ने दो फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार बरियारपुर गांव निवासी शनिचर साव पिता स्व भोला साव ओर शंकर साव पिता जागेश्वर साव के खिलाफ दो अलग अलग मामले के कांड में न्यायालय से वारंट निर्गत था और वह दोनों आरोपी फरार चल रहा था। जिसे बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह एस आई रणधीर सिंह सदल बल ने शुक्रवार को छापेमारी कर घर से गिरफ्तार कर लिया ओर जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## छात्रा के साथ छेड़खानी, मां ने कहा-दुष्कर्म की कोशिश की

**जमुआ।** जमुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की रात एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने और ब्लात्कार करने की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता एलबी हाई स्कूल में 10वीं में पढ़ती है। इस बाबत छात्रा की मां ने जमुआ पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि गुरुवार की रात करीब आठ बजे इसी थाना क्षेत्र के चरघरा निवासी श्याम यादव दो अन्य युवकों के साथ बाइक से मेरी दुकान पर आया दुकान में उनकी बेटी थी। श्याम उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा, डर से उसकी बेटी भागकर घर आई, तो श्याम भी उसके पीछे घर तक आ गया और बेटी के साथ जबर्दस्ती करने लगा। शोर मचाने पर ग्रामीण आये और श्याम को दबोच लिए जबकि दो अन्य युवक बाइक से भाग निकले. ग्रामीणों ने आरोपी युवक को पुलिस के हवालेकर दिया.पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता का संचालन प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन के द्वारा किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के वैसे विद्यालय जहां कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 की कक्षाएं संचालित है.वैसे विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। वही विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार किये गये थे। जिसमे सौरमंडल, पृथ्वी बचाओ, जल चक्र, प्रदूषण और मानव नेत्र को एक मॉडल के रूप में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। क्विज प्रतियोगिता में भी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के पश्चात बच्चों को प्रोत्साहित किया गया और उन्हें ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए और मेहनत करने के लिए उत्साह गया। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 में अनिशा उरांव प्रथम,आजादी परवीन द्वितीय, शिवानी कुमारी तृतीय,कक्षा 6 से 8 तक मे पीयूष कुमार साहु प्रथम,हरीश उरांव द्वितीय,जिनन्त खातून तृतीय तथा 6 से 8 वीं कक्षा के मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम कस्तूरबा गांधी पेशरार,द्वितीय केजीबी सेन्हा और वर्ग 9 से 12 वीं में नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु प्रथम व केजीबी सेन्हा द्वितीय स्थान पर रहे। मौके पर डायट चीरी के महमूद आलम, प्रियंका एक्का, पिंकी कुमारी,समा निराली, कमलेश शर्मा तथा सिनी टाटा ट्रस्ट के सीमा श्वेता तोपनो और उदित कुमार उपस्थित थे।

### मातृ-पितृ पूजन दिवस के साथ सुवर्णप्राशन संस्कार की महत्ता पर कार्यक्रम आयोजित, बोली कमलावती सिंह

# माता और पिता इस धरती पर प्रत्यक्ष देवता है

*सुवर्णप्राशन विश्व की पहली वैक्सीन : वैद्य महेंद्र कुमार मिश्रा*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** माता-पिता के चरणों में ही स्वर्ग की प्राप्ति होती है इनका नित्य प्रति पूजन करना चाहिए इस संस्कार को विकसित करने के लिए सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व आचार्य कमलावती सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही ।उन्होंने कहा कि माता-पिता ही हमारे प्रत्यक्ष देवता हैं और उनकी सेवा निरंतर करनी चाहिए इस अवसर पर विशेष रूप से अरुण उदय प्रभात के भैया बहनों के अभिभावकों को स्वर्ण प्राशन की जानकारी वैद्य महेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि सुवर्णप्राशन संस्कार हमारी सनातन संस्कृति में अनादि काल से चला आ रहा है जिसके कारण राम कृष्ण गौतम बुद्ध स्वामी विवेकानंद रामकृष्ण परमहंस जैसे प्रतिभाशाली बच्चों का जन्म हुआ और उन्होंने अपनी प्रतिभा के आधार पर भारत की प्रतिष्ठा पूरे विश्व में फैली आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी माता-पिता अपने भैया बहनों के लिए सुवर्णप्राशन संस्कार अवश्य कराया जाए ।यह संस्कार भैया बहनों के जन्म के बाद कराया जाता है प्रत्येक महीने के पुख्य नक्षत्र में शून्य से लेकर 12 वर्ष तक के भैया बहनों को प सुवर्णप्राशनकरने पर उनकी मेधा शक्ति बुद्धि आयु तेज बल वीर्य कुशाग्रता इत्यादि गुणों का विकास होता है इसलिए हम सभी अपने भैया बहनों को बलवान ऊजार्वान निष्ठावान प्रतिभा संपन्न बनाने के लिए सुवर्णप्राशन संस्कार अवश्य कराया जाए।

इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 200 अभिभावक बंधु भगिनी उपस्थित रहे ।सारे अभिभावकों ने एक स्वर से स्वर्ण प्राशन अपने भैया बहनों को देने के लिए विद्यालय से अनुरोध किया। हम सभी अपने भैया बहनों के अंतर्गत संस्कारों के माध्यम से ही संस्कृति का संरक्षण संवर्धन कर सकते हैं। इसके निमित्त सदैव हम सभी कार्यरत रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम प्रमुख सुनीता कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंच का संचालन विद्यालय के आचार्य अशोक कुमार सिंह के द्वारा किया गया तथा इस मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रत्येक वस्तु का अपना स्थान होता है, परंतु जब आप अपने सच्चे सुख की उपेक्षा कर समय गंवाते हैं तो यह अच्छा नहीं। मैंने प्रत्येक अनावश्यक कार्य को छोड़ दिया ताकि मैं ध्यान करके ईश्वर को जान सकूँ, ताकि मैं दिन और रात उनके दिव्य चैतन्य में मग्न रह सकूँ। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

## स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक कमजोर विपक्ष

प्रजातंत्र में सत्ता निरंकुश न हो इसके लिए सक्षम और सजग विपक्ष जरूरी है जो सरकार की नीतियों में सुधार के लिए आवाज उठा सके। एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के साथ ही मजबूत विपक्षी दल भी बहुत जरूरी माना जाता है। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली का यह मूल सिद्धांत माना जाता है कि जितनी मजबूत सरकार हो, उतना ही मजबूत विपक्ष भी होना चाहिए। लोकतंत्र में जनता की इच्छा सर्वोपरि होती है। जनता किसी राजनीतिक दल को बहुमत देकर सरकार चलाने का मौका देती है तो किसी राजनीतिक दल को विपक्ष में बैठाकर सरकार पर निगरानी बनाए रखने की जिम्मेदारी देती है। इसलिए यह तो स्वाभाविक है कि सरकार चलाने वाले राजनीतिक दल या गठबंधन के पास सदन में ज्यादा संख्या होती है। लेकिन जनता विपक्ष से यह उम्मीद भी करती है कि सदन में कम संख्या होने के बावजूद विपक्षी राजनीतिक दल या गठबंधन सरकार के गलत कामों की पोल लगातार खोलते रहे। स्वाभाविक तौर पर, राजनीति के मैदान में उतरने का अंतिम लक्ष्य बहुमत हासिल कर सत्ता प्राप्त करना ही होता है। लेकिन कई बार ऐसा लगता है कि इस देश के सबसे बड़े विपक्षी राजनीति दल कांग्रेस के नेता राहुल गांधी महत्वपूर्ण अवसरों पर अक्सर कन्फ्यूज होते नजर आते हैं। उनके कन्फ्यूजन का नुकसान हर बार कांग्रेस को चुनावी हार के रूप में उठाना पड़ता है। लेकिन लगातार हार मिलने के बावजूद भी राहुल गांधी के रवैए में फिलहाल तो कोई सुधार होता, नजर नहीं आ रहा है। दिल्ली में हुआ विधानसभा चुनाव राहुल गांधी के इस कन्फ्यूजन का सबसे ताजा उदाहरण है। राहुल गांधी अंतिम समय तक यह फैसला नहीं कर पा रहे थे कि अरविंद केजरीवाल साथी है या विरोधी? कांग्रेस को बचाने के लिए दिल्ली में चुनाव लड़े या फिर इंडिया गठबंधन को बचाने के लिए केजरीवाल और उनकी पार्टी के खिलाफ मजबूती से चुनाव नहीं लड़े? उन्होंने कभी अजय माकन को केजरीवाल के ऊपर सीधा हमला करने की अनुमति दे दी तो कभी उनकी प्रेस कांफ्रेंस को ही रद्द करवा दिया। जबकि शुरुआती दौर में राहुल गांधी ने स्वयं दिल्ली के सीलमपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, दोनों पर एक ही सुर में तीखा निशाना साधा था। राहुल गांधी स्वयं, अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली विधानसभा में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंच गए। जहां से उन्होंने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया था। जाहिर तौर पर कांग्रेस का लक्ष्य सिर्फ एक था कि कांग्रेस का उम्मीदवार भले ही चुनाव में जीत हासिल न कर पाए लेकिन अरविंद केजरीवाल सहित आप के तमाम दिग्गज नेता अपनी विधानसभा सीट हार जाएं। हुआ भी कुछ वैसा ही, दिल्ली में भले ही कांग्रेस को पिछले दो विधानसभा चुनावों की तरह इस बार भी जीरो सीट ही मिली लेकिन उसके उम्मीदवारों के कारण अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत आप के कई दिग्गज नेताओं को चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा।आम आदमी पार्टी के सभी बड़े नेताओं को चुनाव हरवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर राहुल गांधी ने अपनी ताकत को साबित कर दिया।

*एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के साथ ही मजबूत विपक्षी दल भी बहुत जरूरी माना जाता है।*

# भारत ने वैश्विक ऊर्जा नेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की



आज की बात



**हरदीप सिंह पुरी**
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 की अभूतपूर्व सफलता पर प्रकाश डाला। इसमें प्रतिभागियों और प्रदर्शकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई तथा तकनीकी शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। मंत्री ने कहा कि इस आयोजन ने पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, हरित ऊर्जा, जैव ईंधन और सीबीजी सहित विभिन्न क्षेत्रों को शामिल करके उल्लेखनीय रूप से अपेक्षाओं से अधिक अभिनव विकास को दर्शाया है। श्री पुरी ने इस बात पर जोर दिया कि तीन वर्षों की अल्पावधि में ही भारत ऊर्जा सप्ताह ने स्वयं को विश्व के दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा मंच के रूप में स्थापित कर लिया है। इसका चौथा संस्करण गोवा में आयोजित किया जाएगा।

मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 ने केवल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के रूप में काम करने के बजाय वास्तविक और व्यावसायिक लेनदेन को सुविधाजनक बनाकर अन्य वैश्विक ऊर्जा मंचों से खुद को अलग किया है। श्री हरदीप सिंह पुरी ने विशेष रूप से व्यावहारिक नवाचारों का उल्लेख किया कि एचपीसीएल स्टॉल पर प्रदर्शित लागत प्रभावी रूपांतरण किट, जिसे दो और तीन पहिया वाहनों में जैव ईंधन के उपयोग को सक्षम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अतिरिक्त, मंत्री ने निवेशकों, निर्माताओं और उपभोक्ताओं के अभिसरण पर भी संतोष व्यक्त किया, जो विशेष रूप से फ्लेक्स फ्यूल वाहनों के प्रदर्शन में स्पष्ट हुआ था। मंत्री ने भारत-अमेरिका ऊर्जा सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों में विशेष रूप से प्राकृतिक गैस क्षेत्र में पर्याप्त प्रगति का उल्लेख किया। मंत्री ने भारत के घोषित लक्ष्य पर प्रकाश डाला कि वह अपने ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की खपत को वर्तमान में लगभग 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करना चाहता है। उन्होंने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आपूर्ति के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया। अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र में सुधारों को संबोधित करते हुए श्री पुरी ने लगभग 2,00,000 वर्ग किलोमीटर को कवर करने वाले ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) राउंड एक्स के पैमाने का विस्तृत विवरण दिया। मंत्री ने बताया कि इस दौर में बढ़ी हुई रुचि नियामक व्यवस्था में व्यवस्थित सुधारों, उत्पादन से राजस्व साझाकरण तंत्र में संक्रमण, साथ ही तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम 1948 में प्रस्तावित संशोधनों से प्रेरित है।

इसके अतिरिक्त, श्री पुरी ने घोषणा की कि व्यापक विचार-विमर्श के माध्यम से विकसित नया विधायी ढांचा लोकसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से बीपी के साथ ओएनजीसी के सहयोग और पहले दौर में ब्लॉकों के लिए बोली लगाने में रिलायंस का उल्लेख किया, जो उद्योग साझेदारी का एक मजबूत संदेश है।

मंत्रालय की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए मंत्री ने ईएंडपी पर ध्यान केंद्रित करने, विशेषज्ञ सहयोग के महत्व और नियामक ढांचे में प्रस्तावित परिवर्तनों पर जोर दिया, जो ऊर्जा क्षेत्र में हितधारकों को संसाधन खोज के लिए उचित मुआवजा प्रदान करने की अनुमति देता है। मंत्री ने नीति की पूर्वानुमेयता सुनिश्चित करने, विशेष रूप से अप्रत्याशित कर कार्यान्वयन के संबंध में राज्य सभा द्वारा पारित संशोधनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में अधिक पारदर्शी शासन की दिशा में एक कदम के रूप में नीति कार्यान्वयन में विवेकाधीन तत्वों को हटाने पर भी जोर दिया। वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य पर चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि तेल आपूर्ति बढ़ाने के लिए नए अमेरिकी प्रशासन के प्रयासों ने वैश्विक बाजारों में अनुकूल परिस्थितियां पैदा की हैं। उन्होंने ब्राजील, अर्जेंटीना, सूरीनाम, कनाडा, अमेरिका और गुयाना सहित पश्चिमी गोलार्ध से नए तेल स्त्रोतों के उभरने को भारत जैसे प्रमुख उपभोक्ता देशों के लिए फायदेमंद बताया। श्री पुरी ने ब्राजील, वेनेजुएला, रूस और मोजाम्बिक में तेल और गैस परिसंपत्तियों में भारत के अंतर्राष्ट्रीय निवेश पर पूरा भरोसा जताया।

श्री हरदीप सिंह पुरी ने जैव ईंधन कार्यक्रम को एक उल्लेखनीय पहल बताया। इसमें इथेनॉल मिश्रण के लिए 1,700 करोड़ लीटर की वर्तमान क्षमता का हवाला दिया गया, जबकि 20 प्रतिशत मिश्रण लक्ष्य से परे की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा, श्री पुरी ने ग्रीन हाइड्रोजन के बारे में विशेष उत्साह व्यक्त किया, 2030 के लिए 5 एमएमटी वार्षिक उत्पादन लक्ष्य की ओर आश्वस्त प्रगति की पुष्टि की और टिकाऊ विमानन ईंधन विकास पर भी प्रकाश डाला।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव श्री पंकज जैन ने भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कामकाज की प्रगति का ब्यौरा दिया। उन्होंने समझौतों को अलग-अलग क्षेत्रों जैसे विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में कच्चे तेल, एलएनजी और एलपीजी की आपूर्ति व्यवस्था; डिजिटल रिफाइनरी समाधानों के लिए प्रौद्योगिकी साझेदारी; और अन्वेषण सेवाएं में वर्गीकृत किया।

श्री पंकज जैन ने ओएएलपी राउंड एक्स के अभूतपूर्व पैमाने पर प्रकाश डाला और देश में हाइड्रोकार्बन संसाधनों के दोहन के लिए वैश्विक विशेषज्ञता की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री जैन ने गहरे पानी की खोज परियोजनाओं में अभिनव वित्तपोषण आवश्यकताओं के लिए तेल उद्योग विकास अधिनियम के तहत स्थापित तेल उद्योग विकास निधि के संभावित उपयोग पर भी चर्चा की।

### स्टार्टअप प्रतियोगिता और हैकथॉन विजेताओं को बधाई

श्री हरदीप सिंह पुरी और श्री पंकज जैन द्वारा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की प्रमुख पहल, प्रतिष्ठित अविन्या'25 - ऊर्जा स्टार्टअप चैलेंज पुरस्कार प्रदान किए गए। अविन्या'25 ने प्रमुख ऊर्जा चुनौतियों से निपटने के लिए अग्रणी समाधान देने वाले स्टार्टअप को मान्यता दी। उर्जानोवा-सी प्राइवेट लिमिटेड अपनी सिंथेटिक उत्प्रेरक तकनीक के लिए विजेता के रूप में उभरी, जो स्केलेबल और लागत-प्रतिस्पर्धी कार्बन कैप्चर और रूपांतरण को सक्षम बनाती है। प्रथम रनर-अप, ब्रीथ ईएसजी प्राइवेट लिमिटेड ने एक एसएएएस प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया जो ईएसजी रिपोर्टिंग, डीकार्बोनाइजेशन रणनीतियों और अनुपालन को स्वचालित करता है।

दूसरे स्थान पर एग्रीविजय ने किसानों और ग्रामीण परिवारों के लिए अक्षय ऊर्जा समाधानों के लिए भारत का पहला क्यूरेटेड मार्केटप्लेस पेश किया।

तीसरे स्थान पर एपीरो एनर्जी ने छोटे पवन टर्बाइनों को सौर पैनलों के साथ एकीकृत करके हाइब्रिड माइक्रोग्रिड डिजाइन किए। चौथे स्थान पर यूग्रीन टेक्नोलॉजी ने एक आणविक-इंजीनियरिंग दृष्टिकोण विकसित किया जो कुशल कार्बन कैप्चर के लिए कार्बन प्रतिक्रियाशीलता को बढ़ाता है।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने वसुधा-ऑयल एंड गैस स्टार्टअप चैलेंज की शुरुआत की, जो अपस्ट्रीम ऑयल एंड गैस सेक्टर में क्रांति लाने वाले विदेशी स्टार्टअप्स के लिए एक विशेष प्रतियोगिता है। 13 देशों से आई 17 प्रविष्टियों में से दो दूरदर्शी स्टार्टअप्स को मान्यता दी गई। लैटिन एनर्जी पार्टनर्स इंक., पैराग्वे ने यह चुनौती जीती, जबकि अल्ट्रासाउंड प्रोसेस कंसल्टेशन एलएलसी, यूएसए को उपविजेता घोषित किया गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## ओए...ओए...ये ओयो को क्या हो गया

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

हर समाज के सफर में ऐसा वक्त आता है जब उसकी खुद की बेतुकी सच्चाइयाँ किसी हाथी की तरह कमरे के बीचोंबीच खड़ी नज़र आती हैं। भारत, जो कामसूत्र और खाप पंचायतों का देश है, इस कला में शायद मास्टर हो चुका है। ताज़ा शिकार? ओयो होटल - जिसे अब "खुदाईखाना" के नाम से बदनाम किया जा रहा है। आखिर क्यों? क्योंकि दो वयस्क लोगों का साफ-सुथरे बिस्तर और वाईफाई की चाहत रखना हमारे समाज की दृष्टि में सबसे बड़ा पाप हो सकता है। सफरियों के लिए बजट फ्रेंडली ऑप्शन के तौर पर शुरू हुआ ओयो होटल आजकल बदनामी का प्रतीक बन चुका है। कभी थके-मांदे यात्रियों और रोमांटिक जोड़ों का मसीहा कहलाने वाला यह होटल अब समाज की "सभ्यता" का शिकार हो चुका है। यह जगह जो साफ-सुथरी चादरें, एसी, और स्वच्छ बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएँ देती थी, अब "खुदाईखाना" कहलाने लगी है, मानो यहाँ कोई पुरातात्विक खुदाई हो रही हो। पर कहानी यहाँ खत्म नहीं होती। नई "संस्कार" नीति के तहत अविवाहित जोड़ों का प्रवेश निषेध है। अगर शादी से बाहर किसी को प्यार हो जाए, तो उसके लिए ओयो का दरवाजा बंद है। और अगर आप शादीशुदा हैं? तो आपकी अपनी उलझन है। समाज के ठेकेदारों ने मान लिया है कि शरीफ और शादीशुदा लोग तो ऐसी "गिरी हुई" जगह पर कभी नहीं जाएंगे। तो गणित साफ है: न प्रेमी जोड़े, न परिवार, न यात्री। मतलब? होटल बंद। ज़रा सोचिए, यह वही देश है जहाँ हर दूसरी बॉलीवुड फिल्म प्यार के खिलाफ समाज की लड़ाई दिखाती है। लेकिन असल ज़िंदगी में यही समाज प्यार करने वालों की गर्दन पर "लोग क्या कहेंगे" का फंदा डाल देता है। ऐसे में ओयो तो बस इस भव्य नाटक का एक छोटा सा मोहरा है। इस पूरे हंगामे के केंद्र में हमारी नैतिकता पर प्रश्न चिह्न लग गया है। एक युवा जोड़ा, अपने प्यार और आधार कार्ड के साथ, ओयो होटल के रिसेप्शन पर जाता है। रिसेप्शनिस्ट, जो अचानक नैतिकता का गेटकीपर बन चुका है, उनकी जाँच ऐसे करता है मानो स्वर्ग का वीज़ा जारी कर रहा हो। "क्या आप शादीशुदा हैं?" सवाल इस अंदाज़ में पूछा जाता है जैसे वे कोई आपराधिक रिकॉर्ड खोज रहे हों। अगर जवाब "नहीं" है, तो जोड़े को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। और अगर "हाँ" है, तो शक की निगाहें उनका पीछा करती हैं - आखिर घर होते हुए होटल में क्यों आना? इसी बीच, इन नैतिकता के ठेकेदारों की असली तस्वीर देखिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच

आपकी बात



**मिथिलेश्वर ठाकुर**
महासचिव, परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी)


भारतीय कपड़ा उद्योग हमेशा से देश की अर्थव्यवस्था, परंपरा, संस्कृति और विरासत की आधारशिला रहा है। यह कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोज़गार सृजन करने वाले क्षेत्रों में से एक है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद और निर्यात में इसका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विशेष तौर पर वैश्विक बाज़ार में, कई कारणों से इसने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया। खासतौर पर भारतीय परिधान उद्योग, जो कपड़ा मूल्य श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण घटक है, ने अनुभव किया कि वह महत्वपूर्ण बाज़ारों में टैरिफ़ लाभ लेने वाले कुछ कम विकसित और अल्प-विकसित देशों के समक्ष लागत प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पिछड़ गया और इस तरह अपनी वास्तविक क्षमता के अनुरूप प्रगति नहीं कर पाया। इस बात को ध्यान में रखते हुए वैश्विक आयात पैटर्न के साथ उत्पाद की पेशकश को फिर से जोड़ने के लिए संपूर्ण पुनर्गठन और शीघ्र क्षमता वृद्धि की आवश्यकता थी। सरकार की पीएलआई और पीएममित्र पहलों द्वारा इसका काफी हद तक समाधान निकाला गया। आत्मविश्वास से परिपूर्ण उभरता भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने और पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार था। इसी दृष्टिकोण ने 2024 में भारत टेक्स के विचार को जन्म दिया। बहुत ही कम समय में भारत टेक्स एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में सामने आया और वह नवाचार, सहयोग तथा वैश्विक पहुंच को बढ़ावा दे रहा है। इस प्रमुख आयोजन का दूसरा संस्करण भारत टेक्स 2025 इस विरासत को जारी रखने और भारत के कपड़ा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। फरवरी 2024 में आयोजित पहले भारत टेक्स की शानदार सफलता के साथ आगामी संस्करण अधिक व्यापक, बेहतर और ज्यादा प्रभावशाली होने का वादा करता है। आइए, जानें कि भारत टेक्स 2025 भारत के कपड़ा उद्योग के लिए कितना महत्वपूर्ण है। भारत टेक्स 2025 अत्याधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक अवसरों और रणनीतिक साझेदारियों को सामने लाने के लिए तैयार है। यह दुनिया भर के हितधारकों के लिए एक समन्वय केंद्र के रूप में काम करेगा। भारत और विदेश के निर्माता, निर्यातक, डिज़ाइनर और नीति निर्माता विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। पारंपरिक हथकरघा से लेकर उन्नत तकनीकी वस्त्रों तक भारत की विविध वस्त्र पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए यह सबसे उपयुक्त मंच होगा। उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति वैश्विक कपड़ा बाजार में एक विश्वसनीय, स्थिर और भरोसेमंद भागीदार के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगी। इस आयोजन के दौरान किए गए समझौता ज्ञापन और रणनीतिक साझेदारी इस क्षेत्र में विदेशी निवेश, संयुक्त उपक्रम और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी। स्थायित्व, वैश्विक कपड़ा उद्योग में एक केंद्रीय विषय बन चुका है और भारत टेक्स 2025 पर्यावरण के अनुकूल कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कस्तूरी कॉटन ब्रांड घरेलू जैविक कपास को बढ़ावा दे रहा है और यह भारत की दीर्घकालिक फाइबर खोज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा अपने पूरे वैभव और उत्साह के साथ इसको प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जैविक कपड़े, पुनर्चक्रित सामग्री और ऊर्जा-कुशल उत्पादन तकनीकों सहित स्थायी नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। भारत टेक्स में हरित और भारत की डीकार्बोनाइजेशन एवं शुद्ध शून्य उत्सर्जन पर राष्ट्रीय रणनीति निकटता से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे भारत उन्नत और आवश्यक वस्त्रों में अपने नेतृत्व को आगे बढ़ा रहा है, सतत मंडप व्यवसायों को उनके संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में निरन्तरता को एकीकृत करने के लिए एक प्रारूप प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ज्ञान सत्र नीति समर्थन के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेंगे, जो उद्योग प्रमुखों और नीति निर्माताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों और विचारों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाएंगे। इस दौरान वैश्विक अनुपालन की उभरती जटिल वास्तुकला और लक्षित मार्ग दिखाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

भाईचारे से जिन्हें, मिली नहीं पहचान।
वही मुहब्बत की सुना, खोल रहे दूकान।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## रुपए और शेयर बाजार की गिरावट से हाहाकार

देश की बात



**सनत जैन**

भारतीय रुपया पिछले कई महीनो से गिरावट का सामना कर रहा है। पिछले दिनों जब रुपया अत्यधिक गिरने लगा। रुपए की गिरावट को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को 13 बिलियन डॉलर बाजार में डालने पड़े। रिजर्व बैंक ने डॉलर बेचकर रुपए की कीमत को गिरने से रोका गया। रुपये की स्थिति को नियंत्रित करने आगे आना पड़ा। यह पहली बार नहीं है। जब केंद्रीय बैंक को इस तरह से रुपए की गिरावट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा हो। रिजर्व बैंक ने इस बार सबसे ज्यादा जोखिम लेकर ऐसे समय पर डॉलर को बेचा है। जब डॉलर की सबसे ज्यादा जरूरत रिजर्व बैंक और सरकार को है। जिसके कारण देश के अर्थशास्त्रियों में देश की अर्थव्यवस्था को लेकर सबसे बड़ी चिंता के रूप में इसे देखा जा रहा है। इस बार की स्थिति अधिक गंभीर नजर आ रही है। रुपए की गिरावट के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं। वैश्विक स्तर पर डॉलर की मजबूती, विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय बाजार से पूंजी निकालना, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, देश में बढ़ती महंगाई के कारण रुपए पर लगातार दबाव बना रहे है। आरबीआई ने बाजार में भारी मात्रा में डॉलर झोंककर रुपए को स्थिर करने का जो प्रयास किया है। इससे बाजार में नकदी का संकट उत्पन्न हो गया है। वर्तमान में स्थिति यह है, रिजर्व बैंक को लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि बैंकों को मुहैया करानी पड़ सकती है। ताकि बैंकों में नकदी का संकट उत्पन्न ना हो। सरकार और रिजर्व बैंक के द्वारा जिस प्रकार से अर्थव्यवस्था पर नीतिगत हस्तक्षेप किए जा रहे हैं। उससे यह स्पष्ट होता है, भारतीय अर्थव्यवस्था अभी तक के सबसे अस्थिर दौर से गुजर रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा जब तक ठोस आर्थिक सुधार नहीं होंगे, तब तक इस तरह के प्रयास से जो भी समाधान होगा, वह अस्थायी ही रहेगा। आगे चलकर इसके परिणाम भयावह होंगे। सरकार और आरबीआई बाजार में डालर ओर नगदी झोंककर रुपए और अर्थव्यवस्था बैंकिंग को संभालने की कोशिश कर रहे है। यह स्थायी समाधान नहीं होगा। केंद्र सरकार को इस तरह के अस्थाई प्रयास करने के स्थान पर बजाय, सरकार को निर्यात मे बढ़ावा देना, विदेशी निवेश को आकर्षित करना, घरेलू उत्पादन को मजबूत करना तथा जरूरी चीजों का आयात करने की नीति पर काम करना होगा। इसके अलावा, महंगाई भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों से खाद्य पदार्थों और आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। पिछले एक दशक में टैक्स भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जिसके कारण आम लोगों की क्रय शक्ति लगातार कम हो रही है। आम आदमी खर्च करने के लिए कर्ज ले रहा है। सोना गिरवी रखकर बच्चों की पढ़ाई और जरूरी चीजों में खर्च कर रहा है। लोगों की कमाई नहीं बढ़ रही है। खर्च लगातार बढ़ते चले जा रहे हैं। अब तो कर्ज चुकाने की भी स्थिति नहीं रही। जो सोना गिरवी रखा था, वह बैंकों या एनएफसी कंपनियों द्वारा नीलाम किया जा रहा है। महंगाई, मांग और आपूर्ति में लगातार बढ़ता अंतर अर्थव्यवस्था में कई तरह के दुष्प्रभाव डाल रहा है। इस स्थिति को जल्द नहीं संभाला गया। आने वाले कुछ ही दिनों में मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए जीवनयापन और भी कठिन हो जाएगा। भारत में आंतरिक मांग और आपूर्ति लगातार घटती चली जाएगी। इससे बेरोजगारी जैसी समस्याओं में और भी वृद्धि होगी। जो सरकार के लिए कई और भी चुनौतियों को पैदा करेगी। डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरावट को रोकने के लिए अल्पकालिक उपायों पर निर्भर रहना, घातक रणनीति होगी। सरकार और आरबीआई को दीर्घकालिक नीति तैयार करनी होगी। सरकार वास्तविक स्थितियों को स्वीकार करे। वर्तमान स्थिति से बाहर निकालने के लिए अर्थशास्त्रियों की मदद ले आयात और निर्यात व्यापार का संतुलन बनाने की सबसे बड़ी जरूरत है। आयत और निर्यात में संतुलन नहीं बनाया गया तो डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरावट को रोकना संभव ही नहीं है। केंद्र एवं राज्य सरकारों को मजबूत आर्थिक नीतियों, व्यापार संतुलन और वित्तीय अनुशासन पर विशेष ध्यान देना होगा। जिस तरह की अस्थायी राहत के प्रयास किया जा रहे हैं। यह राहत ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाएगी। वैश्विक आर्थिक मंदी और आर्थिक अनिश्चितता को लेकर जो नया दौर देखने को मिल रहा है। उसको लेकर भारत को सतर्क रहने की जरूरत है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पुलिस अधीक्षक ने मासिक अपराध का किया आयोजन पुलिस को दिए कई निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा की अध्यक्षता में शुक्रवार को एसपी कार्यालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी तथा पुलिस सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिमडेगा पुलिस अधीक्षक सौरभ के द्वारा की गई मौके पर सभी थानों के विगत माह में प्रतिवेदित निष्पादित काण्डों की समीक्षा की गयी। काण्डों के निष्पादन और उद्भेदन हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सिमडेगा न्यायालय के लोक अभियोजकों एवं सहायक लोक अभियोजकों के द्वारा विगत माह, सजा और रिहा हुए काण्डों पर विचार विमर्श किया गया तथा फेल हुए काण्डों पर समीक्षा की गयी। बतलाया गया कि काण्ड किन वजहों एवं कमियों की वजह से फेल हुआ और किन-किन बिंदुओं पर सुधार लाने की आवश्यकता है। मौके पर एसपी ने सभी थाना प्रभारी का आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा अनुसंधान के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए कोर्ट के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुए सही समय पर सम्मन/वारंट का तामिला कराना जरूरी है।इसके अलावा गवाहों को न्यायालय में उपस्थिापित कराना भी कर्तव्य है।वही काण्ड के निष्पादन एवं उद्भेदन में सक्रियता के साथ-साथ तेजी लाना और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने के निर्देश दिये।इसके साथ साथ अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से रोड फेसिंग सीसीटीभी कैमरा का अधिष्ठापन,शातिर अपराधकर्मियों/अपराधियों/नक्सलियों का सत्यापन कर उसपर निगरानी रखना,जमानतदारों का सत्यापन करना।,सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से वाहन चेकिंग करना एवं एमभीआई एक्ट के विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करना।,अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक सिमडेगा न्यायालय से सहायक लोक अभियोजक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा, पुलिस उपाधीक्षक(मु0), सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी, तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मृतक परिजनों से मिली जिप सदस्य जोसिमा, किया एम्बुलेंस की व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिप सदस्य जोसिमा खाखा शुक्रवार को केरसई जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा के रिश्तेदार पतरस टोप्पो के निधन की सूचना पर परिजनों से मिली। साथ ही शव को घर तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस की भी व्यवस्था कराई। एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने में सीएस डॉ रामदेव पासवान का भी योगदान रहा। जोसिमा ने बताया कि दिवंगत पतरस का तबियत बिगड़ने पर उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर किया था। रांची ले जाने के क्रम में तोरपा में ही पतरस का निधन हो गया। इसके बाद जोसिमा खाखा ने सीएस को फोन कर एम्बुलेंस की मांग की थी। मौके पर जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, कांग्रेस नगर प्रभारी शशि गुड़िया, वार्ड सदस्य असरानी कुजूर, लीला नाग, उर्मिला केरकेटा, प्रतिमा कुजूर आदि उपस्थित थे।



### बीमार शिक्षक के लिए भी जोसिमा ने कराई बेहतर इलाज की व्यवस्था

इधर जोसिमा खाखा ने सदर अस्पताल में इलाजरत सिकरियाटांड़ चोगोटोली निवासी बीमार शिक्षक शांति बागे से भी मुलाकात की। साथ ही उनके बेहतर इलाज हेतु रांची ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने में सहयोग किया।

# जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल में मातृ-पितृ पूजन समारोह किया आयोजन






नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल, सिमडेगा में शुक्रवार को हर्षोल्लास एवं भक्तिपूर्ण वातावरण में मातृ-पितृ पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश जायसवाल, पूजा जायसवाल, कविता देवी, प्रतिमा देवी, प्रियंका रानी साहू, अंजू साहू, सपना देवी, सरिता देवी, छोटेश्वर ग्वाला, प्रदीप बड़ाइक, शिवा बड़ाइक, सीता देवी, संतोषी देवी, विमला देवी की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का वेद मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माता-पिता के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। विद्यालय की प्राचार्या प्रभा केरकेट्टा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, "माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। उनकी सेवा और सम्मान करना हर संतान का परम कर्तव्य है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों में संस्कारों को जागृत करने का कार्य करते हैं, जिससे वे अपने परिवार और समाज के प्रति अधिक उत्तरदायी बनते हैं।"माताओं एवं पिताओं ने इस आयोजन को विद्यालय की एक अनूठी पहल बताते हुए इसे अत्यंत हृदयस्पर्शी अनुभव बताया। उन्होंने विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में संस्कार और आदरभाव को विकसित करने में सहायक होते हैं।समारोह का समापन पुष्पांजलि अर्पण और आशीर्वाद वचनों के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के मुनूरेन कुल्लू, लता कुजूर, सुमैया प्रवीण, छोटेलाल लोहार, कुमारी सोनी, रिजवाना खातून, सपना डांग, राहुल कुमार का बहुमूल्य योगदान रहा।

# झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली के नेतृत्व में चलाया गया सदस्यता अभियान




नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के जामटोली में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य फिरोज अली के नेतृत्व में झामुमो पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशुम गुरु शिबू सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन जी के निर्देशानुसार सिमडेगा जिला के कोलेबिरा में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें झारखंड की अबुआ सरकार और माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोकप्रियता को देखते हुए सैकड़ों लोगों ने झामुमो का सदस्यता ग्रहण किया।मौके पर फिरोज अली ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हमारे झारखंड की अबुआ सरकार गरीब किसानों और आम जनों के लिए कई सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं जिनका सीधा लाभ गरीब किसानों को मिल रहा है।युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है,गरीब किसानों को अबुआ आवास दिया जा रहा है।युवतियों और महिलाओं को हमारी सरकार मैया सम्मान योजना के माध्यम से सम्मान राशि देने का काम कर रही है, अन्य कई सारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। जिससे प्रभावित होकर जिले में हजारों की संख्या में लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का सदस्य बनने के लिए लोग उत्साहित हैं।इस अवसर पर सुजीत केरकेट्टा,कैटरीना तिर्की,शांतिना टेटे,निखिल टेटे,रोहित केरकेट्टा,सोनाली कुमारी,सुनिला डुंगडुंग,एडलिन टेटे,ओलिव तिर्की,सोरोटिना डुंगडुंग,मार्तीडा डुंगडुंग,सलमा केरकेट्टा, क्रिस्टोफर केरकेट्टा, जगदीश सोरेन,रोशन टेटे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जलापूर्ति योजना के तहत बने जलमिनार का तोरपा विधायक ने किया निरिक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने शुक्रवार को बानो स्थित वृहद जलापूर्ति योजना के तहत बने जलमिनार का निरिक्षण किया तथा स्थिति के बारे जानकारी ली। मालूम हो कि वृहद जलापूर्ति योजना से पिछले 6-7 महिने से पानी सप्लाई बंद है।जिस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बताया जाता है कि मशीन खराब रहने के कारण जलापूर्ति बंद है।जल मीनार से लगभग 200 कनेक्शन धारी है जिसे पानी के लिए परेशानी उठाना पड़ रहा है।इस संबंध में ग्रामीणों ने तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया से शिकायत कर जलापूर्ति चालू कराने की मांग की। विधायक वृहद जलापूर्ति योजना के तहत बनाए गए जलमीनार का निरिक्षण किया।निरिक्षण के क्रम में ताला जड़ा हुआ पाया गया। इसके बाद तोरपा विधायक ने पीएचडी विभाग के जेई से फोन में मामले की जानकारी ली तथा जेई को जलापूर्ति बंद रहने के कारण के बारे जानकारी लिया तथा विधायक सुदीप गुड़िया ने जेई को फटकार लगाते हुए अविलंब जलापूर्ति सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी का महीना प्रारंभ हो गया है और ऐसे में जलापूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। मौके पर झामुमो संयोजक मंडली सदस्य तनवीर हुसैन, अमित बडिंग, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केशरी, अरमान तोपनो, अनुज गुड़िया के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिला परिषद अजय एक्का ने ऐतिहासिक कोरोंजो मेला को डाक फ्री करने की उठाई मांग

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड के जिला परिषद सदस्य अजय एक्का ने कोरंजो मेला को डाक फ्री करने को लेकर मांग उठाई ।उन्होंने कहा शनिवार को ठेठईटांगर प्रखंड के दुमकी पंचायत अंतर्गत ऐतिहासिक कोरोंजो मेला का शुभारंभ होना है। इसकी बंदोबस्ती भी हो चुकी है ,लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि बंदोबस्ती के पूर्व न ही किसी तरह की सूचना दी गई न ही कोई समाचार पत्रों इस बंदोबस्ती का विज्ञापन निकाला गया। प्रखंड कार्यालय की क्या मजबूरी रही है जो कि पंचायत सचिवालय में इसकी बंदोबस्ती न होकर बंदोबस्ती प्रखंड कार्यालय में हुई। दूसरी बात पिछले साल 41000 रुपए मात्र में इसकी बंदोबस्ती हुई थी लेकिन इस बार केवल 8000 रुपए मात्र में इसकी बंदोबस्ती हुई जो राजस्व की हानी भी है। क्या किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए तो इस तरह की अनियमित तरीके से बंदोबस्ती नहीं की गई।बंदोबस्ती की ये प्रक्रिया गलत है तथा व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का सुनियोजित प्रयोजन है, पश्चिमी जिला परिषद अजय एक्का बंदोबस्ती रद्द कर इस वर्ष के लिए स्थानीय जनता के हित में कोरोंजो मेला फ्री किया जाए।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर पाड़ो में निक्षय शिविर का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** जिले में टीबी उन्मूलन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पाड़ो में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 184 लोगों का एक्स-रे मशीन द्वारा टीबी स्क्रीनिंग की गई।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग बानो द्वारा गांव-गांव में शिविर आयोजित किए जा रहा हैं और लोगों को टीबी बीमारी के बारे में जागरूक किया जा रहा है। सहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों का टीबी स्क्रीनिंग किया गया है और संभावित टीबी मरीजों का एक्स-रे जांच किया गया है।शिविर में टीबी विभाग सिमडेगा के पीपीएम कॉर्डिनेटर अभिषेक जोसफ तिर्की, वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सोनू कुमार, एक्स रे टेक्नीशियन अंजू कुमारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के आदेशपाल जय प्रकाश नारायण, सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्लू, सहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। यह अभियान भारत सरकार के 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य टीबी मुक्त भारत बनाना है ।

## आम के पेड़ में रस्सी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव



**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के कुटमाकछार पंचायत के सेमरडीपा में आम के पेड़ में रस्सी के फंदे पर लटका युवक का शव कुरडेग पुलिस ने शुक्रवार को किया बरामद । मृतक की पहचान सुरेन्द्र रौतिया 35 बर्ष पिता रूना रौतिया निवासी सोगसोगा ( कुटमाकछार ) के रूप में हुई बताया जा रहा है कि मृतक रविवार को घर से निकला था जिसका शव पेड़ पर लटका मिला । कुरडेग पुलिस शव अपने कब्जे में कर छानबीन कर रही है।

# शिशु मंदिर में कक्षा-दशम छात्रों के विदाई व आशीर्वाद समारोह का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखण्ड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर उच्च विद्यालय केतुंगा धाम में कक्षा - दशम के छात्रों के विदाई हेतु आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया।आशीर्वाद समारोह के मुख्य अतिथि प्रांत शिक्षा प्रमुख - सुभाष चन्द्र दुबे ,विशिष्ट अतिथि प्रात शिक्षा प्रमुख राजेंद्र बड़ाईक एवं जिला निरीक्षक- दीनबंधु सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।मंच पर केतुंगा धाम न्यास समिति के अध्यक्ष एवं शिव मंदिर के महान पुजारी प्रदीप दास गोस्वामी, महासचिव मनोज गोस्वामी, सचिव ओम प्रकाश साहू और संयोजन दिलीप पंडा उपस्थित थे।दीनबंधु सिंह ने दशम के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# कुड़पानी से टुकुपानी तक सड़क मरम्मत कार्य का विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कुड़पानी से टुकुपानी तक कि जा रही सड़क मरम्मती व मजबूतीकरण कार्य का गुरुवार को क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य मे बरती जा रही अनियमितता को देख विधायक भड़क गए और उन्होंने उपस्थित कर्मियों को फटकार लगाया। साथ ही उन्होंने कार्य मे गुणवत्ता को प्राथमिकता के आधार पर सुधार करने की हिदायत दी। वहीं उन्होंने निर्माण कार्य मे प्रयुक्त की न रही सामग्री पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य की महागठबंधन की सरकार क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध है किंतु कार्य मे अनियमितता बरते जाने को किसी भी परिस्थितियों में स्वीकार नही किया जाएगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित भारद्वाज कंट्रक्शन के कर्मियों को कार्य व सामग्री में सुधार करने को कहा अन्यथा योजना के तहत राशि का भुगतान रोक दिए जाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रमुख सह कांग्रेस नेता बिपिन पंकज मिंज,विधयक प्रतिनिधी मो कारू आदि मौजूद रहे।

# पुलवामा हमले में शहीद जवानों को विधायक के साथ कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो के जयपाल सिंह मुंडा स्थित खेल मैदान में पुलवामा शहिद दिवस के अवसर पर पुलवामा में शहीद हुए जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया,बानो जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना,ओल चर्चेस कमेटी के अध्यक्ष जगदीश बागे उपस्थित थे।2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया।श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुलवामा में शहीद जवानों के बलिदान को याद किया गया और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई ।इस अवसर पर कांग्रेस जिला महासचिव जगदीश बागे,झामुमो संयोजक मंडली सदस्य तनवीर हुसैन,अमित बडिंग, बानो पाहन प्रमोद लुगुन,सुधीर लुगुन,अरमान तोपनो,अनुज गुड़िया,सुलेमान बारला,बीस सूत्री अध्यक्ष विदेशिया बड़ाइक,बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनीर खान,वरदान गुड़िया उपस्थित थे।

## पुलवामा हमले में सही जवानों को महावीर चौक के समीप दी गई श्रद्धांजलि



**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर स्थित महावीर चौक में विश्व हिन्दू परिषद् के युवा सेवा संघ बजरंग दल के तत्वावधान में पुलवामा हमले में वीरगति को प्राप्त वीर शहीद जवानो की याद में श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया और शहीद जवानो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप जलाकर भावभीनी विनम्र श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर शहीद जवानो के अमर रहें के नारों के साथ और माँ भारती के जयघोष की गई।इस अवसर पर मौजूद विहिप जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंह देव ने कहा जब जब देश के दुश्मनों ने हमें ललकारा है, हमारे वीर जवानो ने उनका मुहतोड़ जवाब दिया है और देश की सुरक्षा के लिए वे अपने प्राणो की आहुति सदा देते रहें हैं, उनकी वीरता को सदा नमन हैं, देश उनकी सदा ऋणी है।मोके पर विहिप जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंह देव, लहरू सिंह, सुबोध महतो, अंकित केसरी, , सुमित गुप्ता, विनीत गुप्ता, जयंत पंडा, आकाश कुमार आदि उपस्थित रहें।

# भाजपा में लोकतांत्रिक तरीके से होती है संगठनात्मक चुनाव-किशलय तिवारी

**सिमडेगा।** संगठन महापर्व संगठनात्मक चुनाव हेतु प्रदेश द्वारा नियुक्त सिमडेगा जिला चुनाव प्रभारी सह भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान प्रदेश कार्य समिति सदस्य किशलय तिवारी एवं चुनाव सह प्रभारी श्रद्धानन्द बेसरा द्वारा ठेठईटांगर बोलबा एवं केरसई मंडल में कार्यशाला कर मंडल अध्यक्ष मंडल चुनाव अधिकारी शक्तिकेन्द्रों के चुनाव प्रभाररियों एवं संयोजक सहसंयोजको को बूथ समिति चुनाव के तरीके बताए और संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। चुनाव प्रभारी किशलय ने कहा कि 17 फ़रवरी तक बूथों का चुनाव सम्पन्न करना है साथ ही सक्रिय सदस्तों का सत्यापन भी करा लेना है। मौके पर सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रवि गुप्ता, केरसई मंडल अध्यक्ष मानकीलाल, ठेठईटांगर मंडल अध्यक्ष सुरजन प्रधान, बोलबा मंडल अध्यक्ष सुरजन बड़ाईक, प्रदीप कुमार, गौतम कुमार ,सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हुरदा शिव मंदिर परिसर में मातृ पितृ पूजन दिवस का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** पूज्य संत श्री आशारामजी बापू द्वारा प्रेरित 14 फरवरी मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। हुरदा शिव मंदिर परिसर में सुबह 10.00 बजे किया गया।मां की प्रदक्षिणा करने से सारे तीर्थ का फल मिलता है। और पिता का आदर व प्रदक्षिणा करने से सब देवों की पूजा का फल मिलता है। 14फरवरी को वेलेंटाइन डे न कर अपने भारतीय संस्कृति को करे इस दिन गणेश जी ने अपने माता-पिता शिव पार्वती जी प्रदक्षिणा करने का संकल्प करें। वेलेंटाइन डे हमारे भारत की संस्कृति नहीं है। इसे करने से हमारे माता-पिता बुढ़े बुजुर्गों को अनर्थ अश्राम का दिन देखा नहीं पड़ेगा। इसे करने से हमारे बच्चों को अच्छी संस्कार के साथ अच्छी शिक्षा भी मिलेगी। इस कार्यक्रम में निम्न लोग उपस्थित रहे। संध्या देवी, अम्बिका देवी उषा देवी, कलावती देवी, घनश्याम दास पिंटुग सिंह,तकधार साहु रेणु देवी, सोनिया देवी घुरण सिंह आदि उपस्थित थे।

# मां बाघचंडी मंदिर के स्थापना दिवस सह धार्मिक मेला का भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड के कल्हाटोली स्थित मां बाघचंडी मंदिर का स्थापना दिवस सह तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन यज्ञ कार्यक्रम का समापन किया गया।इसके साथ तीन दिवसीय धार्मिक मेला समापन किया गया। समापन के अवसर पर पुर्णाहुति व नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया ।इसमे नाचते गाते पुरे गांव का परिक्रमा किया। भंडारा कार्यक्रम मे लोगो के बीच प्रसाद का वितरम किया गया। पुरोहित पवन शर्मा व प्रदीप पंडा ने पुजा संपन्न कराया।यजमान के रूप पंचम सिंह सह पत्नी बुधनी देवी व तारकेश्वर सिंह सह पत्नी ब्रजमनी देवी शामिल हुए। कार्यक्रम बानो, लचरागढ, रामजडी, ऊकौली, पोगलोया सहित उडीसा के कीर्तन मंडली ने भाग लिया। ।इस अवसर पर तारकेश्वर सिंह, भोला साहु, प्रमोद साव,सुभाष साहु, पंचम सिंह,बुधनी देवी, तारकेश्वर सिंह,ब्रजमनी देवी,हरिश चंद्र सिंहबसंती देवी,छत्रपति सिंह,सावित्री देवी,विक्रम सिंह,सुहानी देवी, रंग बहादुर सिंह,बाबूलाल बड़ाइक,रूपधर सिंह,देवेन्द्र सिंह,बलभद्र सिंह,भूपति सिंह,, रामेश्वर दास,, चौधरी सिंह अंकित अग्रवाल, टोनी अग्रवाल, सुरज साव, धीरज साव, नीरज साव, जीतन साहु, चंदन साव, अन्य लोग उपस्थित थे।

## महाकुंभ में स्नान जारी, सीएम ने जाम को लेकर दिए सख्त निर्देश बोले सड़क पर उतरें अधिकारी

**महाकुंभ नगर** । प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान जारी है। शुक्रवार को यहां पर यातायात की व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारी भी सड़क पर उतरें। महाकुंभ में शुक्रवार होने के कारण भीड़ बढ़ने लगी है। कल शनिवार और फिर रविवार है। ऐसे में प्रशासन का अंदेशा है कि सप्ताह के आखिरी में एक बार फिर भीड़ बढ़ सकती है। इसको देखते हुए इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखनऊ में मीटिंग की। महाकुंभ में यातायात व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें। प्रयागराज महाकुंभ नगर, प्रयागराज जनपद, अयोध्या, वाराणसी और आसपास के सभी जिलों में कहीं भी सड़क पर जाम न लगे। हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करें। जहां जाम होगा, वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। दरअसल, प्रयागराज में कुंभ जाने वाले श्रद्धालु अयोध्या भी जाना चाहते हैं। इसे लेकर जाम के हालात बन रहे हैं। अमेठी, सुल्तानपुर और अंबेडकर नगर में जाम लग रहा है। कई बाहरी राज्यों की गाड़ियां जाम में फंस रही हैं। उधर, महाकुंभ में सफाई कर्मियों की तरफ से एक साथ घाटों की सफाई का अभियान चलाया जाएगा। महाकुंभ में शुक्रवार को 40.02 लाख लोगों ने स्नान किया है।

# महाकुंभ 2025 : 300 सफाई कर्मियों ने रचा इतिहास गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया नाम

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

दुनिया में पहली बार शुक्रवार को 300 सफाई कर्मियों ने पहला रिवर क्लीनिंग रिकॉर्ड बनाया है। महाकुंभ मेले की सीईओ आकांक्षा राणा ने इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। आकांक्षा राणा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि यह दुनिया का पहला रिवर रिकॉर्ड है, जिसमें 300 सफाई कर्मियों द्वारा गंगा नदी की सफाई की जा रही है। इस गतिविधि के माध्यम से मेला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य देश और दुनिया को यह संदेश देना है कि नदी और जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखना कितना महत्वपूर्ण है। महाकुंभ मेला प्रशासन की योजना है कि इस तरह के और भी रिकॉर्ड बनाए जाएं।

अगले चरण में 15 हजार सफाई कर्मियों द्वारा सड़कों की सफाई की जाएगी। यह सफाई गतिविधि विभिन्न जगहों पर एक ही समय में आयोजित की जाएगी। आकांक्षा राणा ने आगे कहा कि आज का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स दुनिया का पहला रिवर क्लीनिंग रिकॉर्ड है, जिसमें 300 सफाई



कर्मियों ने एक साथ मिलकर गंगा की सफाई की। इसके बाद, महाकुंभ मेला प्रशासन द्वारा और भी रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, जो इस विशाल आयोजन की स्वच्छता की दिशा में एक और कदम साबित होंगे। इस ऐतिहासिक सफाई अभियान से महाकुंभ मेला प्रशासन ने देश और दुनिया को एक जागरूकता का संदेश दिया है कि हमारे नदी-जल स्त्रोतों को साफ और स्वच्छ रखना चाहिए। बता दें कि विश्व के सबसे बड़े धार्मिक सांस्कृतिक समागम 'महाकुंभ 2025' ने दुनिया को अचंभित कर रखा है। दुनियाभर के बड़े धार्मिक आयोजनों में यह अपनी विशेष पहचान बना चुका है। प्रयागराज में मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के पावन संगम में आस्था का अटूट रेला उमड़ रहा है। महाकुंभ में अब तक 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (मंत्रिमंडल समेत) संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत समेत कई दिग्गज स्नान कर चुके हैं।

## महाकुंभ का आयोजन शानदार, हर दिन बन रहा नया रिकॉर्ड : गजेंद्र सिंह शेखावत

**जोधपुर**। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ को शानदार बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसका अध्ययन केस स्टडी के तौर पर किया जाएगा। उन्होंने ये बातें शुक्रवार को अपने गृहनगर और संसदीय क्षेत्र जोधपुर पहुंचने पर कही। अपने निवास पर आमजन और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दिया।



उन्होंने महाकुंभ, वक्फ बोर्ड समेत तमाम मुद्दों पर अपनी राय रखी। महाकुंभ के बारे में उन्होंने बताया कि हर दिन महाकुंभ में नया रिकॉर्ड बन रहा है। अब तक 48 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं, जो विश्व में नया कीर्तिमान है। शेखावत ने कहा कि महाकुंभ का आयोजन शानदार तरीके से हुआ है और इसकी व्यवस्थाओं का अध्ययन आने वाले समय में केस स्टडी के रूप में किया जाएगा। महाकुंभ में कांग्रेस के कई नेताओं के सवाल उठाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह पुरानी आदत है कि वे सिर्फ प्रतिक्रिया देते हैं और बाद में उसे नकार देते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कोविड के दौरान जब वैक्सीनेशन शुरू हुआ था, तो कांग्रेस नेताओं ने इसे भाजपा की वैक्सीन कहकर विरोध किया था, लेकिन बाद में सभी ने वैक्सीन लगवाई।

# अटल जी के बाद पीएम मोदी ने देश के ग्रामीण क्षेत्र का किया विकास

**एजेंसी। लखनऊ**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सबसे पहले देश के ग्रामीण क्षेत्र के विकास की अगर किसी ने चिंता की तो वह हमारे प्रधानमंत्री रहे अटल जी ने की थी। वर्ष 2014 से 2024 तक मोदी सरकार ने लाखों करोड़ रुपये से ग्रामीण क्षेत्र का विकास किया है। आज भारत अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान से ऊपर उठकर पांचवें स्थान पर आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अब यह व्यवस्था कर दी है कि 12 लाख रुपये तक जिस किसी व्यक्ति की प्रति वर्ष आय है, उसे टैक्स नहीं देना होगा।लखनऊ में विकास नगर के मिनी स्टेडियम में आयोजित 1028 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में रक्षामंत्री सिंह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जब भी लखनऊ आते हैं तो मैं कुछ मांगता हूं। आने वाले वक्त में भी लखनऊ के विकास के लिए मैं मांगने जा रहा हूं। आज लखनऊ के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज 440 करोड़ की लागत वाली दो फ्लाइओवरों का लोकार्पण भी किया गया है। ये दोनों फ्लाईओवर लखनऊ, सीतापुर और अयोध्या हाई-वे को जोड़ने का काम करेंगे। लखनऊ में बढ़ते वाहनों की संख्या को देखते हुए इन दोनों फ्लाईओवरों की आवश्यकता थी। पांच लाख रजिस्टर वाहनों की संख्या बढ़कर 29 लाख हो गयी है। इससे इस क्षेत्र में जाम की समस्या होने लगी। इन दोनों फ्लाईओवरों से जाम से निजात मिलेगी।1028 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यासकेन्द्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में रक्षा मंत्री सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ की जनता को आज कई सौगात दीं। उन्होंने जाम से निजात दिलाने के लिए 04 लेन के दो फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इसमें 270 करोड़ की लागत से इंदिरा नगर सेक्टर 25-खुर्रमनगर-कल्याणपुर और 170 करोड़ की लागत से पॉलिटेक्निक-मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर का निर्माण हुआ है। इसके अलावा 588 करोड़ की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। कुल मिलाकर 1028 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है।

### विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ विकसित हो रहा लखनऊ : रक्षा मंत्री




**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लखनऊ में 1,028 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ इन्वेस्टमेंट हब के रूप में लखनऊ को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि हाल के एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में लखनऊ को दुनिया के उन शहरों में शामिल किया गया है, जहां तेजी के साथ विकास हो रहा है और भूमि की कीमतें सबसे तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यों का स्मरण करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की मंशानुरुप यूपी में शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक देश में अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर केवल 1.78 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, जबकि 2014 से 2024 के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस क्षेत्र में 28.52 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। लखनऊ मेट्रो के विस्तार पर भी जोर दिया गया, जिसमें चारबाग से वसंत कुंज तक की परियोजना को जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। लखनऊ में यातायात सुगमता के लिए कई फ्लाईओवर और हाईवे बनाए जा रहे हैं।

## 90 लीटर नेपाली शराब के साथ सुपौल जिला निवासी गिरफ्तार

**एजेंसी। अररिया**

जिले की बसमतिया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर नेपाल से तस्करी कर भारत ला रहे एक शराब तस्कर को 90 लीटर नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है।बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को मिले गुप्त सूचना पर भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया।गिरफ्तार शराब तस्कर सुपौल जिला के बीरपुर थाना क्षेत्र के बनेलीपट्टी वार्ड संख्या छह का रहने वाला है।पुलिस ने शराब और हीरो सुपर स्पलेंडर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है।पूर्व से ही इन पर बसमतिया थाना और बीरपुर थाना मद्य निषेध मामले में प्राथमिकी दर्ज है। बीरपुर थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।इस मामले में 585 लीटर शराब की बरामदगी की गई थी।वहीं बसमतिया थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।जिसमें इसके पास से 279 लीटर शराब की बरामदगी की गई थी। बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों मामलों में ये फरार थे।अन्य आपराधिक मामलों का पता लगाये जाने की बात थानाध्यक्ष ने कही।

## ट्रैफिक पुलिस ने बुलेट बाइक के 400 साइलेंसरों पर चलवाया रोडरोलर

**रोहतक**। हरियाणा के रोहतक ट्रैफिक पुलिस ने कॉलेज के छात्रों और युवाओं को सख्त संदेश दिया है कि बुलेट बाइक पर पटाखे वाले साइलेंसर किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। पुलिस का कहना है कि इन बाइकों की वजह से मरीजों, शिक्षण संस्थाओं और आम लोगों को परेशानी होती है। इस संदेश को देने के लिए पुलिस ने जाट कॉलेज के पास एक जगह चुनी और जिन बाइकों का चालान किया गया था, उनके साइलेंसर को रोड रोलर से कुचल दिया। पुलिस ने अब तक 400 साइलेंसरों को रोड रोलर से कुचलकर कड़ा संदेश दिया है। इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस के इंचार्ज जोगेंद्र ग्रेवाल ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि यह कदम इसलिए उठाया गया, क्योंकि युवाओं द्वारा बुलेट बाइकों के साइलेंसर बदलवाकर पैसा बर्बाद किया जा रहा है।

## राहुल गांधी सहित कांग्रेस के इन नेताओं ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पुलवामा हमले की छठी बरसीं पर कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जाबांज शहीदों को याद कर लिखा कि शहादत को देश कभी नहीं भूलेगा। पुलवामा हमले की छठी बरसीं पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा। सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लिखा कि पुलवामा आतंकी हमले में सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे जांबाज सैनिकों को नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि। देश, वीर शहीदों और उनके परिवारजनों का हमेशा ऋणी रहेगा। जय हिंद ! वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि एक ऋणी राष्ट्र के रूप में, हम अपने पुलवामा शहीदों के अदम्य साहस और बलिदान को सलाम करते हैं। उनके प्रति हमारा हार्दिक आभार। भारत माता के लिए उनके निस्वार्थ बलिदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को सलाम किया। इस संबंध में उन्होंने कहा कि 6 साल पहले आज ही के दिन पुलवामा में हमारे वीर जवानों पर हुए कायरतापूर्ण हमले को देश कभी नहीं भूलेगा। हम अपने उन सभी नायकों को सलाम करते हैं, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए और उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा। बता दें कि 14 फरवरी 2019 को ही जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीआरपीएफ के जवानों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था।



## आज का राशिफल

**मेष :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएगा।

**वृष :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कर्क :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है।

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें।

**कन्या :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेंगे। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**तुला :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**धनु :** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मकर :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

## हरैया पुलिस ने 70 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण**। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रो में मादक पदार्थ के तस्करो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान रक्सौल के हरैया थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।पुलिस ने गुप्त सूचना पर सघन छापामारी करते हुए नेपाल सीमा से सटे तिलावे नदी के समीप से 70 किलो 26 ग्राम गांजा के साथ दो गांजा तस्करो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये तस्करो की पहचान हरैया थाना क्षेत्र के भलुआहा वार्ड नंबर 01 निवासी चोकट यादव के 32 वर्षीय पुत्र नंदू यादव व हरैया थाना क्षेत्र के भलुआहा निवासी स्व.रामध्यान यादव के 50 वर्षीय पुत्र चोकर यादव के रूप में हुई है।पुलिस उनके पास से बरामद मोबाइल के कॉल डिटेल व पूछताछ कर इनके लिंकेज को खंगालकर अग्रिम करवाई में जुटी है।

# जेईई परीक्षा के भ्रामक दावे करने वाले आईआईटीपीके पर 3 लाख का जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड (आईआईटीपीके) पर 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना आईआईटी-जेईई परीक्षा के परिणामों के बारे में भ्रामक दावे करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए लगाया गया है। यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि किसी भी वस्तु या सेवा के बारे में कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए। खासकर ऐसे भ्रामक विज्ञापन, जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो। सीसीपीए ने अब तक देश भर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों के लिए 46 नोटिस जारी किए हैं। इनमें से सीसीपीए ने 24 कोचिंग संस्थानों पर




77 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया है। साथ ही इन कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों का प्रकाशन न करने का निर्देश भी दिया गया है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन के लिए मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता वाली सीसीपीए ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड (आईआईटीपीके) के विरुद्ध यह आदेश जारी किया है। संस्थान के विज्ञापनों में अभ्यर्थियों के नाम और तस्वीरों के सामने बोल्ड नंबर '1' और '2' के साथ-साथ "आईआईटी टॉपर" और "नीट टॉपर" जैसे शीर्षक प्रमुखता से दिखाए गए थे। यह गलत चित्रण यह भ्रामक धारणा बनाने के लिए किया गया था कि इन छात्रों ने संबंधित परीक्षाओं में अखिल भारतीय रैंक प्राप्त किया है। सीसीपीए के अनुसार, कोचिंग संस्थान ने जानबूझकर यह तथ्य छिपाया कि छात्र केवल संस्थान के भीतर टॉपर थे, राष्ट्रीय स्तर पर नहीं। यह गलत चित्रण उन छात्रों के निर्णयों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं, जो मुख्य रूप से 7वीं से 12वीं कक्षा के छात्र हैं और जिनकी आयु 14-17 वर्ष है। यह छात्र यह मान सकते हैं कि संस्थान लगातार राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को तैयार करता है। इस प्रकार के झूठे दावों के साथ कोचिंग संस्थान छात्रों की पसंद को प्रभावित करता है। कोचिंग संस्थान द्वारा कहा गया कि संस्थान द्वारा प्रशिक्षित 1,384 छात्रों ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश प्राप्त किया है।

## विमुक्त घुमंतु अर्ध घुमंतु महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए केसर सिंह




**एजेंसी। भोपाल**

विमुक्त घुमंतु अर्ध घुमंतु महासंघ प्रदेश स्तर पर कई पदों के लिए प्रत्यक्ष मतदान चुनाव प्रक्रिया के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव कराए। मध्य प्रदेश के 52 जिलों के सभी जिला अध्यक्ष व जिला प्रभारी सहित विमुक्त घुमंतु अर्ध घुमंतु की 51 जातियों के लोगो ने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में भाग लिया। जिसमें इस सामाजिक चुनाव प्रक्रिया में सीहोर जिले के केशर सिंह बगोरिया को सर्वाधिक समर्थन प्राप्त हुआ और वह प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। प्रदेश प्रवक्ता योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि इस सामाजिक चुनाव प्रक्रिया के पश्चात भोपाल के बिलकिसगंज स्थित संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, संत श्री 1008 महामंडलेश्वर दादू महाराज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान सिंह बघेल द्वारा लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शपथ ग्रहण समारोह प्रारंभ किया। निर्वाचित हुए केसर सिंह बगोरिया को विमुक्त घुमंतू अर्धघुमंतू जनजाति महासंघ के अध्यक्ष पद की शपथ एवं रामकृष्ण बघेल(भिंड),व मोनू धनगर को कार्यकारी अध्यक्ष पद की शपथ, सुभाष चौधरी (उज्जैन) को प्रदेश युवा अध्यक्ष पद की शपथ संत श्री महामंडलेश्वर दादू महाराज व राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान सिंह बघेल द्वारा दिलाई गई।

# दिल्ली में 19-20 को हो सकता है शपथ ग्रहण

**एजेंसी। नई दिल्ली**




दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 19 या 20 फरवरी को हो सकता है। वहीं, विधायक दल की बैठक 17 और 18 फरवरी को आयोजित की जाएगी, जिसमें नई सरकार के गठन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात अमेरिका से दिल्ली पहुंचेंगे। इसके बाद सरकार बनाने को लेकर एक अहम बैठक होगी। पीएम मोदी के साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य शीर्ष नेता भी मौजूद होंगे। इन नेताओं की बैठक में दिल्ली में सरकार गठन के लिए अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान दिल्ली का अगला सीएम कौन होगा, यह भी तय हो जाएगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दिल्ली में सरकार गठन के लिए पहले ही होमवर्क पूरा कर लिया है। पार्टी ने दिल्ली में सरकार गठन के लिए विधायकों के नामों की एक सूची तैयार की है, जिसमें 48 में से 15 विधायकों के नाम को प्राथमिकता दी गई है। इन 15 विधायकों में से 9 नामों को अंतिम रूप से चुना जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री, मंत्री और स्पीकर के नाम तय किए जाएंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री निर्वाचित विधायकों में से होगा और इस बारे में निर्णय विधायक दल की बैठक में लिया जाएगा। नड्डा ने यह भी संकेत दिया कि मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण के बाद पहली कैबिनेट बैठक में कुछ महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले लिए जाएंगे। एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा यह है कि दिल्ली में नई भाजपा सरकार में कोई उपमुख्यमंत्री नहीं होगा। बता दें कि 8 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए गए। इस चुनाव में भाजपा ने 42 सीटों पर शानदार जीत हासिल की, तो वहीं, आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर सिमट गई। इस चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस का खाता नहीं खुला। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 26 फरवरी को समाप्त हो रहा है और नई सरकार को उससे पहले कार्यभार संभालना होगा।

## संघ प्रमुख डॉ. भागवत की सभा को हाई कोर्ट की हरी झंडी, राज्य सरकार की आपत्ति खारिज

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति खारिज करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को 16 फरवरी को बर्दवान में सभा करने की अनुमति दे दी। सभा में आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मुख्य वक्ता हैं। डॉ. भागवत फिलहाल पश्चिम बंगाल में ही मौजूद हैं। आरएसएस ने इस सभा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) के इस्तेमाल की अनुमति के लिए अदालत का रुख किया था, क्योंकि ममता बनर्जी सरकार ने इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया था। राज्य पुलिस ने परीक्षा के दौरान शोरशराबे से छात्रों को होने वाली परेशानी की दलील देते हुए सभा की अनुमति नहीं दी थी। हालांकि, याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में तर्क दिया गया कि सभा स्थल के आसपास कोई स्कूल नहीं है और इसलिए छात्रों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। साथ ही रैली रविवार को होनी है, जिस दिन स्कूल और सारी परीक्षाएं बंद रहेंगी। इसलिए राज्य सरकार की आपत्ति का कोई अर्थ नहीं है। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि जिस दिन सभा प्रस्तावित है, उस दिन कोई परीक्षा निर्धारित नहीं है। इसी आधार पर अदालत ने राज्य सरकार की आपत्ति को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने आरएसएस की सभा को सशर्त अनुमति दी है। अदालत ने आयोजकों को भीड़ के आकार पर नियंत्रण रखने और लाउडस्पीकर की ध्वनि सीमा निर्धारित नियमों के भीतर रखने के निर्देश दिए हैं।

# गंदा पानी पीने को विवश हैं आदिम जनजाति परिवार



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत के लहराहा टोला के आदिम जनजाति के लोग गंदे तलाब के पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि टोला पर पांच चापानल है, लेकिन दो चापानल का पाइप फटा हुआ है, और दो चापानल बिलकुल खराब है। एक चापानल तो चालू है लेकिन ग्रामीण का कहना है कि उसमें लाल पानी देता है। ग्रामीण कुछ दूरी पर स्थित तालाब का पानी पीने को विवश हैं। जिस तालाब से ग्रामीण अपनी प्यास बुझा रहे हैं, उसी तालाब में पालतू जानवर भी पानी पीते हैं। इस तालाब में ग्रामीण नहाने, कपड़ा धोने का काम करते हैं। टोला की आबादी 500 है। ग्रामीण उपेंद्र कोरवा, नंदकिशोर कोरवा ने बताया कि एक माह से पेयजल संकट से जूझ रहे गांव के किसी जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। तालाब का गंदा पानी से प्यास बुझा रहे हैं। मौके पर सुरेंद्र कोरवा, ब्रह्मदेव कोरवा, महेंद्र कोरवा, कलावती कुंवर, सुबचनी देवी, शांति देवी, कमला देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नही थी। खराब पड़े चापानल को जल्द ठीक कराया जाएगा।

# एसडीओ की कार्रवाई से ईंट भट्ठा संचालकों में हड़कंप

- संचालित ईंट भट्ठ संचालों के पास लाइसेंस है या नहीं जांच का विषय बना
- कई ईंट भट्ठों को एसडीओ ने किया सील



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चिमनी ईंठ भट्ठा के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का असर इन दिनों प्रखंड क्षेत्र में भी देखा जा रहा है। संचालकों द्वारा प्रतिदिन व्यापक तौर पर ईंट की बिक्री की जा रही थी, जिसमें काफी कमी बतायी जाती है। बताते चलें कि एसडीओ द्वारा जिला मुख्यालय में अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित कई चिमनी ईंट भट्ठों को सील करने का काम किया गया है। एसडीओ की उक्त कार्रवाई से प्रखंड के चिमनी ईंट भट्ठा के संचालकों में भय व्याप्त है। प्रखंड क्षेत्र के डंडई गांव के साथ तसरार गांव के बीच कई चिमनी ईंट भट्ठा का संचालन हो रहा है। कहना मुश्किल है कि संचालित हो रहे चिमनी ईंट भट्ठा के मालिकों के पास आवश्यक दस्तावेज है या नहीं। यह एक जांच का विषय है। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्रो में चिमनी ईंट भट्ठा का रोजगार उद्योग का रूप ले लिया है। अनगिनितों की संख्या में मजदूरों द्वारा संचालकों की ओर से अपने-अपने भठठो पर ईंट बनवाने का काम करवाया जा रहा है। ईंट भट्ठों के धुएं से वायु प्रदूषण हो रहा है, वहीं छोटी-छोटी बीमारी के मरीज चिमनी ईंट भट्ठा के धुएं के चपेट में आकर और गंभीर बीमारी का मरीज बन जा रहे हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### अचानक अवकाश से विद्यार्थी शिक्षक परेशान



**रमना।** अचानक हुए अवकाश की घोषणा का पता नहीं होने से सरकारी विद्यालयों को छोड़कर निजी विद्यालय खुले रहे। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा पहले से तय की गयी सरकारी अवकाश और मैट्रिक, इंटर के तय कार्यक्रम में शब-ए-बारात के लिए पहले से अवकाश घोषित नहीं करने के कारण पहले सभी विद्यालयों को 13 को अवकाश के लिए विभागीय सूचना दी गयी। जिसका अनुपालना हेतु सभी विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया गया। विद्यालय को 14 को निर्धारित समय सारणी से खुला रखने का था, इसकी सूचना सभी को था, लेकिन अवकाश में ही फिर से अवकाश की घोषणा से सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को सूचना नहीं मिल सकी। जिस कारण बहुत सारे बच्चे एवं शिक्षक विद्यालय पहुंच गये। मैट्रिक इंटर की स्थगित इस तिथि की परीक्षा अगले माह 4 मार्च को होगी।

# पुलवामा की शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजय तिवारी कि अध्यक्षता में पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने शहीद वीर जवानों के लिए अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। शहीदों के याद में दो मिनट का मौन रखा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय तिवारी ने कहा कि देश के दुश्मनों ने पुलवामा में सैनिकों के ऊपर कायराना हमला किया था। जिसमें हमारे 40 जवान शहीद हो गए थे। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों की शहादत को देश सदैव याद रखेगा। वह भारत के इतिहास में काला दिन साबित हुआ था। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि पुलवामा हमले का धमाका इतना खतरनाक था कि इसकी आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दिया था पुलवामा हमले के ठीक 12 दिनों के बाद भारत ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राईक किया इस हमले में भारत ने पाकिस्तान के सैकड़ों आतंकियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा पार्टी है जो सैनिकों का सम्मान देती है मोदी सरकार ने पुलवामा हमले के तुरंत बाद एयर स्ट्राईक कर के पाकिस्तान में छुपे आतंकियों को मार गिराया और दुनियां को बड़ा संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व कैप्टन रामराज पाण्डेय सैनिक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष गोपाल दुबे भाजपा नेता डॉ पतंजलि केशरी ,संजय तिवारी ,बलराम यादव ,राम उनय तिवारी ,अरुण तिवारी विकास तिवारी ,अशोक विश्वकर्मा ,गिरीवर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 20 तक नामांकन फार्म भरा जायेगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवनाथपुर में सत्र 2025-26 के लिए नामांकन प्रारंभ हो गया है। विद्यालय की वार्डेन कविता कुमारी ने कहा कि कक्षा छह के लिए 75 सीटों पर नामांकन, कक्षा सात, आठ, नौ व 11 के रिक्त स्थानों पर छात्राओं का नामांकन लिया जाएगा। नामांकन के लिए 6 फरवरी से ही विद्यालय में निःशुल्क नामांकन फार्म वितरण किया जा रहा है। इच्छुक अभिभावक विद्यालय पहुंच कर नामांकन फार्म प्राप्त कर भरकर आगामी 20 फरवरी तक फार्म जमा कर सकते हैं। विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ छात्रावास एवं खाने पीने की व्यवस्था, प्रत्येक माह छात्रवृति की सुविधा, निःशुल्क पुस्तक, कॉपी कलम, पोशाक, आईसीटी के तहत कंप्यूटर क्लास, स्मार्ट क्लास के अलावे कैरियर उन्मुखीकरण हेतु कैरियर काउंसलिंग की सुविधा मुहैया कराई जायेगी।

## धूल उड़ने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**मेराल।** प्रखंड अंतर्गत लगभग आधा दर्जन से अधिक सड़क निर्माण का कार्य त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है, लेकिन सभी सड़कों में पानी का छिड़काव नहीं होने से आम लोग धूल फांकने पर मजबूर है। त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन द्वारा दो वर्षों से सभी सड़कों में कार्य किया जा रहा है, लेकिन सभी सड़क जर्जर स्थिति में है। साथ ही सड़क निर्माण कार्य के बोर्ड में लागत राशि और कार्य समाप्ति की तिथि अंकित नहीं किया गया है। लखेया मोड़ से हासनदाग कजराठ भाया करकोमा नाहर तक मेराल मस्जिद से चामा गांव तक सड़क निर्माण कार्य में लगातार धूल उड़ने से सड़क पर चलने वाले राहगीरों और स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ काफी परेशानियां हो रही है। निमार्णाधीन सड़क में धूल उड़ने से अंधेरा छा जाता है, जबकि यह सड़क प्रखंड मुख्यालय का प्रमुख सड़क में से एक है।

# ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगाने जा रही छात्रा के साथ दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** एक छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना गुरुवार की है। बताया जाता है कि विद्यालय की कक्षा 10 में पढ़ने वाली एक छात्रा पूर्वाहन करीब 10:30 बजे तबीयत खराब होने तथा जन वितरण प्रणाली के इ-पॉश मशीन में अंगूठा लगाने की बात कह अपने परिचित के साथ विद्यालय से बाहर निकली थी। अपराह्न करीब 2 बजे वापस लौटने पर उसकी हालत ठीक नहीं थी। सूचना पाकर छात्रा के परिजन जब विद्यालय पहुंचे तो उसे डरी, सहमी पाया। वह नशा की हालत में प्रतीत हो रही थी। साथ ही लगातार रो रही थी। मालूम हो कि उक्त छात्रा के माता-पिता जीवित नहीं है। साथ ही बड़ी बहन बेंगलुरु में रहती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अभिभावकों तथा ग्रामीणों ने छात्रा के साथ अनहोनी का संदेह जताते हुए विद्यालय के बाहर प्रदर्शन भी किया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही प्रशिक्षु आइएएस सह छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, डीएसपी अवध यादव, डीइओ सौरव प्रकाश, बीडीओ विनय कुमार व प्रभारी थाना प्रभारी नकुल शर्मा ने मामले की छान बीन की। इस मामले में पीड़ित छात्रा की चाची के आवेदन पर पिपरा थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें सुलतानी निवासी रंजन कुमार सिंह पर छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में आरोपी द्वारा छात्रा को स्कॉर्पियो से विद्यालय के बाहर छोड़कर फरार होने की बात कही गई है। पुलिस मामला दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए मेदिनीनगर भेज दी है। छात्रा के साथ अनहोनी की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, मुखिया पति राजेंद्र यादव, रवि रौशन कुमार, प्रमोद कुमार रवि, सौरभ कुमार, अशोक सक्सेना सहित कई प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने विद्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी से विद्यालय की सुरक्षा बढ़ाने, लापरवाह गार्ड पर कार्रवाई करने, छात्राओं को भोजन व अन्य सुविधा सुदृढ़ करने की मांग की है। डीइओ ने सभी मामले की जांचोंपरांत कार्रवाई करने तथा व्यवस्था में सुधार लाने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में छतरपुर डीएसपी अवध यादव ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस अनुसंधान कर रही है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### जलसंसाधन विभाग से एनओसी लिए बिना ही

# नगर पंचायत से करा दिया गया 19 लाख का सड़क निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद का एक से बढ़कर एक कारनामा सामने आ रहा है। नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा दिसंबर 2024 में 14 योजनाओं के लिए निविदा निकाली गई थी। उन योजनाओं में ही 8 नंबर पर मोहम्मदाबाद से डंपिंग साइट प्राक्कलित राशि 9,95,192 व 9 नंबर पर डंपिंग साइड से मोहम्मदाबाद मेन रोड में पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का प्राक्कलित राशि 9,93,400 है। मजे की बात तो यह है कि नगर पंचायत के द्वारा योजनाओं के स्थल का चेक स्लिप नहीं बनवाया गया और न ही स्थल की जानकारी ली गई कि कार्य किस जगह पर होना है। वह स्थान निजी है या अन्य विभाग के अधीन है। यही वजह है कि जल संसाधन विभाग के उत्तर कोयल मुख्य नहर पर दो में से एक का पीसीसी पथ का निर्माण करा दिया गया। एक रेलवे लाइन के बगल में करा दिया गया, जबकि उस पर रोक हैं। पूर्व से मुख्य नहर के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। नहर का जीर्णोद्धार कर रही कंपनी ने हाल में ही बनी पीसीसी सड़क को उखाड़ कर फेंक दिया और उसपर मिट्टी डाल दी। बताया जाता है कि जल संसाधन विभाग से नगर पंचायत कार्यालय ने अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया था। प्रावधान के मुताबिक कोई किसी विभाग की भूमि का इस्तेमाल उसकी सहमति के बिना नहीं कर सकता है। नगर पंचायत कार्यालय के कार्यपालक पदाधिकारी एवं संवेदकों ने 26 जनवरी को आनन-फानन में नगर पंचायत की सभी 15 योजनाओं का शिलान्यास जयप्रकाश चौक पर एक कार्यक्रम आयोजित कर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम व हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव से संयुक्त रूप से करा लिया था। जिसने कई ऐसी योजनाएं हैं, जो निजी या दूसरे विभाग की भूमि पर की जा रही हैं। वार्ड नंबर दो व तीन में पिछले बोर्ड में ली गई योजनाएं विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण लंबित हैं।



### क्या कहते है नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी

इस मामले में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस ने बताया कि चुकी नगर क्षेत्र का कचरा फेंकने में परेशानी को देखते हुए पहले से बनी सड़क पर ही निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग से एनओसी की प्रक्रिया की गई थी। उन्होंने बताया कि नहर का जीर्णोद्धार कंपनी को भी पीसीसी सड़क को उखाड़ने के पहले बताना चाहिए था। कोई रास्ता निकाला जा सकता था। उन्होंने कहा कि जनहित में पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। पूर्व से उस स्थान पर जो पीसीसी पथ था, वह काफी जर्जर होने की वजह कचरा फेंकने वाले वाहन फंसते थे।

### बिरयानी सेंटर से सड़क पर बहाया जा रहा गंदा पानी

# नगर निगम की चेतावनी के बावजूद सुधार नहीं, दोबारा होगी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सद्दीक मंजिल चौक के पास स्थित बिरयानी सेंटरों से गंदा पानी सड़क पर बहाने की समस्या बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन द्वारा पहले भी इन पर 5-5 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया था, लेकिन इसके बावजूद सड़क पर गंदगी फैलाने का सिलसिला जारी है। सद्दीक चौक से शाहपुर जाने वाली सड़क पर तीन बिरयानी सेंटर स्थित हैं, जहां से गंदा पानी सड़क पर बहाया जा रहा है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को इससे परेशानी हो रही है। नगर निगम के सहायक आयुक्त विश्वजीत महतो ने कहा कि यदि संचालकों ने जल्द ही गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। संचालकों का कहना है कि उन्होंने पूर्व वार्ड पार्षद से नाली निर्माण की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। नगर निगम का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाना नियमों का उल्लंघन है, और इस पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# दूसरे स्थल पर आंगनवाड़ी भवन निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**संवाददाता नवीन मेल**

**चैनपुर।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत बांसडीह खुर्द पंचायत के उलमान गांव की सेविका रूपाकली देवी ने अपने मनमानी ढंग से आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण चयनित स्थल पर ना कर वहां से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर अवैध निर्माण करवा रही है। इसका विरोध गांव के लोगों ने किया। ज्ञानी सिंह ने बताया कि खाता संख्या 1 प्लॉट 933 पर स्थल चयनित होकर आंगनबाड़ी केंद्र बनना था। सेविका अपने मनमानी और तानाशाही रवैया अपनाते हुए दूसरे जगह दूसरे खाता प्लॉट पर भवन निर्माण के लिए नींव खुदवा दी। इसका ग्रामीणों ने घटना स्थल पर जाकर काम का विरोध किया। मौके पर ठेकेदार ने बताया कि मुझे जहां पर ग्रामीणों के द्वारा तथा चयनित स्थल मिलेगा मैं वहां पर भवन निर्माण कराऊंगा। सेविका अपने मनमानी से हमलोग और ग्रामीणों को परेशान कर रही है। महिलाओं ने कहा कि गांव में आंगनवाड़ी भवन बन जाने से हम लोगों को बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत मिलेगी। लेकिन जिस जगह पर सेविका भवन निर्माण करवाना चाह रही है, वहां पर हम लोग का बच्चा पहुंच भी नहीं पाएगा। मौके पर बनारसी सिंह,विनोद सिंह,छत्रधारी सिंह, सरस्वती देवी,विनेशरी देवी,फूल पाती देवी,उर्मिला देवी, सोहबतिया देवी, बासमती देवी, मनमाती देवी, कबूतरी देवी, सविता देवी, शीतल मानी देवी,मानती देवी, बिगनि देवी, पनवा देवी, उर्मिला देवी, शनिचरी देवी, बुधनी देवी, संगीता देवी उपस्थित थी।



## पेज एक के शेष

### डुबकी लगाने वालों...

अमेरिका (34,20,34,432), इंडोनेशिया (28,35,87,097), पाकिस्तान (25,70,47,044), नाइजीरिया (24,27,94,751), ब्राजील (22,13,59,387), बांग्लादेश (17,01,83,916), रूस (14,01,34,279) और मैक्सिको (13,17,41,347) शामिल हैं। वहीं, महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की अब तक की संख्या (50 करोड़ पार) को देखा जाए, तो केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं से अधिक है। जबकि, अमेरिका, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नाइजीरिया, ब्राजील, बांग्लादेश, रूस और मैक्सिको की जनसंख्या भी इससे कहीं पीछे है। यह दिखाता है कि महाकुंभ अब केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह सनातन धर्म के विराट स्वरूप का प्रतीक बन चुका है। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरूआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आकलन 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया था। वहीं, शुक्रवार (14 फरवरी) को यह संख्या 50 करोड़ के ऊपर पहुंच गई। अभी महाकुंभ में 12 दिन और एक महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष है। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की यह संख्या 55 से 60 करोड़ के ऊपर जा सकती है। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें, तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था। वहीं, 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। 1 फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पावन स्नान किया था।

### शादी का वादा...

इसकी जानकारी घरवालों को पिछले साल तब हुई थी, जब उन्होंने रूबी की शादी गिरिडीह जिले के एक लड़के के साथ तय की थी। सूरज ने उस वक्त लड़के के घरवालों को फोन कर बताया था कि उसका रूबी के साथ अफेयर चल रहा है। इस पर उसका रिश्ता टूट गया था। रूबी के पिता प्रेमचंद यादव ने पुलिस को बताया है कि रिश्ता टूटने के बाद गांव में पंचायत हुई थी, जिसमें सूरज ने रूबी से प्यार करने की बात कहते हुए उससे शादी करने को रजामंद हुआ था। सूरज के घरवालों ने भी इस पर सहमति दी थी और इसके बाद आगामी अप्रैल महीने में दोनों की शादी की तारीख तय की गई थी। दोनों घरों में शादी की तैयारियां भी चल रही थीं। शुक्रवार को वैलेंटाइन डे के दिन सूरज ने रूबी को फोन किया और उससे शादी करने से इनकार कर दिया। इससे आहत होकर रूबी ने अचानक घर के पास कुएं में छलांग लगा दी। घर-गांव के लोगों ने उसे जब तक कुएं से बाहर निकाला, उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर हाल-बेहाल है।

### ट्रंप ने भारत-अमेरिका...

जब अमेरिका और भारत साथ मिलकर काम करते हैं, यानी ह्यमागाह्ल प्लस मीगा, तब बन जाता है - ह्यमेगाह्ल पाटर्नर्शिप फॉर प्रॉजपेरिटी। और यही मेगा स्प्रिट हमारे लक्ष्यों को नया स्केल और स्कोप देती है। उन्होंने कहा कि आज हमने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना से भी अधिक बढ़ाकर 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हमारी टीमें एक पारस्परिक लाभकारी ट्रेड एग्रीमेंट को शीघ्र संपन्न करने पर काम करेंगी।

### एलन मस्क का...

में पोस्ट करने के उन्माद के बाद आई है, जिसने कई लोगों को परेशान कर दिया है। एक ट्रैकिंग वेबसाइट का कहना है कि मस्क ने पिछले हफ्ते औसतन 62 पोस्ट प्रतिदिन किए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मस्क की लगातार पोस्टिंग - और डोनाल्ड ट्रंप के आसपास लगभग निरंतर उपस्थिति - मेगा दुनिया में कुछ लोगों को परेशान कर सकती है, जिसमें इसके नेता भी शामिल हैं।

चुनाव के तुरंत बाद यह बताया गया कि मस्क का ट्रंप के सहयोगी के साथ ट्रंप के कैबिनेट पिक्स के लीक होने के बारे में मार-ए-लागो के अंदर ह्यबड़ा झगड़ाह्ल हुआ था। हाल ही में, द न्यूयॉर्क टाइम्स की पत्रकार और ह्यट्रंप व्हिस्पररह्ल मैगी हैबरमैन ने इस सप्ताहांत एक पॉडकास्ट पर कहा, ट्रंप लोगों से थोड़ी शिकायत करते हैं कि मस्क बहुत ज्यादा आसपास रहते हैं। ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से ऐसी कोई भावना साझा नहीं की है। इसके बजाय उन्होंने 53 वर्षीय मस्क को अपना ह्यपहला दोस्तह्ल मान लिया है - एक उपाधि और रिश्ता जो दक्षिण अफ्रीका के मूल निवासी मस्क द्वारा उनके अभियान में कम से कम 250 मिलियन डॉलर खर्च करने के बाद सुविधाजनक रूप से आया है। कथित तौर पर मस्क ने मार-ए-लागो में 2,000 डॉलर प्रति रात के किराए पर बनयान कॉटेज किराए पर लिया है, जहां से वे टेक अरबपतियों के साथ राष्ट्रपति-चुनाव के रात्रिभोज में शामिल हो रहे हैं और कार्मिक बैठकों में भी बैठे हैं। अपने नए दक्षिण फ्लोरिडा के ठिकाने से, मस्क ने यह भी दिखाया है कि वह अमेरिकी राजनीति से परे अपने अपार प्रभाव को दिखाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने देश के आकस्मिक चुनाव से पहले जर्मनी की दूर-दराज पार्टी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी का समर्थन किया और तब से अपने ट्विटर के हाथों को मौजूदा ब्रिटिश सरकार को उखाड़ फेंकने की कोशिश में लगा दिया है। अब्रामसन ने निष्कर्ष निकाला, आने वाले वर्षों में पोटस के रूप में यह आदमी अपने बढ़ते पागलपन में अमेरिका के साथ जो कुछ भी करेगा, उसकी जिम्मेदारी न केवल उसके और उसके समर्थकों या उसे सक्षम करने वालों पर होगी, बल्कि उन लोगों पर भी होगी, जिन्होंने इस तरह की सूचित चेतावनियों को नजरअंदाज किया।

## अमेरिका यात्रा पर एलन मस्क से मिले पीएम मोदी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। अमेरिका की यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वाशिंगटन के ब्लेयर हाउस में टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क से मुलाकात की। दो दिवसीय अमेरिकी यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार रात वाशिंगटन डीसी पहुंचे थे। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख एलन मस्क ने ब्लेयर हाउस में पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी और मस्क के बीच यह बैठक अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज के साथ चर्चा समाप्त होने के बाद हुई। प्रधानमंत्री के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी थे। अमेरिकी राष्ट्रपति के अतिथि गृह ब्लेयर हाउस में टेक दिग्गज एलन मस्क के साथ उनके तीन बच्चे एक्स, स्ट्राइडर और एज्योर भी थे। वाशिंगटन में भारतीय समुदाय ने पीएम मोदी के आगमन पर ब्लेयर हाउस के बाहर 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पीएम मोदी और एलन मस्क कई बार मिल चुके हैं। पीएम मोदी ने 2015 में सैन जोस में टेस्ला प्लांट का दौरा भी किया था। टेस्ला के सीईओ ने उन्हें टेस्ला प्लांट का निजी दौरा कराया था। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का एक मुख्य आकर्षण एलन मस्क के साथ उनकी मुलाकात है, जो प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अरबपति हैं और उन्हें विशेष अमेरिकी सरकारी कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया है। वह नव स्थापित सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख हैं। वह राष्ट्रपति ट्रंप के एक करीबी सहयोगी और विश्वसनीय सलाहकार के रूप में उभरे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे, जिसमें व्यापार, टैरिफ, रक्षा सहयोग और हिंद-प्रशांत में भारत की भूमिका पर चर्चा की उम्मीद है।

# ट्रंप ने कहा, भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेगा अमेरिका

## नई दिल्ली के लिए क्यों है यह बड़ी डील?

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नई दिल्ली को 'एफ-35' स्टील्थ फाइटर जेट बेचने का ऐलान किया। इस कदम से भारत अत्याधुनिक स्टील्थ विमानों वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस जेट को दुनिया के सबसे उन्नत जेट में से एक माना जाता है। इसलिए यह डील भारत के लिए एक बड़ी जीत है। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि एफ-35 आखिरकार भारत को कब मिलेगा। विदेशी हथियारों की डील को फाइनल होने में कई साल लग जाते हैं। जानते हैं कि अगर एफ-35 भारत को मिलता है तो यह नई दिल्ली की बड़ी जीत क्यों है और कैसे यह देश की हवाई मारक क्षमता को बढ़ाएगा?

सबसे पहले यह समझते हैं कि स्टील्थ विमान किसे कहा जाता है? स्टील्थ विमान को रडार, इन्फ्रारेड और अन्य प्रकार के इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन से बचने के लिए डिजाइन किया जाता है। हालांकि रडार से पूरी तरह से बचना मुश्किल है लेकिन यह विमान अन्य प्लेन के मुकाबले रडार की पकड़ में मुश्किल से आते हैं। एफ-35 ऐसा ही एक स्टील्थ प्लेन है जिसे अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने डेवलप किया है। विमान का आकार रडार एनर्जी को सोर्स से दूर करने के लिए डिजाइन किया गया है, जैसे कि एक तिरछा दर्पण। इसकी सतह को भी मिश्रित और चिकना किया गया है ताकि रडार ऊर्जा आसानी से इससे प्रवाहित हो सके - ठीक वैसे ही जैसे पानी चिकनी सतह पर बहता है। एफ-35 लड़ाकू जेट विमानों में एक एफ135 इंजन का इस्तेमाल होता है जो 40,000 पाउंड का थ्रस्ट पैदा करता है। इससे यह मैक 1.6 (1,200 मील प्रति घंटे) की हाई स्पीड तक पहुंच सकता है। एफ-35 का कॉकपिट अन्य लड़ाकू विमानों से अलग है; इसमें अन्य विमानों की तरह गेज या स्क्रीन नहीं है। इसमें बड़ी टचस्क्रीन और हेलमेट-माउंटेड डिस्प्ले सिस्टम है जो पायलट को रियल टाइम जानकारी देखने और जानने के काबिल बनाता है। हेलमेट पायलट को विमान के आर-पार देखने की भी अनुमति देता है। यह एफ-35 के डिस्ट्रिब्यूटेड अपर्चर सिस्टम (डीएएस) और विमान के चारों ओर रणनीतिक रूप से लगे छह इन्फ्रारेड कैमरों की वजह से संभव होता है। एफ-35 लड़ाकू विमानों की हथियार क्षमता भी 6,000 किलोग्राम से 8,100 किलोग्राम तक है। हालांकि एक्सपर्ट कहते हैं कि एफ-35 की मारक क्षमता नहीं बल्कि उसकी कंप्यूटिंग शक्ति उसे सबसे अलग बनाती है। यही कारण है कि एफ-35 को 'आसमान में क्वार्टरबैक' या 'एक कंप्यूटर जो उड़ता है' के रूप में जाना जाता है। कीमत के मामले में भी यह विमान अन्य प्लेन पर भारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एफ-35ए के लिए प्रति यूनिट लागत लगभग 80 मिलियन डॉलर (695 करोड़ रुपये), ए-35बी के लिए 115 मिलियन डॉलर (10,005 करोड़ रुपये) और एफ-35सी के लिए 110 मिलियन डॉलर (9,622 करोड़ रुपये) है।



### एफ-35 खत्म नहीं होने वाला है क्योंकि यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है

अमेरिका ने इन विमानों को यूनाइटेड किंगडम, इजरायल, जापान, ऑस्ट्रेलिया और इटली जैसे सहयोगी देशों को बेचा है। ऐसा नहीं है कि इस विमान की आलोचना नहीं हुई। अमेरिका के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख एलन मस्क F-35 का मजाक उड़ा चुके हैं। पिछले नवंबर में, दुनिया के सबसे अमीर आदमी ने कहा, "कुछ बेवकूफ अभी भी ड्रोन के युग में एफ-35 जैसे मानवयुक्त लड़ाकू विमान बना रहे हैं"। हालांकि, तत्कालीन वायु सेना सचिव फ्रैंक केंडल ने विमान का बचाव किया।



## टैरिफ को लेकर 'टिट फॉर टैट' की पॉलिसी अपनाएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप

पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह 3 बजे व्हाइट हाउस में मुलाकात की। इस मुलाकात का एक अहम हिस्सा दोनों देशों के बीच टैरिफ को लेकर हुई बातचीत थी। दोनों देश के नेताओं के बीच करीब चार घंटे तक चली मुलाकात के बाद एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में टैरिफ, ट्रेड, सुरक्षा, आतंकवाद, परमाणु सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। ट्रंप ने पीएम मोदी को एक 'टफ नेगोशिएटर' (मोल-भाव करने वाला) बताया। ये भी कहा कि उन्होंने अपने दोस्त को बहुत मिस किया। उन्होंने कहा कि नेगोशिएशन को लेकर मेरा पीएम मोदी से कोई मुकाबला नहीं है। ट्रंप ने आगे कहा कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर ऊंचा टैरिफ लगाता है, खासकर ऑटोमोटिव एक्सपोर्ट सेक्टर को लेकर टैरिफ ऊंचा रहता है। उन्होंने कहा कि दोनों देश बातचीत के जरिए करीब 100 बिलियन डॉलर के व्यापार घाटे को कम करने को लेकर काम करेंगे। ट्रंप ने कहा "हम एक लेवल प्लेइंग फील्ड चाहते हैं और हम तेल और गैस की बिक्री से इस व्यापार घाटे को आसानी से पूरा कर सकते हैं"।

## हम भारत-अमेरिका के संबंधों को दोगुनी गति से आगे बढ़ाएंगे : पीएम मोदी

**वाशिंगटन**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में बहुत बड़ा व्यक्तिगत योगदान दिया और उनके दूसरे कार्यकाल के दौरान दोनों पक्ष अधिक तेजी से काम करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना बहुत अच्छा दोस्त कहा। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए व्हाइट हाउस लौटने के बाद दोनों नेताओं ने पहली बार स्पष्ट गर्मजोशी, मित्रता और परिचय के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने अपने घनिष्ठ संबंधों का उल्लेख किया और बताया कि वह इसका उपयोग भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए कैसे करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल और संबंधों में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा, ''मेरे लिए खुशी की बात है कि आते ही राष्ट्रपति ट्रंप ने एक मित्र की तरह मुझे पुराने अहमदाबाद के स्टेडियम की याद दिलाई।



## 'यूएस दौरा रहा सफल', वाशिंगटन से दिल्ली के लिए रवाना हुए पीएम मोदी

**वाशिंगटन**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दो दिवसीय अमेरिका यात्रा पूरी करके नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। इस दौरे के दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट के जरिए पुष्टि की है कि पीएम वाशिंगटन से दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। पीएमओ हैंडल पर एक तस्वीर के साथ लिखा गया है- पीएम मोदी यूएस का सफल दौरा कर भारत के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को फ्रांस से अमेरिका पहुंचे थे और बृहस्पतिवार को भारतीय समयानुसार शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने उनकी मेजबानी की। यह बैठक खास रही क्योंकि यह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की पहली द्विपक्षीय वार्ता थी। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण फैसले लिए।

# बड़े लक्ष्य के लिए पूरी क्षमता का इस्तेमाल करें महिलाएं : राष्ट्रपति

## कहा, हर महिला साहस जुटाए, बड़े सपने देखे और उसे हासिल करे

**नई दिल्ली (हि.स.)**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को महिलाओं से आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का आग्रह करते हुए कहा कि महिलाएं साहस जुटाकर बड़े सपने देखें और उन्हें हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत और क्षमता का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य की ओर महिलाओं को हर छोटा कदम, एक विकसित भारत की ओर एक कदम है। राष्ट्रपति ने बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की नारी शक्ति आकांक्षा, उपलब्धि और योगदान के लिए आगे बढ़ रही है। चाहे विज्ञान हो, खेल हो, राजनीति हो, कला हो या संस्कृति हो, हमारी बहनें और बेटियां आगे बढ़ रही हैं, अपना सिर ऊंचा कर रही हैं। वे अपने परिवार, संस्थानों और देश को गौरवान्वित कर रही हैं। मानसिक शक्ति के बिना बाधाओं को तोड़ना और रुढ़ियों को चुनौती देना संभव नहीं है। उन्होंने हर महिला से साहस जुटाने, बड़े सपने देखने और अपने सपनों को हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत और क्षमता का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य की ओर उनका हर छोटा कदम, एक विकसित भारत की ओर एक कदम है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम तकनीकी व्यवधान के युग में हैं। प्रौद्योगिकी में प्रगति ने हमें कुछ मायनों में बेहतर जीवन स्तर दिया है। ऐसी प्रतिस्पर्धी दुनिया में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे मानवीय मूल्य बरकरार रहें। वास्तव में प्रत्येक मनुष्य को करुणा, प्रेम और एकता के मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए सचेत रूप से अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। यहीं पर महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, महिलाओं में करुणा के माध्यम से नेतृत्व करने की विशेष क्षमता होती है। वे व्यक्ति से परे देखने और परिवारों, समुदायों और यहां तक कि वैश्विक स्तर पर रिश्तों की भलाई के लिए काम करने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस सम्मेलन में भाग लेने वाली सभी महिलाएं ऐसे आध्यात्मिक सिद्धांतों के साथ सामने आएंगी, जिन्हें लोग अपने जीवन और अपने आस-पास के लोगों के जीवन को और अधिक सुंदर और शांतिपूर्ण बनाने के लिए लागू कर सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मानवता के लिए हमारे बच्चों की शिक्षा से बड़ा कोई निवेश नहीं है। सही मार्गदर्शन और समर्थन के साथ कई बच्चे हमारे राष्ट्र की यात्रा में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं। उन्होंने जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

## न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर बैन किरीट सोमैया ने की धैर्य रखने की अपील

**एजेंसी। मुंबई**



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया है। आरबीआई का कहना है कि ये प्रतिबंध बैंक की स्थिति में सुधार होने तक लागू रहेंगे। इस पर भाजपा नेता किरीट सोमैया और संजय उपाध्याय ने लोगों से धैर्य रखने की अपील की है। किरीट सोमैया ने कहा, "न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर रिजर्व बैंक ने प्रतिबंध लगाया है।

## दक्षिण कोरिया : निर्माणाधीन होटल में लगी आग, 6 की मौत, 25 घायल

**बुसान**। दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर बुसान में शुक्रवार को एक होटल निर्माण स्थल पर आग लगने से छह श्रमिकों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। बुसान अग्निशमन मुख्यालय के अनुसार, आग लगभग सुबह 10:50 बजे (स्थानीय समय) निर्माणाधीन बनयान ट्री होटल में लगी। आग संभवतः तीन इमारतों में से एक की पहली मंजिल पर स्थित स्विमिंग पूल के पास रखे गए इंसुलेटिंग मटेरियल से लगी। अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे तक (स्थानीय समय) आग की लपटें लगभग बुझ चुकी थीं।




परीक्षा पे चर्चा का चौथा एपिसोड

## विशेषज्ञों ने बच्चों को बताया एग्जाम के दौरान क्या खाएं और किसे कहें बाय-बाय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'परीक्षा पे चर्चा' का चौथा एपिसोड शुक्रवार को सुबह 10 बजे प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध शेफ शोनाली सबरवाल, न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर और हेल्थ इंफ्लुएंसर रेवंत हिमातसिंका शामिल हुए। इन सभी विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे छात्र परीक्षा के दौरान अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखकर खुद को तनावमुक्त रख सकते हैं। कार्यक्रम में शामिल शोनाली ने कहा कि अगर आप कॉफी पी रहे हैं, तो उसकी जगह ग्रीन टी लेना शुरू कर दें। अगर आपको रिलैक्स करना है, तो बीटरूट जूस का सेवन करें। पढ़ाई के दौरान ब्रेन को क्रंच पसंद आता है। इसी कारण हम चिप्स खाते हैं। लेकिन आप घर पर शकरकंदी के चिप्स बना सकते हैं। शुगर क्रेविंग के लिए डार्क चॉकलेट खाएं, लेकिन सीमित मात्रा में। रेवंत ने छात्रों को सुझाव दिया कि अगर आप पैकिंग पर दिए गए लेबल को ध्यान से पढ़ने लगेंगे, तो आपको यह आसानी से समझ में आ जाएगा कि क्या खाना सही है, क्या नहीं। अगर आपको जंक फूड का मन कर रहा है, तो सुबह के समय ताजे हरे पत्तेदार सब्जियां खाएं। इसके अलावा लंच, ब्रेकफास्ट या डिनर के बीच में नट्स का सेवन करें और सुबह-सुबह ताजे फल खाएं। शोनाली ने बताया कि अगर तनाव के कारण कब्ज की समस्या हो रही है, तो आप केले और दही-चीनी का सेवन कर सकते हैं।



### 'परीक्षा पे चर्चा' में ऊर्जा और एकाग्रता बढ़ाने के लिए छात्रों को दिए गए पोषण टिप्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के चौथे एपिसोड को लेकर अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर जानकारी शेयर की। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में कहा कि आज के 'परीक्षा पे चर्चा' एपिसोड में रुजुता दिवेकर और शोनाली सभरवाल ने स्मरणशक्ति बढ़ाने, ऊर्जावान बने रहने और परीक्षा के दौरान एकाग्रता में सुधार के लिए पोषण टिप्स साझा किए। यह कार्यक्रम शुक्रवार सुबह 10 बजे प्रसारित किया गया।

## 7 आतंकियों ने खदान मजदूरों को ले जा रहे ट्रक को बनाया निशाना, 10 की मौत, 6 घायल

**इस्लामाबाद**। अशांत बलूचिस्तान के हरनाई इलाके में शुक्रवार को कोयला खदान श्रमिकों को ले जा रहे एक ट्रक में विस्फोट होने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। 'द डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक हरनाई के डिप्टी कमिश्नर हजरत वली काकर के अनुसार, यह विस्फोट हरनाई के शाहराग जिले में कोयला खदान क्षेत्र 'पीएमडीसी 94' में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से हुआ। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के एक बयान के अनुसार, घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## यूक्रेन के परमाणु प्लांट पर रूस का ड्रोन हमला, रेडिएशन शेल्टर को नुकसान

**कीव**। यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के क्षतिग्रस्त रिएक्टर के ऊपर स्थित रेडिएशन शेल्टर को निशाना बनाया। जेलेंस्की ने कहा कि रात में हुए हमले में प्लांट की नष्ट हो चुकी चौथी बिजली यूनिट की छत पर आग लग गई, जिसे बुझा दिया गया। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि शुक्रवार सुबह तक प्लांट में विकिरण का स्तर नहीं बढ़ा था। जेलेस्की ने एक्स पर फुटेज पोस्ट की जिसमें एक विस्फोट और कंक्रीट और स्टील से बनी विशाल शील्ड का नुकसान दिखाई दे रहा है।